आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

"आज
* वीर दुर्गादास राठौर जयंती
* लेफ्ट हैंडर डे"

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 211 | उज्जैन, गुरुवार 13 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

ग्रामीणों को डराने के लिए फायरिंग कर महिला की वेशभूषा में वारदात को देते थे अंजाम

# लाखों की चोरी में लिप्त बदमाशों को चिरोलाकलां के ग्रामीणों ने पकड़ा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां**

क्षेत्र में पिछले दो पखवाड़े से लाखों रुपए की चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों को समीप के गांव चिरोलाकलां के ग्रामीणों ने रात में पीछा कर पकड़ लिया। बदमाशों ने ग्रामीणों को डराने के लिए फायरिंग भी की, लेकिन ग्रामीणों ने हिम्मत नहीं छोड़ी और करीब दो किलोमीटर तक पीछा कर एक बदमाश को पकड़ा। उसे डायल-112 पुलिस के हवाले किया गया। अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हुए अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस और ग्रामीणों ने बुधवार को खेतों, नदी-नालों एवं आसपास के क्षेत्रों में सर्चिंग की। इस दौरान एक बदमाश खेत में छिपा मिला, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि बदमाश दिन में क्षेत्र में रेकी करते थे और रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पकड़े गए बदमाशों में से एक महिला की वेशभूषा में था। पुलिस पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों और पूर्व में हुई चोरी की वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।



### उन्हेल में किराए के मकान में रह रहे थे

पुलिस के अनुसार देर रात पकड़े गए बदमाश से पूछताछ में उन्हेल में उसके रहने के ठिकाने की जानकारी मिली। इसके आधार पर भाटपचलाना पुलिस ने दबिश देकर दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपियों से क्षेत्र में हुई चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है तथा एक अन्य साथी की तलाश जारी है। चिरोलाकलां निवासी सुरेश पटेल ने बताया कि बदमाश दिन में गांव एवं आसपास के क्षेत्रों की रेकी करते थे। ग्रामीणों के अनुसार पकड़ा गया एक बदमाश महिला की वेशभूषा में था। ग्रामीणों को आशंका है कि यह मुरैना क्षेत्र से जुड़ा गिरोह है, जो वर्तमान में उन्हेल में किराए का मकान लेकर क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। हालांकि गिरोह और पूर्व की चोरी की घटनाओं में इनकी भूमिका की पुष्टि पुलिस की पूछताछ एवं जांच के बाद ही होगी।

### चोरी रोकने ग्रामीणों ने शुरू किया रात्रि जागरण

चिईरोलाकलां में लगातार हो रही छुटपुट चोरी की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने चोरों को पकड़ने के लिए रात में जागरण शुरू किया था। मंगलवार रात बदमाशों के गांव में प्रवेश करने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने एक-दूसरे को सूचना दी और उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। ग्रामीणों को आता देख बदमाशों ने फायरिंग की और गांव से बाहर निकलने में सफल हो गए। ग्रामीणों ने उनका पीछा करते हुए उन्हेल मार्ग पर करीब दो किलोमीटर दूर उन्हें घेर लिया और डायल-112 पुलिस को सूचना दी।

### खरसौदकलां में भी लाखों की चोरी

इसी गिरोह द्वारा खरसोदकलां में भी शुक्रवार की रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देने की आशंका है। माली मोहल्ले में जितेंद्र पिता राधेश्याम माली के घर से चोर करीब 4 किलो चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपए नकद ले गए थे। वहीं चतरलाल पिता शिवनारायण के घर से 12 हजार रुपए नकद, करीब 500 ग्राम चांदी एवं सोने के कंगन चोरी किए गए थे। इसके अलावा मावा भट्टी के घर से करीब 1500 रुपए की सिल्लक और 5 किलो मावा भी चोरी किया गया था।

## देश विदेश

### कैश कांड में हाईकोर्ट जस्टिस वर्मा पर लगे आरोप साबित

**नई दिल्ली।** संसद की जांच समिति ने जस्टिस यशवंत वर्मा के ऊपर लगे तीनों आरोपों को सही पाया है। यह मामला 2025 में जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के स्टोररूम से नकदी मिलने से जुड़ा है। पैनल की रिपोर्ट बुधवार, 12 अगस्त को लोकसभा और राज्यसभा में पेश की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टोररूम में 500 रुपए के नोटों की काफी मात्रा मिली थी। लेकिन जस्टिस वर्मा नकदी के स्रोत, मालिकाना हक या वहां मौजूद होने की संतोषजनक वजह नहीं बता सके। जस्टिस वर्मा इस साल अप्रैल में हाईकोर्ट के जज पद से इस्तीफा दे चुके हैं। जांच समिति ने पाया कि जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के स्टोर रूम में 500 के नोटों के बंडल और अधजले नोट मिले थे।

### टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने 12 अगस्त को इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा 18 अगस्त को होने वाली टाटा संस की एजीएम से ठीक पहले आया है। हालांकि, वे फरवरी 2027 तक पद पर बने रहेंगे। चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल को लेकर टाटा ट्रस्ट्स के साथ सहमति नहीं बन पाई थी। नए कारोबारों में भारी निवेश, उनके प्रदर्शन और टाटा संस के भविष्य को लेकर मतभेद इस फैसले की बड़ी वजह बने। एन चंद्रशेखरन के इस्तीफे की खबर के बाद टाटा ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में गिरावट है। टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाटा कंज्यूमर के शेयर 3% तक नीचे हैं।

रिया चक्रवर्ती ने कहा

### 18 की उम्र में चेहरा सही कराया



**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने अपने करियर के शुरूआती दिनों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। कॉमेडियन तन्मय भट्ट के यूट्यूब चैनल पर बातचीत में रिया ने बताया कि 17-18 साल की उम्र में एमटीवी वीजे के तौर पर उन्हें 3 लाख रुपए सैलरी मिलती थी। रिया के मुताबिक वे खुद को बहुत अमीर मानती थीं और उन्होंने यह सारा पैसा अपने चेहरे का ब्यूटी ट्रीटमेंट कराने में खर्च कर दिया था। इसके साथ ही रिया ने बताया कि उनके करियर का पहला सेलिब्रिटी इंटरव्यू सलमान खान का था, जिनसे उस वक्त सब डरते थे। चेहरे की सर्जरी पर खर्च की सैलरी रिया ने अपनी सैलरी का जिक्र करते हुए कहा कि 17-18 साल की उम्र में 3 लाख रुपए महीना मिलना उनके लिए बहुत बड़ी बात थी। जब तन्मय ने उनसे पूछा कि उन्होंने इस पैसे का क्या किया, तो रिया ने बेबाकी से जवाब दिया कि उन्होंने यह पैसा अपने चेहरे को ठीक कराने यानी ब्यूटी ट्रीटमेंट पर खर्च किया।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली:** खुदरा महंगाई लगातार सातवें महीने बढ़ी, खाने-पीने की चीजें महंगी, जुलाई में 4.45% रही, दूसरे महीने आरबीआई के 4% के अनुमान से ज्यादा।
- **नई दिल्ली:** सेंसेक्स 188 अंक गिरकर 77966 पर बंद, निफ्टी भी 36 अंक टूटा, आईटी और एफसीजी शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही।
- **नई दिल्ली:** सोना 158 बढ़कर 1.53 लाख पर पहुंचा, 12 दिन में 10 हजार महंगा हुआ, चांदी 2.35 लाख किलो बिक रही।
- **लखनऊ:** सेक्स रैकेट चलाने वाली विदेशी महिला पकड़ी गई, पुलिस को 1 साल चकमा दिया, 50 की उम्र में जवान दिखे, इसलिए 7 बार सर्जरी कराई।
- **नई दिल्ली:** एसी और वेंटिलेशन फेल होने से केबिन का तापमान अचानक बहुत बढ़ गया, जिससे यात्रियों का दम घुटने लगा और सांस लेने में भारी दिक्कत हुई।
- **नई दिल्ली:** अमित शाह ने कहा, स्पीकर चर्चा के लिए घंटे तय करें, मैं सदन में रहूंगा, ओम बिरला को लेटर लिखा, राहुल बोले- हमें लेक्चर नहीं सुनना
- **इस्लामाबाद:** इमरान खान की मौत का दावा झूठा, पाकिस्तानी पत्रकार एक दिन बाद ही पलटा, पीटीआई बोली- मिलने दो, नहीं तो सड़कों पर उतरेंगे।
- **झारखंड:** परीक्षा विवाद, भूख हड़ताल कर रहे छात्रों की हालत स्थिर, राहुल क्रांति बोले- सीबीआई जांच तक चलेगा आंदोलन।
- **भोपाल:** एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध, तेल से बनने वाले पनीर पर लगेगा प्रतिबंध, हर महीने है 900 टन की खपत।
- **नई दिल्ली:** देश में बिजनेस परिवारों की संपत्ति 138 लाख करोड़ हुई, ये नीदरलैंड्स और सऊदी अरब जैसे देशों की इकोनॉमी से ज्यादा।

मुंबई के घाटकोपर में भूस्खलन से 7 लोगों की मौत, 7 घायल

# मलबे में दबे लोगों की कैमरों से तलाश

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

मुंबई के घाटकोपर के चिराग नगर इलाके में बुधवार सुबह लैंडस्लाइड हुआ। सुबह करीब 3:48 बजे गौसिया चाल में पहाड़ी से मिट्टी और मलबा खिसककर कई घरों पर जा गिरा।

हादसे के समय लोग सो रहे थे। अब 7 लोगों की मौत हुई। 7 लोग घायल हुए हैं। बारिश को हादसे की वजह बताया जा रहा है। डीसीपी गणेश शिंदे ने बताया कि 3-4 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। हालांकि सटीक संख्या की अभी पुष्टि नहीं हुई है। बीएमसी के अधिकारियों के मुताबिक, मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए रेस्क्यू टीम स्पेशल विक्टिम-डिटेक्शन कैमरों की मदद ले रही है। घटनास्थल तक पहुंचने का रास्ता 3 से 3.5 फीट चौड़ा है। संकरी गलियों के कारण भारी मशीनरी घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रही हैं। मलबा को पहले ब्रेकर की मदद से निकाला जा रहा है। इसके बाद बाल्टियों में भरकर हाथ से हटाया जा रहा है। इससे रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी समय लग रहा है।



### गलियों में एक बार में एक व्यक्ति का अंदर जाना संभव

अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित इलाके तक पहुंचने वाली गलियां इतनी संकरी हैं कि एक समय में मुश्किल से एक व्यक्ति ही अंदर जा सकता है और दो लोग आमने-सामने भी खड़े नहीं हो सकते। पुलिस के मुताबिक, हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के शव अस्पताल भेज दिए गए हैं। वहीं, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें 18 साल के सोहेल अंसारी के सिर में चोट आई है, जबकि 14 साल के मोहम्मद अंसारी की पीठ में चोट लगी है।

## पश्चिम बंगाल में बॉर्डर से पाकिस्तानी जासूस अरेस्ट

**एजेंसी ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने बुधवार को भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकी को गिरफ्तार किया। उसके पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस से संबंध हैं। वह जासूसी और आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार आतंकी की पहचान राना रऊफ के रूप में हुई है। भारत में वहाब आलम के नाम से रह रहा था। बांग्लादेश भागने की कोशिश में था। उसे 24 परगना जिले के बनगांव से गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार, रऊफ मूल रूप से पाकिस्तान के फैसलाबाद का रहने वाला है। वह 2012 में नेपाल के रास्ते भारत आया था। इसके बाद से पश्चिम बंगाल में रहने लगा। शुरूआती जांच में उसके वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी पाकिस्तान भेजने की बात सामने आई है।

सीजेपी चीफ दीपके बोले

## जंतर-मंतर सीजन 2 जल्द आएगा

### हमें दिल्ली में बैठक के लिए हॉल नहीं मिला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बुधवार को छात्र आंदोलन की तर्ज पर एक और प्रदर्शन जल्द शुरू करने का ऐलान किया। उन्होंने इसे जंतर-मंतर सीजन 2 बताया। एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए दीपके ने कहा, इंस्टाग्राम पर कई लोग पूछ रहे थे कि जंतर-मंतर सीजन 2 कब शुरू होगा। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि जंतर-मंतर सीजन 2 बहुत जल्द शुरू होने वाला है।

दीपके ने आरोप लगाया कि सीजेपी को दिल्ली में अपने वॉलंटियर्स की बैठक के लिए जगह नहीं मिल सकी। उनका कहना है कि कई हॉल मालिकों ने इसके पीछे ऊपर से दबाव होने की बात कही।



दीपके ने कहा, हमने आज दिल्ली में अपने वॉलंटियर्स की बैठक रखी थी। हम एक हॉल की तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई भी हमें हॉल किराए पर देने को तैयार नहीं था। सभी लोग कहते रहे कि ऊपर से दबाव है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी ने आखिरकार एक हॉल का इंतजाम कर लिया था। हालांकि, उनका आरोप है कि बैठक वाली सुबह हॉल मालिकों को धमकियां दी गईं। दीपक ने आरोप लगाया, उन्हें कहा गया कि अगर उन्होंने यहां सीजेपी की बैठक होने दी, तो उन्हें उल्टा लटका दिया जाएगा।

## दिल्ली मास्टर प्लान 2047 को हरी झंडी

एलजी ने दी मंजूरी, मेट्रो डिपो से डीडीए फ्लैट तक बैठक में लिए कई बड़े फैसले

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**


दिल्ली के भविष्य को आकार देने वाले मास्टर प्लान-2047 को उपराज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। यह महत्वपूर्ण योजना अब अंतिम अनुमोदन के लिए केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इस पर सहमति बनी। इस मास्टर प्लान का उद्देश्य दिल्ली के आगामी विकास और शहरी नियोजन को दिशा देना है। बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए, जो राजधानी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे। पुराने डीडीए आवासों के पुनर्विकास की नीति को भी मंजूरी मिली है। इससे दिल्ली के पुराने आवासीय क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। नरेला में एक मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए जमीन के उपयोग में बदलाव किया जाएगा। यह बदलाव मेट्रो कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में सहायक होगा। मास्टर प्लान-2047 दिल्ली को एक आधुनिक और टिकाऊ महानगर बनाने की परिकल्पना करता है। इसमें हरित क्षेत्रों के विकास और प्रदूषण नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## 36 साल पुराने कश्मीरी पंडित के मर्डर केस में एसआईए की छापेमारी

**एजेंसी ▸▸ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने बुधवार को 1990 के कश्मीरी पंडित पिता-पुत्र हत्याकांड में 9 जगह तलाशी ली। इनमें जम्मू, बारामूला, शोपियां, अनंतनाग शामिल हैं।

मामला कश्मीरी पंडित लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता सरवनंद कौल प्रेमी और उनके बेटे वीरेंद्र कौल के अपहरण और हत्या से जुड़ा है। दोनों अनंतनाग के कोकरनाग स्थित सोफ शाली के रहने वाले थे। कश्मीरी पंडित कवि सरवनंद कौल प्रेमी और उनके 27 साल के बेटे वीरेंद्र कौल को 29 अप्रैल 1990 की रात हथियारबंद आतंकियों ने उनके घर से किडनैप किया था। इसके कुछ दिन बाद, 1 मई 1990 को दोनों के शव एक पेड़ से लटके मिले थे।



### 8 अगस्त को सीआईके ने भी की थी तलाशी

इससे पहले काउंटर-इंटेलिजेंस कश्मीर ने 8 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, शोपियां और बारामूला जिलों में कई जगह एक साथ तलाशी ली थी। अनंतनाग के हिलर शाहाबाद इलाके में एक घर की तलाशी के दौरान डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस फारूक अहमद के नेतृत्व वाली सीआईके टीम ने दो डिजिटल डिवाइस जब्त किए थे। अधिकारियों के मुताबिक, यह जब्ती सीआईके कश्मीर थाने में दर्ज एफआईआर के सिलसिले में की गई थी।

## युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुजरात के साथ मध्यप्रदेश के संबंधों को और प्रगाढ़ करते हुए अरविंद समूह द्वारा मप्र में भी अपनी इकाई स्थापित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप पीएम मित्र पार्क में अगले वर्ष तक उत्पादन प्रारंभ करने का लक्ष्य है। इससे प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरविंद समूह द्वारा 3 स्थानों पर अपनी इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। इनमें देवास के निकट बरलाई, धार स्थित पीएम मित्र पार्क और इंदौर का बेटमा शामिल हैं।

औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से प्रदेश में युवाओं के लिये रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने यह बात गुजरात के अहमदाबाद में अरविंद लिमिटेड के वाइस चेयरमैन कुलीन लालभाई से चर्चा के बाद कही। जनसंपर्क अधिकारी बबीता मिश्रा और जूही श्रीवास्तव ने बताया कि सीएम ने कहा कि गुजरात और मध्यप्रदेश के बीच सहयोग से दोनों राज्यों के संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे। औद्योगिक निवेश से एक ओर जहां प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं दूसरी ओर उद्योगों से प्राप्त होने वाले कर राजस्व से राज्य के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे।

कोलंबिया में 7.4 तीव्रता के भूकंप से भारी तबाही

# 234 लोगों की मौत, हजारों घायल

**एजेंसी ▸▸ बोगोटा**

दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में 10 अगस्त को आए शक्तिशाली 7.4 तीव्रता के भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचा दी। पश्चिमी कोलंबिया में आए इस भूकंप से कई शहरों में इमारतें ढह गईं, सड़कें और अन्य बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त हुआ तथा बड़ी संख्या में लोग मलबे में फंस गए। राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है और मृतकों एवं घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

12 अगस्त की उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार भूकंप में कम से कम 234 लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों की संख्या भी हजारों में पहुंच गई है। एक ताजा रिपोर्ट में 2,595 से अधिक लोगों के घायल होने की जानकारी दी गई है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग अभी लापता हैं और मलबे में फंसे लोगों की तलाश जारी है।



### कई शहरों में इमारतें हुई धराशायी

भूकंप का सबसे ज्यादा असर पश्चिमी कोलंबिया के कई क्षेत्रों में देखने को मिला। काली, पेरेइरा, मनीसालेस और क्विब्दो समेत कई शहरों में मकानों और अन्य इमारतों को नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर इमारतें पूरी तरह ढह गईं, जबकि अनेक भवनों में दरारें और संरचनात्मक क्षति सामने आई है। भूकंप के तेज झटकों के कारण लोग घरों और इमारतों से निकलकर खुले स्थानों की ओर भागे। कई इलाकों में बिजली, संचार और परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित हुई। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन ने राहत और बचाव दलों को सक्रिय कर दिया है।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### शब्द और कर्म पर अडिग

शब्द और कर्म में अक्सर हेर फेर रहा है। यही कारण विश्वास के अभाव का रहा है। प्रशासन और आमजन के बीच दूरी की वजह भी कुछ ऐसी ही है। सीवरेज लाइन के मुद्दे से यह विश्वास का अभाव गहरा गया। हालांकि नीली टी शर्ट के साथ रोज शहर के मैदान मे कार्य की फुटबॉल से गोल करने वाला अधिकारी अपने शब्द और कर्म में कोई अंतर नहीं रख रहा है। रघुकूल रीत के, वाक्य पर चलते हुए शहर के चौड़ीकरण प्रभावितों की समस्याओं को बराबर निपटान में पूरा योगदान देने में उनके पास कोई देर नहीं है। इस अधिकारी ने चौड़ीकरण के कार्यों को लेकर कई बार अपने अमले को कहा है कि संबंधित क्षेत्रों के रहवासियों को आम जीवन में कोई समस्या न हो और चौड़ीकरण के काम को अंजाम भी दिया जाए। इसी पर कायम रहते हुए वे काम भी करवा रहे हैं। गेल से नीलगंगा मार्ग पर अभी काम जारी है। यहां पाइप लाइन के लिए रहवासियों के घरों के सामने एक सप्ताह पूर्व गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए थे। परेशान एक परिवार ने युवा अधिकारी को अपनी समस्या बता दी। अधिकारी ने भी तुरंत ही अमले को निशाने पर ले लिया और मात्र 24 घंटे में ही समस्या का निराकरण हो गया। ये जरूर है कि निचले अमले ने अपने बचाव में वो सब तर्क दिए जो अक्सर दिए जाते हैं लेकिन समझदार एवं योग्य नीली टी शर्ट वाले अधिकारी ने सभी तर्कों को सिरे से नकारते हुए साफ कहा कि रहवासियों को अगर किसी तरह की समस्या हो रही है तो निदान करना आपका दायित्व है। युवा अधिकारी तक जाने से पहले क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों को इस बारे में नागरिकों ने सात दिनों में 4 बार यह कहते हुए समस्या बताई की गहराई के गड्ढे घरों के ठीक सामने खुदे हुए हैं और उनका घर से निकलना भी मुश्किल हो रहा है लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। युवा अधिकारी को समस्या बताने के मात्र 24 घंटे में ही निदान हो गया। यहां तक कि लाइन डालकर मिट्टी से पूरी तरह उसे ढंक दिया गया और रहवासियों की संतुष्टि भी ली गई। खुसूर-फुसूर है कि अगर उपर के अधिकारी आमजन की समस्या निदान में रूचि लेने लगे तो निचले अधिकारी का दम नहीं है कि वे आमजन की समस्या का निदान न करें। वैसे भी सवारी मार्ग को समयावधि में पूर्ण कर इस युवा अधिकारी ने शहर की संस्था को चलाने का अपना हुनर दिखा दिया है।

## नैनो न्यूज

- गुर्जर नेता विजय किरोड़ी सिंह बैसला 13 अगस्त को उज्जैन आएंगे वे जयपुर, राजस्थान में आयोजित समाज की आवश्यक बैठक में शामिल होने के लिए उज्जैन आएंगे।
- डॉ आशीष गोमे द्वारा लिखीं गई पुस्तक प्रिंसिपल्स एंड प्रैक्टिसेज ऑफ फार्मास्युटिकल वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट का विमोचन।
- शंकर गुरु महाराज का जन्म-जयंती महोत्सव श्रद्धा-भक्ति पूर्वक श्रीराम-जानकी मंदिर सभागृह में श्रद्धा-भक्ति पर्व के रूप में मनाया गया।
- पुलिस पेंशनर संघ उज्जैन एवं संयुक्त मोर्चा पेंशनर संघ के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में शहीद राजाभाऊ महाकाल मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल के नेतृत्व में मंडल के सभी वार्डों में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।
- अमर शहीद राजाभाऊ महाकाल एवं अन्य शहीदों की स्मृति में पर्यावरण प्रेमी मंच का 501 पौधे लगाने का संकल्प, 16 अगस्त को विश्वविद्यालय में लगेंगे 101 पौधे।
- हरियाली अमावस्या पर श्री राठौर तीर्थ धाम भूमि पर हनुमान चालीसा पाठ एवं पौधारोपण, इस अवसर पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया
- शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक एसआर रंगनाथन का 134वां जन्मदिवस राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाया गया।
- जोधपुर राजवंश के प्रतिनिधि भी होंगे शामिल, 56 करोड़ से संवर रहा समाधि स्थल, पर्यटन केंद्र के रूप में मिलेगी नई पहचान।

## ट्रेंडिंग




### एमआर-5 ट्रांसफर स्टेशनः 12 साल का 1 लाख टन लिगेसी वेस्ट साफ

# कचरे का पहाड़ बना एक साल में हरियाली का उद्यान

### 500 से अधिक प्रजातियों के पौधे
### आरडीएफ-सीएंडडी वेस्ट से कमाई भी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जहां से कभी सिर्फ दुर्गंध, धुआं उठती थी और कचरे के पहाड़ दिखते थे यही नहीं आसपास के क्षेत्र की कालोनियों में रहवासियों का जीना दूभर था उसी जगह अब हरियाली लहलहा रही है। नगर निगम उज्जैन ने इसे सच कर दिखाया है। एफआर-5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर पिछले 12 सालों से जमा 1 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा कर दिया गया। खाली हुई जमीन पर अब 500 से अधिक प्रजातियों का हरित क्षेत्र विकसित किया गया है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह बड़ी मिसाल कायम की गई है। आसपास की कॉलोनी के रहवासी पहले घरों की खिड़की नहीं खोल पाते थे और अब पर्यावरणीय हवा ले रहे हैं। ये सिर्फ सफाई अभियान नहीं था। ये पर्यावरण पुर्नस्थापना का अभियान था।

**ये बदलाव हुआ**

- **बदबू-धुआं खत्मः** आसपास की हवा और स्वास्थ्य में सुधार
- **जमीन का पुनः उपयोगः** अनुपयोगी जमीन अब हरित क्षेत्र







- **कचरे से कमाई भी-** सिर्फ कचरा हटाया ही नहीं, उसे संसाधन में बदला भी गया। कचरे से उत्पादित रिफ्यूज ड्रियाव्ड फ्यूल आरडीएफ 20 हजार टन सिमेंट फैक्ट्री का उपयोगी, सी एंड डी वेस्ट 30 हजार टन सड़क निर्माण, भराव, मिट्टी 50 हजार टन मिट्टी प्राप्त हुई। इस तरह से वर्षों से अनुपयोगी समझे जाने वाले कचरे को वैज्ञानिक प्रक्रिया के माध्यम से उपयोगी संसाधनों में परिवर्तित किया गया। निगम अधिकारियों के मुताबिक इस प्रक्रिया से न केवल जमीन खाली हुई, बल्कि उपयोगी सामग्री से राजस्व भी मिला। अनुपयोगी समझा जाने वाला कचरा अब शहर के काम आ रहा है।
- **कचरा पहाड़ से निकला पर्यावरणीय पार्क-** कचरा हटने के बाद खाली जमीन के एक हिस्से को उद्यान और हरित क्षेत्र में तब्दील किया गया है। उद्यान विभाग के अपर आयुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने बताया यहां 500 से अधिक अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए पूरे क्षेत्र में फेंसिंग की गई है और नियमित देखभाल की व्यवस्था है। अभी पौधे छोटे हैं, लेकिन 1-2 साल में यह क्षेत्र पूरी तरह हरा-भरा हो जाएगा। ड्रिप इरिगेशन और खाद-पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। निगम की योजना है कि आगामी समय में इसे शहर के मिनी इकों पार्क के रूप में विकसित किया जाए।

**12 साल का कचरा, 1 साल में साफ**

एमआर-5 ट्रांसफर स्टेशन पर वर्षों से जमा लिगेसी वेस्ट के कारण आसपास के रहवासी परेशान थे। गर्मियों में धुआं, बरसात में बदबू और गंदगी आम बात थी। निगम ने करीब 1 साल पहले बायो-माइनिंग प्रक्रिया शुरू की। इसके लिए 3 आधुनिक ट्रामल मशीनें, पोकलेन और जेसीबी लगाई गईं। कचरे को मशीनों से छांटकर अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया। परिणाम यह रहा कि1 साल में पूरे 1 लाख टन कचरे का निपटारा हो गया। जिस जगह पहाड़ था, वहां अब मिट्टी और हरियाली है।

### परंपरा और धार्मिकता की स्थिति में आधुनिकता के समावेश का सुझाव

# भगवान श्री महाकाल की सवारी में 'रोबोटिक हाथी' की पेशकश

### पशु-अधिकार संगठन पेटा इंडिया ने मंदिर समिति को दान में देने का प्रस्ताव रखा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बाबा श्री महाकाल की सवारी में असली हाथी की जगह रोबोटिक हाथी के उपयोग का प्रस्ताव है। अभी यह मामला वन विभाग के माध्यम से मंदिर प्रबंध समिति के सामने आया है। हालांकि प्रस्ताव के आने के पूर्व श्रावण-भादौ मास की सवारियों का क्रम शुरू हो चुका था इसके चलते अभी इस पर मंदिर समिति गहनता से विचार नहीं कर सकी है।

पशु-अधिकार संगठन पेटा इंडिया ने ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर को एक वास्तविक आकार का यांत्रिक हाथी भेंट करने की पेशकश की है, जो धार्मिक जुलूसों में असली हाथी की जगह ले सके। संगठन का कहना है कि इससे न केवल किसी पशु को कष्ट नहीं होगा, बल्कि यह सालभर श्रद्धालुओं को भी आकर्षित कर सकता है। केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कई मंदिरों में इस तरह के हाथी अब स्वीकार किए जा चुके हैं। देशभर के 40 से अधिक मंदिरों में रोबोटिक हाथी पहले ही स्वीकार किए जा चुके हैं। पेटा अब तक ऐसे 29 हाथी दान कर चुका है। हाल के उदाहरणों में महाराष्ट्र के पंढरपुर स्थित इस्कॉन मंदिर, नवी मुंबई और कानपुर शामिल हैं। यहाँ तक कि तेलंगाना सरकार ने भी अपने आधिकारिक समारोहों के लिए एक रोबोटिक हाथी अपनाया है।



**हाथी दान का भी मिला था प्रस्ताव**

मंदिर समिति से जुड़े सूत्रों के अनुसार करीब दो दशक पूर्व भोपाल के एक श्रद्धालू ने मंदिर को हाथी दान की मंशा जताई थी। उस दौरान हाथी की खरीदी से लेकर यहां लाने तक का खर्च श्रद्धालु ने उठाने के लिए कहा था। बाद में इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका और यह मामला आया गया हो गया।

**पेटा एक नजर में-** पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) एक प्रमुख पशु अधिकार संगठन है जिसकी स्थापना 1980 में एलेक्स पाचेको और इंग्रिड न्यूकिर्क ने की थी। शुरूआत में अनुसंधान प्रयोगशालाओं में होने वाली क्रूरता को उजागर करने के लिए पहचाना जाने वाला पेटा एक वैश्विक संस्था के रूप में विकसित हुआ है जिसके नौ मिलियन से अधिक सदस्य और काफी वार्षिक व्यय हैं। यह संगठन पशुओं के शोषण के विभिन्न रूपों के खिलाफ अभियान चलाता है, जिनमें विविसेक्शन, फैक्ट्री फार्मिंग, शिकार और मनोरंजन तथा उत्पाद परीक्षण में पशुओं का उपयोग शामिल है। पेटा का मानना है कि पशुओं का उपयोग मानव लाभ के लिए नहीं किया जाना चाहिए और यह तकनीकी प्रगति द्वारा संभव बनाए गए विकल्पों को बढ़ावा देता है।

**'असली जैसा हिलाएगा कान-पूंछ, छोड़ेगा धुआं' -** संगठन की ओर से पिछले बुधवार को उज्जैन वन विभाग के अफसर को रोबोटिक हाथी का प्रस्ताव देते हुए संगठन प्रतिनिधि ने प्रेजेंटेशन दिखाया। संगठन का दावा है कि ये मशीन हूबहू असली हाथी जैसी होगी। सवारी के दौरान ये कान फड़फड़ाएगी, सूंड हिलाएगी, पूंछ पटकेगी और पानी की बौझार भी कर सकेगी। वन मंडलाधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया, पेटा ने कहा कि दक्षिण भारत के कई मंदिरों में अब रोबोटिक हाथी का इस्तेमाल हो रहा है। इससे भीड़ में होने वाले हादसों से बचा जा सकता है। उन्होंने प्रस्ताव के साथ मंदिर समिति से बात करने की इच्छा भी जताई। लेकिन सवारी का क्रम शुरू हो चुका है, इसलिए इस पर तुरंत कोई फैसला नहीं हो पाया।

**प्रति वर्ष सवारी में जरूरत-** श्रावण-भादौ की सवारियों के लिए हर साल हाथी की जरूरत होती है। दूसरी सवारी से हाथी शामिल होता है। उस पर भगवान के मनमहेश स्वरूप को विराजित किया जाता है। महावत के साथ भगवान के स्वरूप और एक पंडित प्रतिनिधि भी इस पर सवारी के दौरान चलते हैं।

**मंदिर समिति हाथी को देती है मेहनताना-** मंदिर समिति हर सवारी के बाद हाथी को मेहनताना देती है - 5 किलो घी, 1 डिब्बा तेल, 5 किलो गुड़, 10 साबुन और 5100 रुपये नकद।

## राहुल गांधी सितंबर में उज्जैन आएंगे, महाकाल मंदिर भी जाएंगे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सितंबर में उज्जैन आएंगे। प्रस्तावित दौरे के दौरान वे उज्जैन संभाग के उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे, जिनकी नियुक्ति संगठन सृजन के माध्यम से हुई है। कार्यक्रम में उज्जैन के साथ रतलाम, शाजापुर, देवास, आगर मालवा, मंदसौर और नीमच जिले के कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। राहुल गांधी के प्रस्तावित उज्जैन दौरे की खबर के बाद कांग्रेस संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला अध्यक्ष महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाने में जुटे हैं। हालांकि दोनों नेता अभी कार्यक्रम को लेकर सार्वजनिक रूप से कुछ कहने से बच रहे हैं। राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए क्षीरसागर और कार्तिक मेला ग्राउंड को संभावित स्थल के तौर पर चिन्हित किया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था उज्जयिनी रक्त संचार संस्था द्वारा हर वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 15 अगस्त को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्था की ओर से बताया गया कि शिविर का आयोजन 15 अगस्त को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक नानाखेड़ा स्थित कॉसमॉस मॉल में किया जाएगा।

संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस केवल देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का पर्व ही नहीं, बल्कि समाज और जरूरतमंद लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी है। रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इसी उद्देश्य से संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है।

शिविर में स्वस्थ एवं पात्र व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर सकेंगे। संस्था की ओर से नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है। रक्तदान को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी यह शिविर महत्वपूर्ण पहल है। उज्जयिनी रक्त संचार संस्था के रूपेश बिडवान एवं सुनील गुप्ता ने शहरवासियों से अपील की है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी के साथ मानव सेवा का संकल्प लेते हुए रक्तदान करें और इस राष्ट्रीय पर्व को किसी के जीवन में नई उम्मीद देने के साथ यादगार बनाएं।

## विद्यार्थियों को दिलाई राष्ट्र सेवा की शपथ



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज में आयोजित शपथ विधि समारोह में राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति, सामर्थ्य और ऊर्जा हैं। विद्यार्थी देश की आन-बान-शान के प्रतीक तथा ज्ञान, विज्ञान, धर्म और संस्कृति के रक्षक हैं। समारोह की अध्यक्षता सुनील खत्री ने की। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र की परमाणु शक्ति हैं, जो अंतरिक्ष से लेकर समुद्र की गहराइयों तक अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अनुशासन, संयम, विवेक और राष्ट्र पराक्रम की शपथ शैलेंद्र व्यास ने दिलाई।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## गिरे पेड़ को फिर खड़ा कर बचाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गिरे हुए पेड़ को उठाकर दोबारा खड़ा करने और उसे फिर से जीवित करने का प्रयास पर्यावरण प्रेमियों ने किया। पर्यावरण प्रेमी परिवार सामाजिक सेवा संस्थान एवं वसुंधरा हरियाली महोत्सव समिति उज्जैन के सदस्यों ने पेड़ को संभालकर खड़ा किया और उसे दोबारा पनपने लायक बनाने का प्रयास किया।



समिति के सदस्यों ने कहा कि पेड़ गिर जाने का मतलब उसका जीवन समाप्त होना नहीं है। प्रयास और देखभाल से उसे फिर खड़ा किया जा सकता है। इस पहल के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ बचाने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती और वन है तो कल है।

## घायल स्ट्रीट डॉग को मिला जीवन, अब तलाश सहारे की

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



संदीप जोशी के बेटे पुष्य के जन्मदिन पर गली में एक घायल स्ट्रीट डॉग का बच्चा मिला। दूसरे कुत्तों के हमले और वाहन की चपेट में आने से उसकी हालत बेहद गंभीर थी। संदीप जोशी और उनके बेटे ने तत्काल उसे महाकाल वेटरिनरी क्लिनिक में डॉ. सतीश शर्मा को दिखाया। तीन दिन के उपचार के बाद उसकी हालत में काफी सुधार हुआ। परिवार ने बताया कि उसका इलाज और वैक्सीनेशन पूरा हो चुका है तथा 15 दिन की दवाइयां भी उपलब्ध हैं। निजी मजबूरी के कारण परिवार अब उसे अपने पास नहीं रख पा रहा है। उन्होंने पशु प्रेमियों और संस्थाओं से उसे स्थायी रूप से अपनाने की अपील की है। इच्छुक व्यक्ति 9229578217 पर संपर्क कर सकते हैं।

# हरियाली अमावस्या पर महाकाल में रही श्रद्धालुओं की भीड़

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्रावण मास के साथ हरियाली अमावस्या के अवसर पर भी उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई। महाकाल दर्शन के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। हरियाली अमावस्या पर धार्मिक मान्यता के अनुसार स्नान, दान-पुण्य और देव दर्शन का विशेष महत्व होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे। इसके चलते श्री महाकालेश्वर मंदिर में भी दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ी।

बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश व्यवस्था को अलग-अलग किया। 250 रुपए शुल्क वाली शीघ्र दर्शन टिकट लेने वाले श्रद्धालुओं को गेट नंबर 1 और 4 से प्रवेश दिया, जबकि

### प्रवेश व्यवस्था से मिल रही राहत

सामान्य दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए नीलकंठ द्वार से प्रवेश की व्यवस्था की गई। अलग-अलग प्रवेश मार्ग होने से श्रद्धालुओं की कतारों को नियंत्रित करने में सुविधा मिली।



- **कावड़ यात्रियों को गेट 1 और 4 से निःशुल्क प्रवेश-** श्रावण मास में बड़ी संख्या में कावड़ यात्री भी महाकाल दर्शन के लिए पहुंचे। कावड़ यात्रियों के लिए भी गेट नंबर 1 और 4 से निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई। इससे कावड़ यात्रियों को सामान्य दर्शनार्थियों की भीड़ से अलग रखते हुए मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा है।
- **श्रद्धालुओं की सुविधा पर जोर-** महाकाल मंदिर में लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं से निर्धारित प्रवेश द्वार से ही मंदिर में प्रवेश करने और व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। हरियाली अमावस्या के कारण बढ़ी भीड़ को देखते हुए आने वाले समय में भी मंदिर प्रशासन के सामने सुचारु दर्शन व्यवस्था बनाए रखना बड़ी चुनौती रहेगी।

**अमावस्या, श्रावण और कावड़ यात्रियों से बढ़ा दबाव**

हरियाली अमावस्या, श्रावण मास और कावड़ यात्रियों की मौजूदगी के कारण मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ा। सुबह से ही महाकाल मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के साथ धार्मिक अनुष्ठान और दान-पुण्य के लिए भी उज्जैन पहुंच रहे हैं। भीड़ बढ़ने के बावजूद अलग-अलग श्रेणी के श्रद्धालुओं के लिए अलग प्रवेश व्यवस्था किए जाने से व्यवस्था को संभालने में मदद मिली। मंदिर प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मचारी प्रवेश मार्गों और कतारों पर निगरानी रख रहे।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार, 13 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### जागरूकता अभियान 3.0 का संचालन 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक

**इंदौर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, मध्य प्रदेश राज्य इट्स नियंत्रण समिति के निदेर्शानुसार विगत 02 वर्षों की तरह इस वर्ष भी जिले में 12 अगस्त 2026 से 12 अक्टूबर 2026 तक एचआईवी/एड्स जागरूकता हेतु सघन जागरूकता अभियान 3.0 संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य में एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि वे एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव के तरीके तथा एचआईवी जांच एवं उपचार आदि के संबंध में जागरूक हो सके तथा एचआईवी सिफलिस जांच एवं उपचार सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकें साथ ही एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को समाप्त किया जा सके इस अभियान के माध्यम से प्रमुख रूप से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तथा शहरी बस्ती क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम अभियान के दौरान संचालित कराए जाने हैं ।

### स्वरोजगार शुरू कर हितग्राही ने जताया आभार

इंदौर। इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताएं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के समक्ष रखीं। जनसुनवाई में जीतेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने पहुंचकर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा का फल भेंट कर आभार व्यक्त किया। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी दोनों किडनियां खराब हैं और वे पिछले चार वर्षों से डायलिसिस पर हैं। गत जनसुनवाई में वे रोजगार संबंधी समस्या लेकर पहुंचे थे। उनकी स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने उपचार के लिए सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें स्वरोजगार के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई।

### इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने यात्रा का किया शुभारंभ

**इंदौर।** जिले में हर घर तिरंगा अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान के तहत शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक तिरंगा यात्राओं सहित विभिन्न राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर कार्यालय से विशाल तिरंगा वाहन यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति भी मौजूद रहे। विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के सयुंक्त मोर्चा द्वारा आयोजित इस यात्रा में हरीश बोयत, रमेश यादव, संजय अटवाल, प्रवीण यादव, पवन शर्मा, श्रीमती जसवीर सलूजा तथा सुश्री सुषमा जैन सहित सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और अन्य सदस्य यात्रा में शामिल हुए।

### आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे 150 आपदा मित्र



**इंदौर।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार आपदा मित्र योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला का आज क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, रालामंडल में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में 150 आपदा मित्रों को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम श्री रोशन राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशिक्षण प्रभारी एवं डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड इंदौर डॉ. मधु राजेश तिवारी ने की। इस अवसर पर एसडीआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट इंदौर श्री सुमत जैन सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षित स्वयंसेवक मौजूद रहे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही युवा स्वयंसेवकों को प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में तैयार करना था, ताकि आपदा की स्थिति में वे प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी के रूप में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

## नैनो न्यूज

- **चार नई उड़ानों की शुरूआत-** भोपाल-रीवा, भोपाल-पटना, रीवा-कोलकाता और जबलपुर-कोलकाता के बीच आज से सीधी उड़ानें शुरू होंगी।
- **बारिश की कमी बनी चिंता-** प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बावजूद अब तक सामान्य से करीब 20 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है।
- **दतिया भाजपा में बदलाव की तैयारी-** उपचुनाव में हार के बाद भाजपा दतिया में नए जिलाध्यक्ष के नाम पर मंथन कर रही है।
- **भोपाल में संपत्तियों की जांच-** राजधानी के 21 जोन में टीमें उतरकर संपत्तियों की जांच करेंगी, कार्रवाई की तैयारी।
- **भोपाल में बच्चों का प्रदर्शन-** बस नहीं रुकने से नाराज स्कूली बच्चों ने सड़क पर प्रदर्शन किया, परिवहन व्यवस्था पर सवाल।
- **महाकाल में उमड़ा आस्था सैलाब-** एकादशी पर उज्जैन के महाकाल मंदिर में भस्म आरती के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।
- **उज्जैन में शिप्रा आरती पर विवाद-** शिप्रा आरती को लेकर तीर्थ पुरोहितों और महाकाल मंदिर समिति के बीच मतभेद सामने आए।

---

बेतरतीब झाड़ियां और पेड़ों की टहनियां बन रही मुसीबत, हादसों का बढ़ा खतरा

# नगर निगम अमले की अनदेखी वाहन चालकों पर पड़ रही भारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शहर के प्रमुख मार्गों के किनारे उगी बेतरतीब झाड़ियां और पेड़ों की सड़क की ओर बढ़ती शाखाएं अब वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही हैं। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां सड़क तक फैल गई हैं। इनमें लगे नुकीले कांटों के कारण दोपहिया वाहन चालकों के घायल होने का खतरा बना हुआ है। सड़क के मोड़ और चौराहों के समीप यह स्थिति और अधिक गंभीर है, क्योंकि यहां वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों के साथ-साथ सड़क पर फैली शाखाओं से भी बचना पड़ रहा है।



देवास रोड से नानाखेड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर कई स्थानों पर बबूल सहित अन्य पेड़ों की शाखाएं सड़क की ओर काफी दूर तक फैल गई हैं। इन शाखाओं के कारण सड़क की चौड़ाई प्रभावित हो रही है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यहां से निकलना परेशानी भरा हो गया है। यदि वाहन चालक शाखाओं से बचने के लिए अचानक दिशा बदलता है तो पीछे या सामने से आ रहे वाहन से टक्कर होने की आशंका रहती है। सड़क किनारे की झाड़ियों और कांटेदार पेड़ों की शाखाओं के कारण कई जगह पैदल चलने वालों को भी सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है। इससे यातायात पर भी असर पड़ता है। विशेष रूप से व्यस्त मार्गों पर पैदल यात्रियों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति जोखिमपूर्ण हो सकती है।

### नानाखेड़ा-ऋषिनगर मार्ग पर स्थिति गंभीर

सबसे अधिक परेशानी नानाखेड़ा से ऋषिनगर की ओर जाने वाले मार्ग के एक प्रमुख मोड़ पर दिखाई दे रही है। यहां कांटेदार बबूल की शाखाएं सड़क की ओर झुककर रास्ते के एक हिस्से को ढक रही हैं। वाहन चालक इन शाखाओं से बचने के लिए सड़क के दूसरे हिस्से की ओर जाने को मजबूर होते हैं। ऐसे में आमने-सामने या पीछे से आने वाले वाहनों से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन के समय तो वाहन चालक किसी तरह शाखाओं को देखकर बच निकलते हैं, लेकिन शाम और रात के समय यह समस्या और बढ़ जाती है। कम रोशनी में सड़क की ओर निकली कांटेदार टहनियां आसानी से दिखाई नहीं देतीं। दोपहिया वाहन चालकों के चेहरे, हाथ या शरीर के अन्य हिस्सों पर कांटे लगने से चोट लग सकती है।

### पुष्पा मिशन अस्पताल के पास भी परेशानी

इसी तरह पुष्पा मिशन अस्पताल से ऋषिनगर की ओर जाने वाले मार्ग के मोड़ पर भी सड़क किनारे खड़ा कांटेदार बबूल परेशानी का कारण बना हुआ है। मोड़ पर होने के कारण यहां वाहन चालकों को पहले ही सावधानी से वाहन निकालना पड़ता है। ऊपर से सड़क की ओर फैली शाखाएं रास्ते को और संकरा कर रही हैं। इस कारण छोटे-बड़े वाहनों को एक-दूसरे से बचाकर निकलने में परेशानी होती है। शहर में पेड़ों और झाड़ियों की नियमित छंटाई की जिम्मेदारी नगर निगम की है। मुख्य मार्गों पर लगातार आवाजाही होने के बावजूद यदि सड़क किनारे फैली शाखाओं की समय रहते छंटाई नहीं की जाती है तो स्थिति गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। नागरिकों का कहना है कि नगर निगम के पास पर्याप्त अमला होने के बावजूद मुख्य मार्गों की ऐसी समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### अंदरूनी मार्गों की स्थिति पर भी सवाल

जब शहर के प्रमुख और व्यस्त मार्गों पर ही पेड़ों की शाखाओं की नियमित छंटाई नहीं हो पा रही है तो अंदरूनी मार्गों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। कई कॉलोनियों और गलियों में भी पेड़ों की शाखाएं रास्तों पर झुक गई हैं। बारिश के मौसम में झाड़ियों और पेड़-पौधों की वृद्धि तेजी से होने के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है। नागरिकों ने नगर निगम से मांग की है कि शहर के प्रमुख मार्गों, मोड़ों, चौराहों और अस्पतालों के आसपास सड़क की ओर फैली पेड़ों की शाखाओं और कांटेदार झाड़ियों का सर्वे कराया जाए। इसके बाद प्राथमिकता के आधार पर छंटाई कराई जाए, ताकि वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को राहत मिल सके।

---

मां बगलामुखी मंदिर दान विवाद: जांच के बाद समिति भंग

# अब सरकारी खाते में जमा होगा मंदिर का खजाना

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा**

आगर मालवा के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में दान संग्रह को लेकर विवादों में रही अशासकीय समिति की जांच पूरी होने के बाद प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में समिति के कार्यों में किसी प्रकार की आर्थिक अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी नहीं पाई है। हालांकि समिति का संचालन नियमों के अनुरूप नहीं होने के कारण उसे अब मंदिर परिसर में सक्रिय रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

कलेक्टर प्रीति यादव ने बताया कि जांच दल ने समिति के बैंक खातों, लॉकर और अभिलेखों की जांच के साथ समिति सदस्यों से भी चर्चा की। रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितता सामने नहीं आई, लेकिन मंदिर परिसर में इस प्रकार की अशासकीय समिति का संचालन नियम विरुद्ध पाया गया। इसलिए समिति के पास जमा समस्त नकद राशि, 29 किलोग्राम चांदी और 105 ग्राम सोना मंदिर की शासकीय प्रबंध समिति को सौंपा जाएगा। यह राशि और आभूषण शासकीय खाते एवं लॉकर में सुरक्षित रखे जाएंगे।

कलेक्टर प्रीति यादव ने कहा कि जिले में पदस्थापना के दौरान उन्हें मां बगलामुखी की सेवा का अवसर मिला है। प्रयास है कि मंदिर का विकास हो और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर एवं पारदर्शी व्यवस्था मिले।

### दान व्यवस्था होगी पूरी तरह पारदर्शी

जांच रिपोर्ट के बाद प्रशासन ने मंदिर में दान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने का निर्णय लिया है। मंदिर में आने वाले प्रत्येक दान की निगरानी की जाएगी तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि श्रद्धालुओं द्वारा दिया गया दान केवल मंदिर विकास और मां की सेवा में ही उपयोग हो। मंदिर प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में मंदिर के नाम पर किसी भी प्रकार की समानांतर व्यवस्था संचालित न होने पाए।

### श्रद्धालुओं को किया जाएगा जागरूक

प्रशासन श्रद्धालुओं को भी जागरूक करेगा ताकि उनका दान गलत हाथों में न पहुंचे। मंदिर परिसर में प्रचार-प्रसार के माध्यम से बताया जाएगा कि दान केवल अधिकृत दान पात्र या मंदिर समिति कार्यालय में रसीद प्राप्त कर ही करें। मंदिर कर्मचारियों को भी सक्रिय भूमिका दी जाएगी, जो दान देने वाले श्रद्धालुओं को तत्काल रसीद उपलब्ध कराने और व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

**2024 में बनी थी समिति-** जांच में सामने आया कि वर्ष 2024 में गठित इस अशासकीय समिति द्वारा मंदिर परिसर में रसीद काउंटर लगाकर नकद राशि, सोना और चांदी का संग्रह किया जा रहा था। समिति की रसीदों पर पंजीयन क्रमांक, बैंक खाते का विवरण और मोबाइल नंबर भी अंकित थे।

---

सीएम बोले- पदोन्नति में बाधा नहीं बनेगी सीपीसीटी

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के प्रमोशन का रास्ता साफ

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश के 15 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में बाधा बनी सीपीसीटी की डिग्री अब जरूरी नहीं होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नति में सीपीसीटी परीक्षा बाधक नहीं बनेगी।

उन्होंने निर्देश दिए है कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नति में सीपीसीटी परीक्षा को उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता पर जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए। यह सुनिश्चित करें कि सभी तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिले। सीपीसीटी परीक्षा के कारण कोई भी तृतीय-चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी पदोन्नति से वंचित या रिवर्ट नहीं हो। सीपीसीटी परीक्षा की डिग्री की अनिवार्यता लागू करने का फैसला सामान्य प्रशासन विभाग ने लेते हुए 22 जुलाई को कहा था कि जिसके पास यह डिग्री नहीं होगी, वह पदोन्नति के लिए पात्र नहीं होगा। इसके बाद जीएडी ने जुलाई में की गई अपनी ही पदोन्नति की कार्यवाही को रद्द कर प्रमोट किए गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को रिवर्ट कर दिया था।

---

# भारत माता माँ तुझे सलाम : देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजन 15 अगस्त को इंदौर में

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

सर सेठ हुकुमचंद की धर्म नगरी इंदौर श्रमंण संस्कृति के महाश्रमण श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं संसघ के सानिध्य में दलाल बाग में होगा विशेष कार्यक्रम । धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 15अगस शनिवार को भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा, ध्वज वंदन एवं मां तुझे सलाम नामक देशभक्ति से ओतप्रोत अनेक प्रस्तुतिया और गुरुदेव का भारत के नाम ओजस्वी मंगल देशना यह आयोजन सुधा सागर धर्म प्रभावना समिति, सकल दिगंबर जैन समाज इंदौर द्वारा किया जा रहा है।

इस आयोजन को परम पूज्य निर्यापक मुनि पुंगव, तपस्वी सम्राट, अंनत ज्ञान के सागर, जिनशासन गौरव, युगप्रेरक, ओजस्वी वाणी के धनी पूज्य श्री 108 सुधा सागर जी महाराज का मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त है। आयोजकों ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर बच्चों और युवाओं को धर्म, संस्कार और देशभक्ति से जोड़ना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम स्थल दलाल बाग, छत्रपति नगर, इंदौर में आयोजित होगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की समय सुबह 7:15 बजे- तिरंगा यात्रा। बच्चों एवं महिला मंडल द्वारा जय घोष बैंड के साथ तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर से दलालबाग पंडाल तक जुलूस निकाला जाएगा। तत्त पश्चात 7:45 बजे* - राष्ट्रीय ध्वज वंदन के बाद सुबह 8:00 बजे देश भक्ति से ओत-प्रोत- भक्ति एवं नृत्य द्वारा मंगलाचरण पश्चात सुबह 8:15 बजे श्रमंण संस्कृति के महाश्रमण- गुरुदेव पूज्य श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ओजस्वी मंगल देशना प्रवचन।

### मंगलाचरण की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी

कार्यक्रम में समाज प्रतिभाओं द्वारा नृत्य के माध्यम से मंगलाचरण की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन में देशभक्ति और धर्म का संगम देखने को मिलेगा । धर्म प्रभावना समिति एवं आयोजकों ने समाज जन से अपील की है ₹आइए... अपने बच्चों को इस धर्म की गंगा में अमृतमयी वाणी सुनने का अवसर दें और उन्हें गुरुदेव के दिव्य आशीर्वाद से जोड़ें - जो उनके जीवन को शिक्षा, संस्कार और सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाएगा। गुरुदेव का मंगल आशीर्वाद जो जीवन में एक अमूल्य ऊर्जा प्रदान करेगा।₹इस आयोजन में पुरुष वर्ग के लिए सफेद ड्रेस और महिला वर्ग के लिए केसरिया साड़ी या हरी साड़ी निर्धारित की गई है।आयोजन समिति की संरक्षिका आशा रानी पांध्या संचालन नीता राकेश जैन मुख्य संयोजकगण सपना मनीष गोधा, शिवानी नवीन गोधा, दीपिका आकाश जैन ₹कोयलाः₹, अंतिका आनंद गोधा, रानी अशोक दोषी, हर्ष दुलिचंद जैन, सोमम गिरीश जैन ₹मिन्नीः₹, लीना अक्षय कारलीवाल जैन, शैली सौरभ बड़जात्या, शिल्पी राहुल जैन स्पोर्ट्स, अनिता राजेश सामरिया मुक्ता राजेश जैन दद्दू आदि शामिल हैं।

---

### राष्ट्रीय अवॉर्डी शरीफ खान की कलाकृति से मुख्यमंत्री हुए प्रभावित

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह के अवसर पर मिंटो हॉल भोपाल में आयोजित शिल्पियों के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इंदौर के राष्ट्रीय अवॉर्डी शिल्पकार श्री शरीफ खान द्वारा निर्मित लेदर से तैयार राष्ट्रीय पशु बाघ की आकर्षक मूर्ति उपहार स्वरूप भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलाकृति की सराहना करते हुए श्री शरीफ खान के हुनर की प्रशंसा की तथा उन्हें अपनी कला के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्रामोद्योग इंदौर के सहायक संचालक श्री राकेश भयडिया ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित शिल्पकार श्री शरीफ खान को मुख्यमंत्री द्वारा मिली सराहना इंदौर के लिए गौरव एवं सम्मान का विषय है।

---

# पौने दो लाख विद्यार्थियों के बोर्ड परीक्षा फार्म अटकेंगे

### अपार आईडी बनाने की अनिवार्यता बन रही बाधक

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

प्रदेश के पौने दो लाख विद्यार्थियों की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा आवेदन में भारत सरकार की अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी व्यवस्था बाधक बन सकती है। इसे देखते हुए चालू शिक्षा सत्र से इस आईडी की अनिवार्यता खत्म करने की मांग स्कूल शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा मंडल से की है।

दरअसल कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अढअअफ क्ऊबनाने के लिए तय समय सीमा में यह आईडी नहीं बन पा रही है। इसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने माध्यमिक शिक्षा मंडल को इसकी समय सीमा बढ़ाने के लिए कहा है।

लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं के नामांकन तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा आवेदन प्रक्रिया में अपार आईडी को वैकल्पिक आईडी के रूप में स्वीकार करने और आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2026 तक बढ़ाने को भी कहा है। लोक शिक्षण संचालनालय समग्र शिक्षा (सेकेंडरी एजुकेशन) की ओर से सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल को लिखे पत्र में कहा गया है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं के आवेदन तथा कक्षा 9वीं के नए विद्यार्थियों के नामांकन आवेदन में UDISE पोर्टल पर आधारित APAAR ID को अनिवार्य जानकारी के रूप में मांगा गया है।

---

नगर निगम ने संचालन के लिए शासन को संसाधन और स्टाफ की तैनाती का प्रस्ताव भेजा

# मिनटों में बुझेगी आग, इंदौर में बन रहे 5 हाईटेक फायर स्टेशन

## देवगुराड़िया और न्याय नगर में निर्माण भी शुरू हो चुका है, जहां 2 से 3 दमकल गाड़ियां और टैंकर तैनात रहेंगे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में आगजनी की घटनाओं पर जल्द से जल्द काबू पाने के लिए नगर निगम ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। शहर की बढ़ती आबादी और भौगोलिक विस्तार को देखते हुए 5 नए स्थानों पर फायर सबस्टेशन बनाने का काम तेजी से प्रक्रिया में है। कुछ चिन्हित स्थलों पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इन नए केंद्रों को पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने राज्य शासन को संसाधनों, दमकल गाड़ियों और आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती का विस्तृत प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेजा है।

नगर निगम के अपर आयुक्त आशीष पाठक के मुताबिक अब तक इंदौर में आग लगने की स्थिति में पुराने फायर स्टेशनों और दूर स्थित सबस्टेशनों से दमकल गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में लंबा समय लग जाता था। घनी आबादी और ट्रैफिक के कारण अक्सर राहत कार्य प्रभावित होते थे। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में 5 नए सबस्टेशन बनाने के लिए भूमि चिन्हित की गई। इनमें देवगुराड़िया, न्याय नगर के पास, लसुड़िया क्षेत्र और अन्य स्थान शामिल हैं।

### शासन से स्वीकृति मिलते ही टेंडर निकलेंगे

चिन्हित स्थलों में से देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड और न्याय नगर में पानी की टंकी के पास सबस्टेशन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार नए फायर सबस्टेशनों के संचालन हेतु दमकल वाहनों, स्टाफ, प्रभारी अधिकारी और अन्य तकनीशियन कर्मियों की जरूरत होगी। शासन से स्वीकृति मिलते ही टेंडर व अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा कर नई दमकलों की खरीद की जाएगी।

### आगजनी की घटना में तुरंत राहत मिल सकेगी

प्रत्येक नए फायर सबस्टेशन पर 2 से 3 दमकल वाहन स्थायी रूप से तैनात किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आग पर तुरंत नियंत्रण पाने के लिए पर्याप्त संख्या में पानी के टैंकर भी उपलब्ध रखे जाएंगे। शासन से अनुमति मिलते ही इन सभी केंद्रों को पूरी तरह से सक्रिय कर दिया जाएगा, जिससे शहरवासियों को आगजनी की आपदा में तुरंत राहत मिल सकेगी।




### सिंहस्थ के लिए चंद्रावतीगंज में रेलवे ब्रिज बनेगा 45 करोड़ में

दो साल बाद उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ मेले के कारण काफी प्रोजेक्ट मंजूर हो रहे हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंदौर के समीप चंद्रावतीगंज में 45 करोड़ रुपये के रेलवे ओवरब्रिज के लिए मंजूरी दी है। सिंहस्थ से पहले यह ब्रिज बनकर तैयार हो जाएगा। दरअसल, चंद्रावतीगंज से ग्रीनफील्ड रोड भी बन रही है। ब्रिज के बनने से क्रॉसिंग पर ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। रेलवे विभाग द्वारा इस रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। सांसद शंकर लालवानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के संबंध में इंदौर की रेल अधोसंरचना से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को विस्तार से रखा था। इसमें यह ब्रिज प्रोजेक्ट भी शामिल था। लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा। इसके बनने से रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने के कारण होने वाले यातायात जाम से नागरिकों को राहत मिलेगी। साथ ही, सिंहस्थ के दौरान इंदौर से उज्जैन एवं अन्य क्षेत्रों की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों के आवागमन को भी सुगम बनाने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## न्यूज कालम




## सांदीपनी एकेडमी मण्डलेश्वर में हर्षोल्लास के साथ मनाया ग्रीन डे

**मंडलेश्वर।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर में ग्रीन डे का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से सहभागिता की और हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम के अंतर्गत नर्सरी कक्षा के बच्चों ने हरे रंग का महत्व बताया। एलकेजी के विद्यार्थियों ने पेड़-पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण की शिक्षा दी, जबकि यूकेजी के बच्चों ने हरी पत्तेदार सब्जियों एवं हरी साग-सब्जियों के महत्व पर प्रकाश डाला।इसी अवसर पर कक्षा १ से ५वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी निबंध स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया था। विद्यार्थियों ने अपने लेखन के माध्यम से स्वच्छता, हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता और विचारों को प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती सारिका पाटीदार ने बच्चों को हरियाली अमावस्या के महत्व से अवगत कराते हुए एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का संकल्प नहीं, बल्कि हम सभी की निरंतर जिम्मेदारी है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में तिरंगा रैली का आयोजन



**मंडलेश्वर।** आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय, मंडलेश्वर में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में रैली प्रारंभ के पूर्व महाविद्यालय संचालक बी.एम. पाटीदार और अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे देश की पहचान नहीं, बल्कि भारत की एकता, गौरव और स्वतंत्रता का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। सभी को भारत सरकार के हर घर तिंरगा अभियान की शुभकामनाएं दी। रैली के पूर्व कार्यक्रम का संचालन प्रो.शिवपाल सिंह पटेल ने करते हुए बताया कि संपूर्ण भारत में हर घर तिंरगा अभियान का प्रारंभ, भारत सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव अभियान, जिसे वर्ष 2022 से आदरणीय प्रधानमंत्री जी के आव्हान पर हुआ था। जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी के साथझसाथ भारत के सभी देशवासियों को राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रभक्ति से जोड़ना है। वरिष्ठ प्राध्यापक हरिवल्लभ शास्त्री ने सभी को विद्यार्थियों को अपनेझअपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। रैली मुख्य सड़क मार्ग तक निकाली गई। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल और प्रभारी मंत्री सारंग से विधायक मेव ने की भेंट

**मंडलेश्वर।** महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने भोपाल प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं मध्यप्रदेश सरकार के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग से सौजन्य भेंट की। इस दौरान विधायक मेव ने दोनों नेताओं को च्महिष्मति बोल बम कांवड़ यात्रा-2026 का आमंत्रण पत्र भेंट कर यात्रा में ससम्मान सहभागिता के लिए आग्रह किया।विधायक राजकुमार मेव ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग को कांवड़ यात्रा के आयोजन एवं इसकी तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि महिष्मति बोल बम कांवड़ यात्रा का यह 17वां वर्ष है। महेश्वर से ओंकारेश्वर तक निकलने वाली यह धार्मिक यात्रा प्रतिवर्ष हजारों शिवभक्तों की आस्था का केंद्र बनती है। वहीं प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग से भी यात्रा की तैयारियों और आयोजन को लेकर चर्चा हुई।इस अवसर पर महिष्मति बोल बम कांवड़ यात्रा के प्रभारी हरी अग्रवाल भी उपस्थित रहे। विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन मिलने से इस वर्ष की कांवड़ यात्रा को और अधिक भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए कार्यकताओं में नया उत्साह है। यात्रा में धर्म, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।



## निजी भूखंड स्वामियों ने नगर पालिका से पूछा—किस आदेश पर बंद किया मार्ग



**सनावद।** शहर में सर्वे नंबर 524(एस) से जुड़े रास्ते को लेकर विवाद सामने आया है। निजी भूखंड स्वामियों का कहना है कि जिस खुले स्थान से लंबे समय से लोगों का आवागमन होता था, वहां नगर पालिका परिषद द्वारा लोहे की फेंसिंग कर दी गई। इससे रास्ता बंद होने के बाद प्रभावित लोगों ने अब नगर पालिका से ही इस कार्रवाई का आधार पूछ लिया है। निलेश पटेल, प्रेमलाल मंडलोई, हरीश पटेल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को वैधानिक आपत्ति एवं अभ्यावेदन सौंपते हुए फेंसिंग हटाने और आवागमन बहाल करने की मांग की है। आवेदन में बताया गया कि सर्वे नंबर 524(एस) की भूमि निजी स्वामित्व की है और इसके विभिन्न हिस्से अलग-अलग व्यक्तियों को पंजीकृत विक्रय पत्रों के माध्यम से बेचे गए हैं। भूखंडों के बीच छोड़े गए खुले स्थान का उपयोग कॉलोनीवासियों एवं भूखंड स्वामियों द्वारा आवागमन तथा सामूहिक उपयोग के लिए किए जाने का उल्लेख भी आवेदन में किया गया है। आवेदकों का कहना है कि अब इसी स्थान पर फेंसिंग लगाए जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में नगर पालिका की कार्रवाई को लेकर उन्होंने किस आदेश और किस अधिकार के तहत फेंसिंग लगाई गई, इसका जवाब मांगा है।

# वंदे मातरम के नारों से गूंजा नेपा लिमिटेड, निकली भव्य हर घर तिरंगा यात्रा

### देशभक्ति गीतों और गजलों से हुआ कार्यक्रम का समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर





स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में "हर घर तिरंगा अभियान" के तहत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। एशिया की प्रथम और देश की ऐतिहासिक शासकीय कागज मिल में आयोजित इस यात्रा में अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिकों का राष्ट्रभक्ति का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा का शुभारंभ प्रशासनिक भवन से हुआ। इसका नेतृत्व कंपनी के सीएमडी नरेश सिंह ने किया। तिरंगा हाथों में लिए सभी ने "वंदे मातरम", "भारत माता की जय" और "जय हिंद" के नारों के साथ प्रशासनिक भवन से रेलवे स्टेशन परिसर तक मार्च किया।

रैली को संबोधित करते हुए सीएमडी नरेश सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली आजादी हमें राष्ट्र निर्माण के दायित्वों का स्मरण कराती है। उन्होंने कहा, "जिस प्रकार 'करो या मरो' का मंत्र स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा बना, उसी प्रकार नेपा लिमिटेड भी सामूहिक प्रयास और कर्मनिष्ठा के बल पर स्वर्णिम भविष्य की ओर बढ़ रही है। कंपनी आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करते हुए विदेशी मुद्रा की बचत और औद्योगिक आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।"

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने अगस्त माह की ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित "वंदे मातरम" को 1882 में आनंदमठ में स्थान मिला और 1896 में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने इसका प्रथम सार्वजनिक गायन किया। उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस और 1042 के भारत छोड़ो आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि तिरंगा उन बलिदानों और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने भारत को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाया।

सामूहिक "वंदे मातरम" गायन के बाद निकली यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गीत और गजलों की प्रस्तुतियां दी गईं।

संपदा विभाग के राजेश पाटिल, पेरोल सेक्शन के देवीदास लोखंडे, वित्त विभाग के मुकेश चौहान और नेपा मिल्स श्रमिक संघ के अध्यक्ष प्रवीण सोनी की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सौजन्य तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर निदेशक वित्त पी.जे.एम. डिक्सन, उप महाप्रबंधक सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक ज्ञानेश्वर खैरनार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक शामिल हुए।



## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर निकाली तिरंगा बाइक रैली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

शहर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में देशभक्ति और जन-जागरूकता का संदेश देने हेतु एक भव्य बाइक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सेगांव स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा स्थल से देशभक्ति के जयघोषों के साथ प्रारंभ हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के समाधि स्थल पर पहुँचकर गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ स्थल से बाइक रैली को रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर, एसडीएम बड़वानी श्री भूपेन्द्र रावत, जनपद पंचायत सीईओ श्री मोतीलाल काग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। रैली के दौरान हाथों में तिरंगा थामे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। पूरी रैली के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा माहौल देशभक्तिमय हो गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट किया।

## हरियाली अमावस्या पर चंद्रमौलिश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर

हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर देपालपुर नगर के पुराना तहसील कार्यालय परिसर स्थित प्राचीन चंद्रमौलिश्वर महादेव मंदिर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। देपालपुर सहित बेटमा, गौतमपुरा तथा आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और विधि-विधानपूर्वक भगवान चंद्रमौलिश्वर महादेव का पूजन-अर्चन कर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। हरियाली अमावस्या के महत्व को बताते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित गौरव व्यास ने कहा कि सनातन परंपरा में इस दिन किए जाने वाले धार्मिक एवं सेवा कार्यों का विशेष महत्व है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि हरियाली अमावस्या पर प्रत्येक व्यक्ति को कन्या पूजन, गौ पूजन, संत पूजन, सौभाग्य माता का पूजन तथा ब्राह्मण भोजन जैसे पांच पुण्य कार्य अवश्य करने चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन कार्यों को श्रद्धा और सेवा भाव से करने वाले व्यक्ति के जीवन में दरिद्रता का प्रभाव नहीं रहता तथा परिवार में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की वृद्धि होती है।

**बाहर की सफाई के साथ मन की सफाई भी जरूरी**

पंडित गौरव व्यास ने कहा कि हम अपने घर और आसपास की गंदगी को झाड़ू लगाकर साफ करते हैं, लेकिन अक्सर अपने मन में जमा हुए विकारों, नकारात्मक विचारों और अहंकार रूपी जालों को साफ करने पर ध्यान नहीं देते। धार्मिक अनुष्ठानों का वास्तविक उद्देश्य केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि इनके माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर भी सकारात्मक परिवर्तन लाए। उन्होंने कहा कि मन के जाले साफ करने के लिए सेवा, संस्कार, गौसेवा, संत सेवा, कन्या सम्मान और ब्राह्मण सत्कार जैसी परंपराओं को जीवंत रखना आवश्यक है। यही हमारी सनातन संस्कृति की शक्ति है और इन्हीं संस्कारों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ा जा सकता है।



## पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा फहराने की अपील की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

आजादी पर्व के पहले शहर में देशभक्ति का रंग छाने लगा है। बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाल पुलिस जवानों व अधिकारियों ने लोगों को तिरंगा के प्रति जागरूक करने और देश भक्ति की भावना जगाने का संदेश दिया। कोतवाली से रैली को एएसपी बिट्टू सहगल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में थाना प्रभारी बीएल मण्डलोई, सुदर्शन क्लोसिया, यातायात थाना प्रभारी रमेश सोलंकी आदि शामिल हुए। बाईक रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए खंडवा रोड़ शहर से करीब ५ किमी दायरे में भृमण कर वापस थाने पहुंची। थाना प्रभारी श्री मंडलोई ने बताया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर देशभक्ति की भावना को जाग्रत करना तथा नागरिकों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। बाइक तिरंगा रैली में हाथ में तिरंगा थामे पुलिसकर्मियों ने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा बाइक रैली थाना कोतवाली खरगोन परिसर से निकल कर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और नागरिकों में देश के गौरव के प्रति उत्साह का संचार किया गया। लोगों से आह्वान किया कि हमारे इस राष्ट्रीय पर्व पर इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने राष्ट्र का गौरव तिरंगा घर पर जरूर फहराएं ।

# 24 घंटों से लगातार बरस रहे बादल, जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

### नदी–नाले उफने, कई गांवों का संपर्क टूटा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



शहर सहित समूचे अंचल में पिछले 24 घंटों के दौरान लगातार हो रही कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश से अब जनजीवन प्रभावित होने लगा है। भू-चअखिलेख कार्यालय ने पिछले दो दिन में 4.7 इंच से अधिक बारिश दर्ज की है। जबकि खरगोन और गोंगावां में 8 इंच बारिश दर्ज की गई है। लगातार हो रही तेज बारिश के चलते नदी-नाले, तालाब उफान पर आ गए है।

उमरखरली रोड़ स्थित ओंढल नदी पर 24 घंटे से पुलिया जलमग्न होने के चलते आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। पुलिया पर तेज जलबहाव के चलते भसनेर, कुम्हारखेड़ा का संपर्क शहर से टूट गया है। इसके अलावा खंडवा-बड़ौदा हाईवे पर घोट्या फाटे के समीप पुलिया पर तेज बहाव के चलते रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे खरगोन-सेगांव मार्ग के दोनों और सैंकड़ों वाहनों की कतारे लग गई। बारिश का असर खेतों में भी पड़ रहा है।

मंगलवार सुबह से शुरू हुई बारिश बुधवार शाम तक बारिश का दौर जारी रहा। इस बारिश के कारण जिले से गुजरने वाली कुंदा और वेदा नदियां अपने पूरे उफान पर हैं। नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में चिंता का माहौल है। शहर सीमा से गुजर रही कुंदा नदी पर बना स्टॉप डेम सह-काजेव पर बाढ़ का पानी होने से आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई। सह-काजवे बाढ़ग्रस्त होने से बीटीआई रोड़ से सुखपुरी को जोड़ने वाले रास्ते पर बेरिकेटिंग कर दी गई है। बारिश का पानी निचले इलाकों में जमा हो गया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।सराफा बाजार, खंडवा रोड़ गावशिंदे कॉलोनी सहित बैंक कॉलोनी जैसे प्रमुख क्षेत्रों की सड़कों पर पानी भर गया है। सड़कों पर जलभराव इतना अधिक है कि अब यह पानी धीरे-धीरे घरों और दुकानों के अंदर तक घुसने लगा है। कई घरों में घुटनों तक पानी जमा होने से लोगों को अपार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने इतने कम समय में इतनी अधिक वर्षा पहले कभी नहीं देखी।

## कंप्यूटर साइंस में प्रवेश के लिये 14 अगस्त को अंतिम अवसर रहेगा

**बड़वानी।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बड़वानी में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में उपलब्ध सीमित रिक्त सीटों पर प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 14 अगस्त को प्रवेश का अंतिम अवसर रहेगा। संस्था स्तर की काउंसलिंग के अंतर्गत होने वाली इस प्रक्रिया में निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर विद्यार्थी इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। जारी प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार 12 से 14 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया संचालित रहेगी, जिसकी अंतिम तिथि 14 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित है। पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए 14 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक संस्था स्तर पर प्रवेश का अवसर उपलब्ध रहेगा। प्रवेश निर्धारित नियमों एवं मेरिट के आधार पर किया जाएगा।वर्तमान समय में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग युवाओं के लिए रोजगार एवं करियर की दृष्टि से तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट एवं डिजिटल टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में लगातार नए अवसर विकसित हो रहे हैं।

## विद्युत लाइन निर्माण हेतु अपर जिला दंडाधिकारी ने जारी किए आदेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

कलेक्टर दिव्यांक सिंह के अनुमोदन के पश्चात अपर जिला दंडाधिकारी एकता जायसवाल द्वारा मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की 132 केवी डीसीडीएस विद्युत पारेषण लाइन निर्माण को लेकर एक आदेश जारी किया गया है। भारतीय तार अधिनियम 1885 की धारा 10 सहपठित धारा 16 (1) के तहत जारी इस आदेश के अनुसार मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम पहेड़ा, झान्यानखेडी, नारायणगढ़, सोमीया, हरसोल, छांदरपुर, खेजड़ी, ईरली, मंशाखेड़ी, सरवानिया, अरनियाजटिया सहित समस्त राजस्व सीमाओं के भूमि स्वामियों और कृषकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न करें। इस निर्माण कार्य को यथाशीघ्र शुरू करके आगामी दो वर्षों के भीतर पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। प्रभावित किसानों एवं भूमि स्वामियों की फसलों का शीघ्र मूल्यांकन कर मुआवजा वितरण सुनिश्चित करने की संयुक्त जिम्मेदारी कार्यपालन यंत्री अति उच्च दाब निर्माण संभाग मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड रतलाम तथा जल संसाधन संभाग मंदसौर को सौंपी गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा निर्माण में बाधा डाली जाती है, तो उसके विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 188 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तीरों से छलनी करने वाले आरोपी को उम्रकैद

**बड़वानी।** पुरानी रंजिश के चलते तीर-कमान से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी आरोपी फैरंग्या उर्फ दादला पिता नहारसिंग निवासी ग्राम उबादगड, दीयानी बैडी फल्या, थाना पाटी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में आरोपी ने मृतक इस्मल पिता बुचा मानकर, निवासी उबादगड पर तीर-कमान से हमला किया था। गंभीर रूप से घायल इस्मल की बाद में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। अभियोजन के अनुसार 13 नवंबर 2023 को ग्राम उबादगड में आरोपी ने आरोपी ने मृतक इस्मल पर एक नहीं तीन तीर चलाए। एक तीर सीने, दूसरा हाथ की कलाई तथा तीसरा पैर की जांघ में लगा था। गभीर हालत में इस्मल को अस्पताल ले जाया गया। उसके शरीर से तीर निकालकर उपचार किया गया, लेकिन बाद में चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। शुरूआत में पुलिस ने मामला धारा 307 भादसं के तहत दर्ज किया था। उपचार के दौरान इस्मल की मृत्यु होने पर मर्ग जांच को आपराधिक प्रकरण में शामिल करते हुए मामले में धारा 302 भादसं का इजाफा किया गया।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

संख्या : W/623/5/1/NIT दिनांक: 11.08.2026

**ई-टेंडरिंग नोटिस**

मंडल कार्यालय, रतलाम कार्यालय (कार्या शाखा), पश्चिम रेलवे रतनाम की ओर से निम्ननिश्चित कार्य के लिए "खुली-निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट www.ireps.gov.in पर करते हैं। विवरण इस प्रकार है। क्र. सं.: 1. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-44. कार्य का नाम: Godhara - Nagda section - Jacketing and strengthening of Piers/abutments of existing steel grider bridges in connection with replacement of steel girders with PSC slabs at Br. No. 169,195,302,306(UP/DN). अनुमानित लागत: रु 5,05,07,240.32. बयाना राशी: रु 10,10,200/-. कार्य की समापन अवधि: 18 Months. वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 10.08.2026. निविदा खुलने की तिथि: 02.09.2026. क्र. सं.: 2. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-85. कार्य का नाम: Ratlam - Provision of Ballast less track at PF no. 2 ,3, 4 & 5 at Nagada station and PF No 1 at Dahod. अनुमानित लागत: रु 30,50,04,989.10. बयाना राशी: रु 61,00,100/-. कार्य की समापन अवधि: 18 Months. वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 11.08.2026. निविदा खुलने की तिथि: 04.09.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता तर्ते एवं अन्य शर्ते वेब-साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। AK/5/1/201

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडलं-पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। कैटलॉग सं PARKING-RTM-012, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. PARKING-RTM COR-MX-93-26-1 (Chittorgarh Meera gate Side), अनुबंध की अवधि: 3 वर्ष। ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक 27.08.2026 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। AK/4/1/200

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**फॉर्म ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के विनियम 6 के अंतर्गत)
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया विनियम, 2016)

**तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट ऋणी का नाम | तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट ऋणी के निगमन की तिथि | 10/10/2019 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके तहत कॉर्पोरेट ऋणी निगमित/पंजीकृत है | आरओसी, अहमदाबाद |
| 4. | कॉर्पोरेट ऋणी की कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित देयता पहचान संख्या | L45209GJ2019PLC110249 |
| 5. | कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | **पंजीकृत कार्यालय:** - 703, सफ़ात कॉम्प्लेक्स-I, राजपथ क्लब के सामने, बोडकदेव, अहमदाबाद - 380054, गुजरात, भारत **कॉर्पोरेट कार्यालय:** - 204 अमर मेट्रो, बालनिकेतन के पास, संघ पागनीस पगा, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत, 452007 |
| 6. | कॉर्पोरेट ऋणी के संबंध में दिवाला शुरू होने की तिथि | 10 अगस्त 2026, एनसीएलटी अहमदाबाद बेंच के सीपी (आईबी)-408 (एएचएम)/2025 के आदेशानुसार आदेश की प्रति 11 अगस्त 2026 को डाउनलोड की गई थी। |
| 7. | दिवाला समाधान प्रक्रिया के बंद होने की अनुमानित तिथि | 06 फरवरी, 2027 (दिवाला शुरू होने की तिथि से 180 दिन अर्थात 10 अगस्त 2026) |
| 8. | अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) के रूप में कार्य करने वाले दिवाला पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री अजीत ज्ञानचंद जैन, पंजीकरण संख्या. IBBI/IPA-001/IP-P00368/2017-18/10625 |
| 9. | बोर्ड के पास पंजीकृत, अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल | 204, वॉल स्ट्रीट-1, गुजरात कॉलेज के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006; **ईमेल:** ajit@vcanca.com |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | 204, वॉल स्ट्रीट-1, गुजरात कॉलेज के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006; **ईमेल:** cirp.teerth@gmail.com |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 25 अगस्त, 2026 |
| 12. | धारा 21 की उप-धारा (6ए) के खंड (बी) के तहत लेनदारों के वर्ग, यदि कोई हो, अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा निर्धारित | वर्तमान में लागू नहीं है |
| 13. | एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवाला पेशेयरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | वर्तमान में लागू नहीं है |
| 14. | (ए) प्रासंगिक फॉर्म और (बी) अधिकृत प्रतिनिधियों के विवरण उपलब्ध हैं: | a) https://ibbi.gov.in/home/downloads ii) भौतिक पता: बिंदु 10 में उल्लिखित के अनुसार ही और iii) ईमेल आईआरपी पर: cirp.teerth@gmail.com b) लागू नहीं है |

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने **10 अगस्त 2026 को तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड** की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।
**तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड** के लेनदारों को इसके द्वारा **25 अगस्त, 2026** को या उससे पहले **प्रविष्टि संख्या 10** के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर के पास **सबूत** के साथ अपने **दावे** प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।
वित्तीय लेनदार सबूत के साथ अपने दावे केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार सबूत के साथ दावे व्यक्तिगत रूप से, डाक से या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।
**प्रविष्टि संख्या 12** के सामने सूचीबद्ध वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, फॉर्म सीए में वर्ग [वर्ग निर्दिष्ट करें] के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए **प्रविष्टि संख्या 13** के सामने सूचीबद्ध तीन दिवाला पेशबरों में से अधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद का संकेत देगा।
दावे के झूठे या भ्रामक सबूत प्रस्तुत करने पर दंड लगेगा।

हस्ता./-
**अजीत ज्ञानचंद जैन**
अंतरिम समाधान पेशेवर
पंजीकरण संख्या. IBBI/IPA-001/IP-P00368/2017-18/10625

तिथि: 13 अगस्त 2026
स्थान: अहमदाबाद

## न्यूज -कॉलम

### दबिश से पहले फरार हुआ मादक पदार्थ देने वाला

**उज्जैन।** बकानिया फंटा यात्री प्रतिक्षालय से 8 अगस्त की रात घट्टिया पुलिस ने ट्रॉली बेग में मादक पदार्थ छुपाकर लाये हरियाणा के यमुना नगर में रहने वाले मोहम्मद नाजिम 50 साल और ज्योति सिंह 46 साल निवासी भीमनगर भवानी मंडी राजस्थान को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से 33 किलो से अधिक डोडाचूरा बरामद हुआ था। पुलिस ने महिला को जेल भेज मोहम्मद नाजिम को 3 दिनों की रिमांड पर लिया था। पूछताछ में उसने झालावाड के ग्राम घुघवाखेडा में रहने वाले बालूसिंह सौंधिया से डोडाचूरा लाना कबूल किया था। थाना प्रभारी करण खोवाल ने मादक पदार्थ उपलब्ध करने वाले की तलाश में एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा, प्रवेश जाटव की टीम को रवाना किया था, लेकिन पुलिस दबिश से पहले ही मादक पदार्थ देने वाला फरार हो गया। पुलिस को खाली हाथ वापस लौटकर आना पडा। बुधवार को मोहम्मद नाजिम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एसआई अलावा के अनुसार मामले में विवेचना जारी है। डोडाचूरा उपलब्ध कराने वाले को भी आरोपी बनाया जायेगा।

### चालक के खिलाफ 42 दिन बाद दर्ज हुआ प्रकरण

**उज्जैन।** देवासरोड पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने 30 जून को सडक दुर्घटना में मोहम्मद तबरेज पिता इकबाल अहमद मंसूरी 46 साल निवासी आदर्शनगर गंभीर घायल हो गया था। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 42 दिन बाद मामले में कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया। घटनाक्रम के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था, दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की मदद से कार का नम्बर ट्रेस किया गया। पुलिस अब कार जप्त कर चालक को गिरफ्तार करेगी।

### लापता बालक 16 घंटे बाद रात को वापस लौटा

**उज्जैन।** इंदिरानगर क्षेत्र में रहने वाला 15 साल का बालक मंगलवार सुबह घर से लापता हो गया था। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई और पुलिस को सूचना दी। चिमनगंज थाना पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो आगररोड पर दिखाई दिया। बालक के साथ एक व्यक्ति भी चलता दिखाई दिया, जिससे बालक के अपहरण की शंका बड गई। पुलिस ने तलाश में आगररोड पर कई कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें बालक दिखाई नहीं दिया। पुलिस तलाश में लगी थी इसी बीच रात 10 बजे के लगभग बालक वापस लौट आया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, बालक को थाने लाया गया। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बालक से पूछताछ की तो उसने बातया कि वह बस में बैठकर महिदपुर चला गया था, जहां से नागदा पहुंचा और वापस उज्जैन आ गया। अचानक लापता होने का कारण पूछने पर माता-पिता से नाराज होना बताया। बालक का कहना था कि वह कक्षा 9 वीं में पडता है। वह दुबला है, बॉडी बनाना चाहता था। जिसके लिये ताकत के प्रोडेक्ट लेना चाहता था। माता-पिता प्रोडेक्ट लेने से मना कर रहे थे। थाना प्रभारी ने बालक को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### बेकाबू हुई कार ने ऑटो-अर्टिगा को मारी टक्कर

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र में इंदौररोड पर बुधवार दोपहर को कार बेकाबू हो गई। उसने पहले ऑटो क्रमांक एमपी 13 आर 3863 को टक्कर मारी। ऑटो में सवारी बैठी थी, गनीमत रही कि किसी को चोंट नहीं आई लेकिन ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। इस बीच चालक कार की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लगा पाया और उसने आगे चल रही अर्टिगा क्रमांक एमपी 13 झेड एम 8880 को टक्कर मार दी। अर्टिगा भी क्षतिग्रस्त हो गई। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस ने आटो चालक और अर्टिगा चालक की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। चालक कार लेकर भाग निकला था।

### दिव्यांग मृतक के परिजनों का नही मिला पता

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 2 से सोमवार को जीआरपी ने दोनों पैरों से दिव्यांग व्यक्ति की लाश बरामद की थी। उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला था। जिससे उसकी पहचान हो सके। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख परिजनों की जानकारी जुटाना शुरू किया था। मृतक का फोटो सोशल मीडिया पर जारी भी किया, लेकिन बुधवार सुबह तक दिव्यांग मृतक के परिजनों का कुछ पता नहीं चल पाया। थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसका अंतिम संस्कार पुलिस की ओर से कराया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 346-3 | 567-8 |
| मेन बाजार | 290-1 | 288-8 |
| कल्याण नाइट | 248-4 | 147-3 |
| मिलन डे | 258-5 | 359-7 |
| मिलन नाइट | 157-3 | 490-3 |
| मधुर डे | 350-8 | 366-5 |
| मधुर नाइट | 389-0 | 139-3 |
| शुभांक | 6 5 | 8 |

### साइबर अपराधियों का नया तरीका, मोबाइल हैक.....

# स्क्रैप व्यवसाई के खाते में 41 हजार का ट्रांजेक्शन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

पिछले कुछ दिनों से लोगों के मोबाइल हैक होने के बाद खाते से हजारों का ट्रांजेक्शन होने के मामले सामने आ रहे है। अब स्क्रैप व्यवसाई के खाते से 41 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ है। ऐसा लगा रहा है कि साइबर अपराधियों ने फ्रॉड का नया तरीका निकाल लिया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के विष्णुपुरा में रहने वाला नरेन्द्र पिता चंदूलाल अखंड़ स्क्रैप व्यवसाई है। कुछ दिन पहले उसका मोबाइल अचानक हैक हो गया था। स्क्रीन पर कुछ दिखाई नहीं देने पर उसे लगा कि बेटरी डॉन हो गई है। मोबाइल को चार्जिंग पर लगा दिया। सौ प्रतिशत चार्ज होने पर मोबाइल ऑन किया तो मैसेज मिला कि खाते से 41 हजार ट्रांजेक्शन हुआ है। ऑनलाइन फ्रॉड होने का पता चलते ही साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की गई। जहां से मामला नीलगंगा थाना पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

पिछले डेढ माह में 18 से 20 मामले सामने आ चुके है, जिसमें सभी के द्वारा मोबाइल हैक होने के बाद खाते से हजारों की राशि का ट्रांजेक्शन होने की शिकायत दर्ज कराई है। जिससे लग रहा है कि साइबर फ्रॉड करने वालों ने नया तरीका निकाल लिया है। पूर्व में साइबर अपराधियों द्वारा लोगों के साथ बैंक अधिकारी बनकर उनके खातों की जानकारी प्राप्त कर धोखाधड़ी की जाती थी। उसके बाद डिजीटल अरेस्ट का तरीका निकाल लिया गया था। कभी इनाम का झांसा देकर तो कभी सामान बेचने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बढ़ते साइबर अपराध को लेकर जागरूकता अभियान चला तो बदमाशों ने नया तरीका अपना लिया, उनके द्वारा एपीके फाइल्स भेजी जाने लगी, जिस पर क्लिक करने पर खातों से राशि निकालने के मामले सामने आने लगे।

पुलिस ने फिर से जागरूकता अभियान चला तो अब नया तरीका मोबाइल हैक करने का सामने आने लगा है। पुलिस द्वारा अनाधिकृत तरीके से खातों से निकाली जा रही राशि की जानकारी समय से मिलने ट्रांजेक्शन को होल्ड कराकर बैंकों की मदद से वापस लौटाने का काम भी कर रही है। लेकिन देरी होने पर राशि मिल पाना नामुकिन हो रहा है। साइबर फ्रॉड करने वाले काफी शातिर है, जिनका रिकार्ड भी पुलिस को नहीं मिल पा रहा है। जांच के दौरान ऐसे लोग गिरफ्त में आते है, जो चंद रूपयों के लिये अपना खाता किराये पर दे रहे है।

### कारोबारी के साथ 5.60 लाख की धोखाधड़ी



ऑनलाइन धोखाधड़ी एक मामला पटनी बाजार में बर्तन कारोबारी महेश पिता मन्नालाल कसेरा के साथ सामने आया। उन्होने ई-कामर्स कंपनी के साथ ऑनलाइन कारोबार की शुरूआत की थी। कुछ समय तक सब ठीक चला, लेकिन बाद में कंपनी ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन बंद कर दिया। करीब 5.60 लाख से अधिक की राशि नहीं मिलने पर धोखाधड़ी का आभास होते ही साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई। खाराकुआ पुलिस ने ऑनलाइन शिकायत मिलने पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। पुलिस जांच पूरी कर पाती उससे पहले सामने आया कि कारोबारी को उनकी राशि लौटा दी गई है। राशि मिलने पर कारोबारी द्वारा पुलिस से शिकायत वापस लेने की बात कहीं जा रही है।

# उज्जैन घूमाने लाया और होटल में किया दुष्कर्म

### देवास के फोटोग्राफर की तलाश, मारपीट कर बनाया वीडियों

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

भोपाल की ब्यूटीशियन से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर देवास का फोटोग्राफर उसे घूमाने उज्जैन लेकर आया। होटल में जबरदस्ती दुष्कर्म किया और मारपीट कर वीडियो बना लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मंगलवार रात भोपाल की रहने वाली युवती ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसे देवास का रहने वाला सुनील मालवीय सिहोर मिलने आया था, 2 दिन पहले उज्जैन घूमाने के लिये लेकर आया। दिनभर धार्मिक स्थलों पर घूम और फिर दाऊदखेडी क्षेत्र की होटल लेकर गया। वह नहाने बाथरूम में गई थी, तभी सुनील ने दरवाजा तोड़ दिया और उसका वीडियो बना लिया। विरोध किया तो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मारपीट की और जबरदस्ती गलत काम किया। उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो मुंह दबा दिया और धमकियां देने



लगा। सुनील ने अपनी इंदौर की महिला मित्र को बुला लिया था। उसने भी धमकाया और मंगलवार सुबह होटल से रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचे। जहां से सुनील भाग निकला। उसकी महिला मित्र भी धमकी देकर चली गई। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश में एक टीम देवास भेजी जा रही है। बुधवार को युवती का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ कोर्ट में बयान दर्ज कराये गये है। उसके शरीर पर चोंट के निशान पाये गये है। युवती ने पुलिस को बताया कि 2 माह पहले इंस्टाग्राम पर सुनील से दोस्ती हुई थी। कुछ दिनों तक बातचीत होती रही। मामला दोस्ती तक था, वह सिहोर मिलने आया और उज्जैन घूमने की बात कहकर साथ ले आया था।

#### जीआरपी से महाकाल और फिर नीलगंगा

युवती को आरोपी सुनील की महिला मित्र रेलवे स्टेशन तक लेकर पहुंची थी। जहां से वह भाग निकली। युवती शिकायत लेकर जीआरपी थाने पहुंची, जहां से उसे महाकाल थाने भेजा गया। मामला दाऊदखेड़ी की होटल का होने पर महाकाल थाना पुलिस ने घटनास्थल नीलगंगा थाने का होने पर युवती को वहां शिकायत दर्ज कराने के लिये कहा। रात में युवती नीलगंगा थाने पहुंची थी। पुलिस आरोपी सुनील की महिला मित्र को भी आरोपी बना सकती है।

### सर्पदंश से महिला की मौत, दूसरी की हालत गंभीर

**उज्जैन।** बारिश के मौसम में सर्पदंश के मामले लगातार सामने आ रहे है। बुधवार को 2 महिलाओं के साथ घटना हुई। एक की अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई। दूसरी की हालत गंभीर है, निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। दोनों मामले ग्रामीण क्षेत्र के सामने आये है। भैरवगढ़ थाना प्रधान आरक्षक राकेश रावत ने बताया कि दोपहर में सांप काटने से बसंताबाई पति पूरालाल राठौर 48 साल निवासी बारेखेड़ा बलड़ा की मौत होने की सूचना चरक अस्पताल से मिली थी। मर्ग कायम किया गया और अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि घर के बाहर काम कर रही थी उसी दौरान सांप ने काटा था। दूसरा मामला ग्राम खारवाकलां की रहने वाली प्रेमबाई पति बलवंतसिंह का सामने आया। परिजन उसे उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, प्रेमबाई की हालत गंभीर बनी हुई थी। निजी अस्पताल स्टॉफ द्वारा नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अस्पताल पहुंची लेकिन महिला आईसीयू में थी, परिजनों ने बताया कि घटना तड़के 4 बजे के लगभग की है। प्रेमबाई सोई थी, उसी दौरान सांप ने उन्हे पहले पैर में, उसके बाद पेट पर और फिर हाथ में डंसा। डॉक्टरों हालत नाजुक होना बताई है। बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। सबसे अधिक मामले ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे है। खेतों और जंगलों में जलभराव होने पर सांप बिलों से निकलकर रहवासी इलाकों में पहुंच रहे है।

### पुत्री घर लौटी तो फंदे पर लटके मिले पिता

**उज्जैन।** बाजार गई पुत्री दोपहर में घर लौटी तो पिता फंदे पर लटके मिले। आसपास के लोगों को बुलाया गया, सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव नीचे उतारा गया और अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम कराया गया। चिमनगंज थाना एएसआई सूर्यप्रताप ने बताया कि दोपहर में सूचना मिली थी कि राजीवनगर में भगवान उर्फ कमल पिता मोहनसिंह ठाकुर 48 साल ने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से फांसी लगाई है। घटनास्थल पहुंचने पर सामने आया कि भगवानसिंह मिस्त्री का काम करता था। उसकी पत्नी 8 साल पहले छोड़कर चली गई थी। भगवान अपनी 2 पुत्रियों और एक पुत्र के साथ रहता था। वह मूलरूप से बापूनगर का निवासी था लेकिन राजीवनगर में किराये से मकान लेकर रहता था। घटनास्थल से शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया, जहां परिजनों ने बताया कि आर्थिक रूप से परेशान चल रहा था, उसकी बड़ी बेटी की शादी हो चुकी थी लेकिन बीमार होने पर ससुराल वालों ने मायके भेज दिया था, उसे वापस सुसराल लेकर भी नहीं जा रहे थे। पुत्री को ससुराल वालों द्वारा नहीं ले जाने का तनाव भी था। एएसआई के अनुसार मृतक का मोबाइल जांच में लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया है। बच्चों और रिश्तेदारों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### महाकाल लोक में विवाद, जयपुर के परिवार पर केस दर्ज

**उज्जैन।** महाकाल लोक में बुधवार रात श्रद्धालु परिवार और सुरक्षा कर्मियों के बीच कहासुनी की स्थिति बन गई जो मारपीट में बदल गई। मामला महाकाल थाने पहुंचा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

बताया जा रहा है कि जयपुर का परिवार धार्मिक यात्रा पर आया हुआ था। रात 8:30 बजे का महाकाल लोक में परिवार घूम रहा था उसी दौरान सप्त ऋषि प्रतिमा के समीप श्रद्धालु परिवार का सुरक्षा कर्मियों से विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि परिवार और सुरक्षा कर्मियों के बीच मारपीट हो गई। श्रद्धालु परिवार के लोगो ने सुरक्षा कर्मियों से मारपीट की वही परिवार की की महिला के साथ भी मारपीट हो गई। जयपुर का परिवार मामले की शिकायत लेकर महाकाल थाने पहुंचा। परिवार ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत पुलिस से की। इसी बीच सुरक्षा कर्मी और अन्य अधिकारी महाकाल थाने पहुंच गए। देर रात तक मामला दोनों ओर से आरोप प्रत्यारोप का चला रहा। सुरक्षा कर्मियों का कहना था कि श्रद्धालु परिवार द्वारा अभद्रता की गई जिसके चलते विवाद बढ़ गया था। मामले में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि महाकाल लोक में श्रावण महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा था। जहां जयपुर से आये परिवार के लोगों पहुंच गए थे और रास्ते में खड़े थे सुरक्षा कर्मियों ने हटाने के लिए कहा तो परिवार द्वारा सुरक्षा कर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए हाथापाई की गई। मंदिर समिति की ओर से शिकायत मिलने पर श्रद्धालु परिवार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### खाकीवर्दी के पावरमेन ने फिर जीता रजत पदक

**उज्जैन।** राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में आरक्षक ने एक बार फिर रजत पदक जीता। उज्जैन पुलिस को गौरांवित करने वाले आरक्षक को एसपी ने सम्मानित किया और बधाई दी।



छत्तीसगढ़ के रायपुर में 6 से 9 अगस्त तक राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के मास्टर-1 वर्ग में अपना दम दिखाने के लिये उज्जैन पुलिस की ओर से आरक्षक सौदानसिंह चौहान पहुंचे थे। जहां आरक्षक ने एक बार फिर से बेंच प्रेस स्पार्धा में रजक पदक जीतकर उज्जैन के साथ मध्यप्रदेश पुलिस का नाम गौरांवित किया। प्रतियोगिता से लौटने पर एसपी प्रदीप शर्मा ने आरक्षक को रजत पदक पहनाकर सम्मानित किया और बधाई दी। ड्युटी के साथ आरक्षक सौदानसिंह पावरलिफ्टिंग में लगातार शानदार प्रदर्शन करता आ रहा है। इससे पहले मध्यप्रदेश स्तर पर 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक, राष्ट्रीय स्तर पर 2 स्वर्ण 2 रजत पदक के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुका है। एसपी शर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग में आरक्षक द्वारा अपनी ड्युटी को निभाते हुये खेल के क्षेत्र में भी उज्जैन पुलिस का नाम रोशन किया जा रहा है। आगामी प्रतियोगिताओं में भी पुलिस विभाग की ओर से उसे भेजा जायेगा।

### जगदीश अग्रवाल सिंहस्थ प्राधिकरण अध्यक्ष नियुक्त



**उज्जैन।** राज्य शासन ने बुधवार देर शाम एक आदेश जारी करते हुए उज्जैन के पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल को सिंहस्थ 2028 के लिए सिंहस्थ मेला प्राधिकरण उज्जैन का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति मध्य भारत सिंहस्थ मेला अधिनियम 1955 के प्रावधान अंतर्गत की गई है। उज्जैन में प्रत्येक 12 वर्ष के अंतराल पर आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व के लिए सिंहस्थ मेला प्राधिकरण का गठन किया गया है। श्री अग्रवाल इसी की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनके अध्यक्ष बनने के साथ ही अब सिंहस्थ की समितियों के गठन का रास्ता भी खुल गया है। जल्द ही समितियों के गठन की घोषणा और नोटिफिकेशन जारी होना संभावित हैं। श्री अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी में अहम जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। वे नगर अध्यक्ष एवं विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पद पर भी रहे हैं।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री मनोज आंजना पिता श्री प्रताप आंजना निवासी ग्राम गोयला खुर्द, त्रिवेणी विहार, उज्जैन जिला उज्जैन म.प्र. के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भवन जो कि नगर निगम सीमा में वार्ड क्रमांक 53 में होकर जिसका भवन क्रमांक बी-12/1 (कार्नर) श्रेणी ई.डब्लू.एस. स्थित त्रिवेणी विहार आवासीय योजना उज्जैन में होकर उक्त भूखण्ड उज्जैन विकास प्राधिकरण में लीज होल्ड राईटस होकर मुख्य मार्ग से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का हैं। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 54.45 वर्गमीटर होकर उक्त भवन जो कि तल, प्रथम व द्वितीय मंजिल निर्मित है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व दिशा में भवन क्रमांक बी- 12/2, पश्चिम दिशा में 35.00 मीटर सडक, उत्तर दिशा में भवन कमांक बी12/34 का भाग, दक्षिण दिशा में 09.00 मीटर सड़क स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने कय करने की सौदा कर विक्रय अनुबंध तैयार किया गया है जिसमें बयाना राशि अदा कर दिया गया हैं, उज्जैन विकास प्राधिकरण से विक्रय सहमति पत्र प्राप्त कर शेष राशि अदा कर मूल भवन स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन / पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भवन बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचराधीन हो अथवा इस विकय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधंनकारक होगी। यह सूचित हो। दिनांकि-12-08-2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड. ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय डी.एफ 12 प्रथममंजिल भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र**
**देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो 9074220501**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड़ / भवन क्रमांक 158 का दक्षिण दिशा का भाग, शिवसिटी कॉलोनी ग्राम हामूखेड़ी, उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 47.27 वर्गमीटर हैं। जिसके पूर्व में -सड़क कॉलोनी की, पश्चिम में -भूखण्ड़ क्रमांक 127 का भाग, उत्तर में-शेष भाग भूखण्ड़ क्रमांक 158 का व दक्षिण में-भूखण्ड़ क्रमांक 159 स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड़ परं भवन आर.सी.सी. की छत का निर्मित हैं, उपरोक्त वर्णित भूखण्ड/भवन फ्रीहोल्ड राईट्स का है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड/भवन को मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी हरजीत सिंह राठौर पिता श्री विरेन्द्र सिंह राठौर, निवासी-544, सेठीनगर, उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर टोकन राशि भू-स्वामी को अदा कर दी है, जल्द ही बयाना राशि/शेष सौदा राशि अदा कर अनुबंध-पत्र/विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक-12/08/2026

**दीपिका सावरकर एडवोकेट**
**कार्यालय- दुकान संख्या-ए-17भरतपुरी कॉम्प्लेक्स,**
**उज्जैन ( मध्य प्रदेश ) मो. 98272-99159**



### कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना मे स्थित भवन क्रमांक बी-20/2 श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस. श्री राजेश कुमार यादव पिता श्री गणेशचंद एवं श्रीमती रजनी यादव पति श्री राजेश यादव, निवासी-150, प्रकाश नगर, सांवेर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) को दिनांक 09.04.2015 को भाड़ाक्रय योजनान्तर्गत 14 वर्षों की मासिक किश्तों पर लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु आवंटित किया गया हैं। उक्त सम्पत्ति की लीजड़ीड़ दिनांक 20.02.2019 एवं विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) दिनांक 01.05.2019 को सम्पादित की गई हैं। आवंटी श्री राजेश कुमार यादव पिता श्री गणेशचंद एवं श्रीमती रजनी यादव पति श्री राजेश यादव, निवासी-150, प्रकाश नगर, सांवेर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत् कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्रीमती नगीना हिरवे पति श्री चन्दूलाल हिरवे एवं श्री लवकुमार हिरवे पिता श्री चन्दूलाल हिरवे, निवासी-डी-189, अलकापुरी, उद्यनमार्ग, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं। अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक/ वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन/गिरीवी/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राधिकरण द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

# भीतरी दुनिया को पहचानें



www.awantika.com

बाबा, भीतर की शांति का रास्ता कैसे तलाशें? यह सवाल अक्सर शिष्य पूछते थे। धीरे-धीरे उन्होंने एक और सवाल पूछना शुरू किया- जिस शक्ति को मैं बाहर खोज रहा हूं, क्या उसका कोई अंश मेरे भीतर भी है? यहीं से मनुष्य की यात्रा बाहर से भीतर की ओर मुड़ती है।

वेदों और उपनिषदों की चिंतन परंपरा इसी भीतर की यात्रा को महत्व देती है। वह कहती है, संसार की हर वस्तु बदल रही है। आज जो सुंदर है, कल उसका रूप बदल जाएगा। आज जो सुख दे रहा है, वह हमेशा सुख नहीं देगा। धन, पद, प्रतिष्ठा, शरीर, संबंध और परिस्थितियां, सब परिवर्तनशील हैं। तो फिर स्थायी सुख कहां है?

इसका उत्तर संसार छोड़ देने में नहीं है। जीवन से भागना कोई समाधान नहीं। मनुष्य को भोजन चाहिए, घर चाहिए, परिवार चाहिए, धन और सम्मान भी चाहिए। इन जरूरतों को नकारा नहीं जा सकता। समस्या जरूरतों में नहीं, हमारे ऊपर उनके हावी हो जाने में है। पैसा कमाना गलत नहीं है, लेकिन पैसे को जीवन का उद्देश्य बना लेना भीतर एक ऐसी भूख पैदा कर देता है, जिसे कोई संपत्ति शांत नहीं कर सकती। पद पाना गलत नहीं, लेकिन पद जाने पर स्वयं को समाप्त मान लेना खतरनाक है। प्रसिद्धि अच्छी लग सकती है, लेकिन अपनी खुशी को दूसरों की प्रशंसा का मोहताज बना देना मनुष्य को भीतर से कमजोर कर देता है।

यहीं वेदों की एक सरल सीख सामने आती है- संसार में रहो, लेकिन संसार को अपने भीतर मत बसने दो। इसे ही अनासक्ति भाव कहा गया है। अनासक्ति का अर्थ जिम्मेदारियों से भागना नहीं है। इसका अर्थ है, जो काम हमारे सामने है, उसे पूरी निष्ठा से करना, लेकिन उसके परिणाम को अपनी पूरी खुशी का आधार न बना लेना।

याद रखिए, कर्म हमारे हाथ में है, हर परिणाम नहीं। आज की जिंदगी में यह बात शायद पहले से ज्यादा जरूरी है। हम लगातार तुलना कर रहे हैं, किसकी नौकरी बेहतर है, किसका घर बड़ा है, किसके पास ज्यादा पैसा है, कौन ज्यादा लोकप्रिय है? नतीजा? असंतोष बढ़ता जाता है। वेदों की दृष्टि कहती है कि बाहरी जीवन को व्यवस्थित करने के साथ भीतर के मन को समझना भी जरूरी है। इसीलिए जीवन में ज्ञान और कर्म, दोनों चाहिए। केवल भौतिक सुखों के पीछे भागते रहना हमें भीतर से खाली कर सकता है, लेकिन संसार से पूरी तरह दूर हो जाना जीवन की जिम्मेदारियों से भागना है। सही रास्ता दोनों के बीच संतुलन का है। हमें यह जानने की जरूरत है कि दुनिया को बदलने की हमारी क्षमता सीमित हो सकती है, लेकिन अपने भीतर देखने की यात्रा हमेशा हमारे हाथ में है। वेदों की यह सीख आज ज्यादा प्रासंगिक है। बाहर की दुनिया को जीतने से पहले अपने भीतर की दुनिया को पहचानिए।



**सम्पादकीय**

## नीट पर तनातनी

जब झारखंड की राजधानी रांची में प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज के लिए राज्य सरकार की चौतरफा आलोचना हो रही थी, लगभग उसी समय दक्षिणी राज्य तमिलनाडु की विधानसभा ने एक ऐसा प्रस्ताव पारित किया, जिससे नीट परीक्षा का मुद्दा फिर से बहस में आ गया है। तमिलनाडु की विजय सरकार ने देश भर के मेडिकल कॉलेजों के स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित एकीकृत परीक्षा नीट को ही खत्म करने का प्रस्ताव पारित किया है। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा को छोड़कर विधानसभा की सभी पार्टियों ने एकमत से इसे पारित किया है। यहां तक कि केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए की सहयोगी अन्नाद्रमुक ने भी इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। गौरतलब है, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने नीट पेपर लीक को ही मुद्दा बनाकर दिल्ली के जंतर मंतर पर पिछले महीने एक प्रभावशाली आंदोलन खड़ा कर दिया था, जिसके कारण अंततः धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री का पद छोड़ना पड़ा। ऐसे में, तमिलनाडु विधानसभा के इस कदम से यह साफ हो गया है कि नीट का जिन्न आसानी से बोतल में बंद नहीं होने वाला है।

तमिलनाडु की पिछली द्रमुक सरकार भी नीट के खिलाफ थी। सवाल है कि तमिलनाडु इस एकीकृत परीक्षा को लेकर इतना आलोचनात्मक क्यों है? दरअसल, तमिलनाडु सरकार का शुरू से यह मानना रहा है कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों के साथ इस परीक्षा से न्याय नहीं हो रहा, क्योंकि महंगी कोचिंग और शहरी सुविधाओं वाले बच्चों से वे प्रतिस्पर्द्धा नहीं कर सकते। इसलिए राज्य स्तर पर ही मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की परीक्षा आयोजित होनी चाहिए। उसकी एक आपत्ति भाषा को लेकर भी है। ऐसे में, दो साल के अंतराल पर दो बार नीट पेपर लीक की घटना ने तमिलनाडु को मौका दे दिया है कि वह नए सिरे से अपने सांविधानिक अधिकारों के लिए आवाज उठाए। संविधान निर्माताओं ने शिक्षा को राज्य-सूची में ही रखा था, लेकिन 42वें संविधान संशोधन के जरिये इसे समवर्ती सूची में डाला गया और तब से ही अलग-अलग मुद्दों पर केंद्र-राज्य में टकराव होते रहे हैं। कभी भाषा के नाम पर, तो कभी पाठ्यक्रम को लेकर और अब एकीकृत परीक्षा के बहाने से।

### डिजिटल जनगणना – डेटा-आधारित शासन की ओर भारत

# जनगणना से जननीति तक–भारत की नई डेटा दृष्टि

आँकड़ों की नई सुबह तब होती है, जब राष्ट्र अपनी जनता को गिनना छोड़कर उसे पढ़ना शुरू करता है। भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना का असली मर्म यही है। नागरिक अब महज संख्या नहीं, अपनी परिस्थितियों समेत दर्ज होता जीवन है। शिक्षा की कमी, स्वास्थ्य की दूरी, रोजगार की प्यास और आवास की तंगी–ये विकास के हाशिए पर पड़े अदृश्य प्रश्न नहीं रहेंगे। जब इनकी वास्तविक तस्वीर सामने होगी, नीति अनुमान के सहारे नहीं, प्रमाणित सच्चाइयों के आधार पर चलेगी। विकास का अर्थ भी बदलेगा–औसत नागरिक की समृद्धि से आगे बढ़कर उस व्यक्ति तक पहुँचना, जो अब तक व्यवस्था की रोशनी से दूर है। तर्क उतना ही सीधा है जितना शासन का पहला पाठ–बीमारी की जड़ दिख जाए तो इलाज भटकता नहीं।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

हर तकनीकी उजास के पीछे अँधेरे कोने भी होते हैं। इंटरनेट की पहुँच आज भी अनेक गाँवों में अधूरी है। बुजुर्गों और निरक्षरों के लिए स्क्रीन सुविधा नहीं, नई दीवार बन सकती है। गलत प्रविष्टि, अधूरा विवरण या किसी परिवार का छूटना पूरी तस्वीर बिगाड़ सकता है। सबसे संवेदनशील प्रश्न निजता का है। नागरिक सूचना विश्वास से देता है; वही डेटा गलत हाथों में पहुँचा तो चोट किसी फाइल पर नहीं, नागरिक-विश्वास पर लगेगी। जनगणना अधिनियम के तहत व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है, फिर भी डिजिटल माध्यम में अतिरिक्त सावधानी जरूरी है। तकनीक केवल औजार है। आधारभूत सुविधाएँ, प्रशिक्षित मानव-बल और मानवीय संवेदना साथ न हों तो डिजिटल ढाँचा बिना नींव के भवन जैसा कमजोर रहेगा।

डिजिटल जनगणना का उद्देश्य तभी सार्थक होगा, जब उसके केंद्र में नागरिक का जीवन धड़कता रहे। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह हो सकती है कि शासन संकट के बाद दौड़ने के बजाय संकट से पहले संकेत पहचान ले। कहाँ बाढ़ का खतरा है, कहाँ टीकाकरण की जरूरत बढ़ रही है, कहाँ कौशल प्रशिक्षण की माँग है–यदि सूचना समय पर मिले तो संसाधन भी समय पर पहुँच सकते हैं। नीति प्रतिक्रिया से पूर्वानुमान की ओर बढ़ सकती है। भारत जैसे विशाल देश में यह बदलाव केवल प्रशासनिक सुविधा नहीं, जीवन बचाने और अवसर पैदा करने की क्षमता है। तर्क स्पष्ट हैः सूचना देर से मिले तो राहत बनती है; समय पर मिले तो रोकथाम की शक्ति बन जाती है। पर भारत की विविधता किसी डिजिटल फार्म की खाली खाने नहीं है। यहाँ भाषा बदलती है तो जीवन का मुहावरा बदलता है; रीति-रिवाज बदलते हैं तो जरूरतों की प्राथमिकताएँ भी बदलती हैं। पहाड़ी गाँवों में नेटवर्क कमजोर हो सकता है, रेगिस्तानी इलाकों में साक्षरता चुनौती बन सकती है; कहीं भूगोल बाधा है, कहीं तकनीकी पहुँच। यदि यह विविधता आँकड़ों में सही स्वर न पा सकी तो नीति एकरंगी हो जाएगी। डिजिटल व्यवस्था की कसौटी एकरूपता नहीं, प्रतिनिधित्व है। उसे हर आवाज सुननी होगी और यथासंभव उसकी अपनी भाषा में सुननी होगी। भारत की गिनती तभी भारत की तस्वीर बनेगी, जब उसमें उसके भूगोल, भाषाओं, जीवन-शैलियों और सामाजिक भिन्नताओं की पूरी छाप दिखाई दे।



लाभ की गहराई वहाँ शुरू होती है जहाँ शासन और नागरिक के बीच की दीवार पतली होती है। डिजिटल जनगणना नागरिक में यह भरोसा पैदा कर सकती है कि उसकी उपस्थिति दर्ज है और उसकी जरूरत शासन की नजर से बाहर नहीं। वह केवल किसी रजिस्टर की प्रविष्टि नहीं, नीति-निर्माण का सहभागी तथ्य है। यह अनुभूति सहयोग को जन्म देती है। नागरिक जब व्यवस्था पर विश्वास करता है, तो सूचना देने से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन तक उसका सहयोग बढ़ता है। तब आँकड़े सरकार की बंद अलमारी में रखी संपत्ति नहीं रहते; वे समाज की साझा ज्ञान-संपदा बन सकते हैं। यही वह क्षण है जब डेटा प्रशासन की भाषा से निकलकर नागरिक-भागीदारी की भाषा बनता है।

फिर भी संख्या के पीछे छिपे मनुष्य को भूलना सबसे बड़ा खतरा है। स्वास्थ्य के प्रतिशत में वह माँ दिखाई नहीं देती जो अस्पताल तक पहुँच नहीं पाती। बेरोजगारी की दर उस युवा की बेचैनी नहीं बताती जिसकी डिग्री रोजगार में नहीं बदल सकी। आँकड़े जीवन का मानचित्र बना सकते हैं, जीवन स्वयं नहीं। इसलिए अधिकारी यदि केवल स्क्रीन और डैशबोर्ड पढ़ें, नागरिक की आँखें पढ़ना भूल जाएँ, तो डेटा-आधारित शासन निर्जीव प्रशासन बन जाएगा। मशीन सूचना दे सकती है, पैटर्न पकड़ सकती है, जरूरत का संकेत दे सकती है; निर्णय में संवेदना, विवेक और मानवीय परिस्थिति-बोध फिर भी जरूरी रहेंगे। डेटा का शासन होना चाहिए, मशीन का नहीं।

भविष्य की सफलता इसी संतुलन पर टिकी है कि उद्देश्य, लाभ और सावधानियाँ साथ चलें। डिजिटल जनगणना नीतियों को व्यक्ति के जीवन के करीब ला सकती है, संसाधनों को सही जगह पहुँचा सकती है और योजनाओं की जमीन स्पष्ट कर सकती है। मगर इसके तीन स्तंभ कमजोर नहीं पड़ने चाहिए–निजता की रक्षा, डिजिटल पहुँच का विस्तार और मानव स्पर्श। स्मार्टफोन से दूर नागरिक, दुर्गम क्षेत्र का परिवार और डिजिटल भाषा से अपरिचित बुजुर्ग–इन सबको समान महत्व देना होगा। डिजिटल भारत की असली परीक्षा उस नागरिक तक पहुँचने में है, जिसके पास सुविधा सबसे कम है। अंतिम व्यक्ति छूट गया तो सर्वश्रेष्ठ तकनीक भी अधूरी गिनती देगी।

डिजिटल जनगणना की असली परीक्षा तकनीक नहीं, शासन की दृष्टि है। यह भारत के सामने ऐसा आईना रखती है, जिसमें संख्या के साथ असमानता, विविधता, अभाव और संभावना भी दिखाई देती है। सही सूचना को आधार बनाना होगा, कमियों को स्वीकारना होगा, निजता को सुविधा के नाम पर गिरवी नहीं रखना होगा और आँकड़ों में संवेदना बनाए रखनी होगी। तभी डेटा सत्ता की फाइल नहीं, लोककल्याण की भाषा बनेगा। राष्ट्र की आत्मा करोड़ों आँकड़ों के सर्वर में नहीं जागती; वह तब जागती है, जब उन आँकड़ों में छिपा नागरिक दिखाई देता है। डिजिटल जनगणना की अंतिम कसौटी यही है–भारत अपने लोगों को केवल गिने नहीं, देखे; समझे; और उनके जीवन को बेहतर बनाए।

## पंचायत घर

ग्राम पंचायत रामपुर के जर्जर भवन के बरामदे की ऊँची कढ़ी में टँगा वह भारी-भरकम पीतल का घंटा गाँव भर की उन तमाम बेईमानियों का इकलौता गवाह था, जिन्हें अक्सर 'लोकतंत्र' का नाम देकर दबा दिया जाता था। वक्त की गर्द और सरकारी वादों की नमी ने उस पर हरे-काले रंग की एक ऐसी मोटी परत जमा दी थी, जैसे किसी भ्रष्ट नेता के चेहरे पर ईमानदारी का नकाब चढ़ा हो। गाँव के हर बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक की निगाहें उस पर किसी दिव्य अमानत की तरह टिकी रहती थीं, मानो वह घंटा न हुआ, कोई विदेशी ऋण हो जिसे चुकाने की उम्मीद सब छोड़ चुके हों। उस घंटे के ठीक नीचे लकड़ी की एक पुरानी पटरी पर लल्लू राम जी भोर होते ही अपनी फटी सी चटाई बिछाकर बैठ जाते थे ठीक उसी तरह, जैसे किसी मंत्रालय की फाइल पर कोई क्लर्क कुंडली मारकर बैठ जाता है। सफेद खद्दर का धोती-कुर्ता पहने और आँखों पर पीतल के फ्रेम वाला चश्मा चढ़ाए लल्लू राम जी दिन भर अपनी लाठी टेकते हुए उस घंटे को निहारते थे। दरअसल, वे उस आदर्शवादी दौर के आखिरी अवशेष थे, जब लोग घूस लेने के बाद कम से कम शर्मिंदा होने का नाटक तो करते थे। अपनी जेब से पीतल का एक छोटा सा टुकड़ा निकालकर उसे बड़े जतन से सहलाते रहते थे, जैसे कोई रिटायर फौजी अपना पुराना मेडल सहला रहा हो या कोई साहित्यकार अपनी पुरानी अप्रकाशित पांडुलिपि। गाँव का कोई भी आदमी जब सरपंच से मिलने या खसरा-खतौनी की नकल लेने पंचायत घर आता जो कि अक्सर एक धार्मिक तीर्थयात्रा से कम कठिन नहीं था तो लल्लू राम जी को उसी शांत मुद्रा में बैठकर घंटे को घूरते पाता था। गाँव के मुखिया से लेकर पटवारी तक, जिनके लिए जनता की सेवा केवल चुनाव के समय किया जाने वाला एक शास्त्रीय नृत्य था, लल्लू राम जी को देखकर एक हल्की सी व्यंग्यात्मक मुस्कान बिखेर देते थे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13 अगस्त 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:06 सूर्यास्त 18:58
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - एकम 20:42 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - अश्लेषा 06:07 उपरांत मघा 04:38 उपरांत पूर्वाफाल्गुनी
योग - वरियान 15:16 उपरांत परिघ
करण - किंस्तुघ्न
चन्द्रमा - कर्क में है। 06:07 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 29 तारिख

**मेष :** कार्यस्थल पर तनाव हो सकता है। पार्टनर के साथ क्वालिटि टाइम बिताएंगे।

**वृष :** संबंधों को लेकर सावधान रहने की जरूरत है। आर्थिक स्थिति सामान्य से बेहतर रहेगी। माता की सेहत और घरेलू सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा।

**मिथुन :** कार्यस्थल पर वाणी पर संयम रखें। आपकी संवाद शैली से व्यापार में लाभ होगा। मानसिक रूप से तरोताजा महसूस करेंगे

**कर्क :** सिंगल लोगों को कोई खास मिल सकता है। आर्थिक लेन-देन में थोड़ी रुकावट आ सकती है।

**सिंह:** नौकरी में पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ होगा। लव लाइफ में मधुरता बनी रहेगी।

**कन्या:** अनावश्यक खर्च और व्यर्थ की भागदौड़ होगी। क्रोध और अनिद्रा से बचकर रहें। नौकरी में बदलाव, आय में वृद्धि के योग।

**तुला :** कारोबारी हैं तो बारीक काम में ध्यान देने की जरूरत है। पार्टनर के साथ संवाद बनाए रखें। अनावश्यक खर्चों से बचें।

**वृश्चिक :** कार्यस्थल पर चुनौतियों में भाग्य का साथ मिलेगा। कारोबारी हैं तो नए अवसार प्राप्त होंगे।

**धनु :** पार्टनर पर भरोसा बनाए रखें। परिवार के साथ लंबी यात्रा के योग हैं। भारी सामान उठाते वक्त सावधानी रखें।

**मकर:** कार्यस्थल पर आपकी मेहनत का फल मिल सकता है। व्यापारिक साझेदारी में लाभ होगा।

**कुंभ :** जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे। संपत्ति से जुड़े काम पूरे होंगे। घुटनों या हड्डियों का ध्यान रखें।

**मीन :** कार्यस्थलन पर रचनात्मक कार्यों से जुड़ेंगे तो लाभ होगा। शेयर बाजार या जोखिमभरे निवेश से बचें।

**कविता**

## बारिश में पापा संग

बारिश में पापा संग,
निकला नन्हा लाल।
बूँदें बरसीं झमाझम,
मौसम हुआ कमाल॥
खिड़की से बाहर दिखे,
पेड़ न्यारे-न्यारे।
बादल नभ में घूमते,
लगते कितने प्यारे॥
शीशे पर बूँदें पड़ीं,
करतीं टप-टप गान।
देख-देखकर खुश हुआ,
नन्हा प्यारा जान॥
सड़क किनारे जल भरा,
चमकी बूंदों धार।
बारिश में यह सफर भी,
बड़ा सुहावन यार॥
पापा संग जब सफर हो,
खुशियों का संसार।
बारिश वाली राह भी,
लगती खूब बहार।।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

# हमारे जीवन का उद्देश्य जीते जी रक्तदान करने के बाद अंगदान

**13 अगस्त : विश्व अंगदान दिवस पर विशेष**

मानव शरीर में हर अंग की विशेष भूमिका होती है। व्यक्ति के हृदय, आंत, अग्नाशय, आंखें ,फेफड़े, किड़नी और लिवर जैसे अंगों के अतिरिक्त त्वचा और हड्डी के ऊतकों का दान आसानी से किया जा सकता है। जो मानव शरीर के किसी खास प्रक्रिया को पूर्ण करते हैं। जिससे जीवन चलता रहता है। अंगदान दिवस मनाने का उद्देश्य, मनुष्य के अंगो के दान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही अंगदान दिवस पूरी दुनिया में 13 अगस्त को मनाया जाता है। मानव अंग प्रत्यारोपण (संशोधन) विधेयक 2009 में पारित हुआ था। 2011 में इसे और सख्त किया गया। 2014 में इस में ऊतकों के दान का भी प्रावधान हुआ। कानून इसलिए बनाया गया था, ताकि मानव अंगो की अवैध खरीफ-फरोख्त और गरीब के अंगों का अमानवीय दोहन न हो। अब यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है, तो एक करोड़ रूपए तक के जुर्माने तथा 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। इस कानून का मूल उद्देश्य मानव अंगों के प्रत्यारोपण को नियमित एवं सुगम बनाने के साथ-साथ अंगों के नाजायज कारोबार पर रोक लगाना था। इससे यह स्पष्ट है, कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद परिजनों की सहमति से मृत व्यक्ति के महत्वपूर्ण अंगदान करने की व्यवस्था कानून में की गई।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

व्यक्ति के जीवन में कई कारणों से जीवनदायी अंगो में असमय खराबी हो जाती है। स्पष्ट है कि देश में प्रतिवर्ष 5 लाख लोगों की मृत्यु अंगो के खराब होने पर नए अंगों की उपलब्धि नहीं होने पर हो जाती है। इसी तरह 2 लाख लोग लिवर, 50 हजार हृदय और 1.5 लाख लोग किड़नी के असमय कामबंद कर देने पर प्रतिवर्ष मौत के मुह में चले जाते हैं। अब कुछ वर्षों पूर्व कई लोग अंगों का दान करने में आगे आ रहे है। इस तरह किसी स्वस्थ व्यक्ति की प्राकृतिक मृत्यु होने पर उसके अंगों से आठ लोगों का जीवन बचाया जा सकता । अंगदान की अहमियत आज इस कारण भी है कि लिवर और किडनी जैसे अंग यदि पूरी तरह से खराब हो जाते है तो इनका सफल उपचार किसी अन्य व्यक्ति के अंग प्रत्यारोपित करके ही संभव है। वैसे तो मानव अंगों के खराब होने पर उन्हें प्रत्यारोपित करने के लिए कई अन्य तकनीकों पर भी काम हो रहा है। शोध अनुसंधान की प्रक्रिया जारी है।

अमेरिका और चीन के बाद भारत में सबसे ज्यादा अनुदान और उनका प्रत्यारोपण होता है। भारत अंगदान की दुनिया में बहुत पीछे है। यही वजह है कि कई लोग जिनके शरीर के अंग खराब हो जाते हैं, वे अंग न मिलने पर जान गंवा बैठते हैं। जो लोग साधन सम्पन्न, वे अंगों की जरूरत होने पर उन्हें खरीदने को पेशकश भी करते है, और बदले में गरीब लोग पैसा लेकर अपने अंगों का सौदा करते हैं। इसलिए अंगदान दिवस पर अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़े। जब अंगों की उपलब्धता तो लोग अवैध तरीके से अंगों को हासिल क्यों करें। केन्द्र सरकार ने पहली बार अंगों के परिवहन को लेकर दिशा निर्देश जारी किए , ताकि कम समय में प्रत्यारोपण कर जिदंगी की जंग जीती जा सके। सड़क, रेलवे से लेकर और जल मार्ग जैसे यात्रा के विभिन्न के साधनों के जरिये मानव अंगो के बिना किसी रूकावट के परिवहन की प्रक्रिया अपनायी है। अंग परिवहन प्रकिया के पीछे केन्द्र का लक्ष्य कीमती अंगो का आधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना और जीवर-रक्षक प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे ,अनगिन्त रोगियों को जीवन जीने की आशा प्रदान करना है। 9 अगस्त 2026 को दिल्ली एम्स के डॉक्टरों ने 70 साल की ब्रेन डेड बुजुर्ग महिला की दोनों किडनी एक ही मरीज में सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट किया ।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## नैरेटिव बन रहा है, कुछ तो जरूर होगा!

अब हवा में फिर सवाल तैर रहे हैं,
गलियों में फिर कयास ठहर रहे हैं।
सरकार चुप है और चेहरे गंभीर हैं,
हमें तो ये लगता है कि पर्दे के पीछे,
कुछ नए-नवेले तीर तैयार हो रहे हैं।
बैठक पर बैठक, चर्चा पर हैं चर्चा,
खबरों में रहस्य, सियासत में गर्मी।
यूं कभी सुरक्षा व सीमाओं की बात,
यारों अब हर संकेत में ढूँढ़ी जा रही,
किसी बहुत बड़े फैसले की आहट।
कहते हैं–कुछ बड़ा होने वाला है,
वे यह भी कहते हैं–तैयारी पूरी है,
मगर आज सवाल यही है आखिर-
क्या? वर्तमान में हरेक खामोशी को,
सनसनी आयाम बनाना जरूरी है?
ये नैरेटिव भी आज अजीब चीज है,
पहले खबर बनती है व फिर माहौल,
फिर माहौल से ही उम्मीदें जगती हैं।
और अंत में यहीं जनता पूछती है-
अरे बताओ आखिर में हुआ क्या?



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

**धर्म-आस्था**

# सावन, भगवान शिव और वेदांत का विज्ञान

शिव केवल एक देवता का नाम नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन में अस्तित्व चेतना और अनंत शांति का प्रतीक हैं। वेदांत कहता है– 'शिवोऽहम' अर्थात प्रत्येक जीव के भीतर वही परम चेतना विद्यमान है। इसलिए सावन केवल पूजा-पाठ का महीना नहीं, बल्कि स्वयं को पहचानने, प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने और जीवन को शुद्ध करने का अवसर है।



डा. घनश्याम बटवाल
(दैनिक अवन्तिका)

श्रावण मास वर्षा ऋतु का हृदय है। जब धरती तपन के बाद शीतल होती है, नदियाँ भरती हैं, वनस्पतियाँ पुनर्जीवित होती हैं और वातावरण में नवीन ऊर्जा का संचार होता है, तब भारतीय ऋषियों ने इस काल को केवल मौसम परिवर्तन नहीं, बल्कि अंतर्मन के पुनर्जागरण का समय माना। यही कारण है कि सावन भगवान शिव को समर्पित है, क्योंकि शिव स्वयं विनाश और सृजन, मौन और नाद, शून्य और अनंत, तप और करुणा–इन सभी विरोधाभासों के अद्भुत संतुलन का नाम हैं।

समुद्र मंथन की प्रसिद्ध कथा में जब हलाहल विष निकला और सम्पूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई, तब भगवान शिव ने उसे अपने कंठ में धारण कर लिया। यह केवल पौराणिक घटना नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक संदेश है। जीवन में विष अर्थात क्रोध, अहंकार, लोभ, ईर्ष्या, तनाव और नकारात्मकता आएँगे, परंतु उन्हें बाहर फैलाना नहीं, बल्कि सजगता और विवेक से रूपांतरित करना ही शिवत्व है। इसलिए शिव नीलकंठ कहलाते हैं–वे विष को पीते हैं, पर उसे हृदय या मस्तिष्क तक नहीं पहुँचने देते। आज के मनोविज्ञान की भाषा में यह भावनात्मक परिपक्वता और आत्मसंयम का सर्वोच्च आदर्श है।

वेदांत के अनुसार परम सत्य निराकार, निर्विकार और अनंत है। शिव उसी निराकार ब्रह्म का प्रतीक हैं। इसलिए शिवलिंग किसी व्यक्ति की मूर्ति नहीं, बल्कि अनंत ब्रह्मांडीय ऊर्जा और चेतना का प्रतीक है। लिंग का अर्थ है–वह जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि प्रकट होती है और अंततः विलीन हो जाती है। यह सृष्टि, स्थिति और लय के सनातन चक्र का प्रतीक है।

सावन में शिवलिंग पर जल अर्पित करने की परंपरा भी अत्यंत गहन है। धार्मिक दृष्टि से यह शिव के नीलकंठ स्वरूप को शीतलता प्रदान करने का प्रतीक है, जबकि दार्शनिक दृष्टि से जल मन की निर्मलता, विनम्रता और जीवन के प्रवाह का प्रतीक है। वैज्ञानिक रूप से वर्षा ऋतु में जल संरक्षण, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश इसमें निहित है। अभिषेक का वास्तविक अर्थ केवल जल चढ़ाना नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, क्रोध और अशुद्धियों को धोना है।

माता पार्वती द्वारा सावन में की गई कठोर तपस्या हमें यह सिखाती है कि जीवन के किसी भी महान लक्ष्य की प्राप्ति केवल इच्छा से नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन और निरंतर साधना से होती है। वेदांत में शक्ति और शिव अलग नहीं हैं। शिव चेतना हैं, शक्ति उसकी अभिव्यक्ति है। यही सत्य अर्धनारीश्वर रूप में प्रकट होता है।

अर्धनारीश्वर भारतीय दर्शन की सबसे महान अवधारणाओं में से एक है। यह केवल स्त्री-पुरुष का आधा-आधा शरीर नहीं, बल्कि यह घोषणा है कि सृष्टि संतुलन पर चलती है। पुरुषत्व का साहस और स्त्रीत्व की करुणा, विवेक और संवेदना, शक्ति और शांति–इनका संतुलन ही पूर्ण जीवन है। आधुनिक जीवविज्ञान भी बताता है कि प्रत्येक मनुष्य में स्त्री और पुरुष दोनों प्रकार के हार्मोन तथा जैविक गुण उपस्थित रहते हैं। मनोविज्ञान भी स्वीकार करता है कि संतुलित व्यक्तित्व में दृढ़ता और संवेदनशीलता दोनों आवश्यक हैं।

शिव को आदियोगी कहा जाता है क्योंकि उन्होंने मानवता को योग का ज्ञान दिया। उनकी समाधि मुद्रा केवल धार्मिक चित्र नहीं, बल्कि यह संकेत है कि मनुष्य का सबसे बड़ा संघर्ष बाहर नहीं, भीतर है। आधुनिक न्यूरोसाइंस बताती है कि नियमित ध्यान तनाव कम करता है, स्मरण शक्ति बढ़ाता है, मस्तिष्क की न्यूरोप्लास्टिसिटी को सुदृढ़ करता है, भावनात्मक संतुलन विकसित करता है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। हजारों वर्ष पहले भारतीय ऋषियों ने जिस ध्यान को समाधि कहा, आज वही आधुनिक विज्ञान के लिए शोध का महत्वपूर्ण विषय है।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,49,600 रवा- 1,49,400 चांदी- टंच- 2,35,500 पाट- 2,34,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## वीर सावरकर स्कूल से आज निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**शुजालपुर।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के चलते नगर में 13 अगस्त को हर हाथ में तिरंगा हर दिल में हिंदुस्तान के संदेश के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यात्रा में व्यापारी बंधु, नगरवासी, पूर्व सैनिक और राष्ट्रभक्त नागरिक शामिल होंगे। यात्रा के लिए सुबह 10 बजे स्वातंत्र्य वीर सावरकर स्कूल शुजालपुर सिटी में एकत्रीकरण होगा। इसके बाद तिरंगा यात्रा स्वातंत्र्य वीर सावरकर स्कूल से प्रारंभ होकर सिटी के प्रमुख मार्गों से होते हुए जेएनएस महाविद्यालय, मां शारदा सांदीपनि विद्यालय और पुलिस चौकी पहुंचेगी। यहां से यात्रा आगे बढ़ते हुए रोकडिया सरकार पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा। आयोजकों ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, देश के प्रति गौरव और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। यात्रा में शामिल होने वाले नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र के प्रति अपने प्रेम और सम्मान का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों ने सभी व्यापारी बंधुओं, नगरवासियों, पूर्व सैनिकों एवं राष्ट्रभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यात्रा को सफल और भव्य बनाने की अपील की है।

## शाजापुर में बिजली पोल के करंट से सांड की मौत

**शाजापुर।** बिजली के पोल में करंट उतरने से बुधवार को एक सांड की मौत हो गई। मामला मक्सी-झोकर मार्ग पर स्थित रेलवे स्टेशन के पीछे का है। घटना घनी आबादी वाले इलाके में हुई, जिससे स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पोल में करंट आने की शिकायतें कई बार की गई थीं, लेकिन विभाग ने इसका कोई स्थायी समाधान नहीं किया। स्थानीय नागरिकों, बलवान सिंह और जीवन सिंह गुर्जर ने बताया कि उन्होंने मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर इस समस्या की 4 से 5 बार शिकायत दर्ज कराई थी।

## श्मशान भूमि पर फायर स्टेशन का विरोध

**आगर मालवा।** मोतीसागर तालाब किनारे श्मशान भूमि पर फायर स्टेशन निर्माण का विरोध गरमा गया है। मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय नेता व पार्षद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक मंच पर आए और नगर पालिका कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। नाव घाट क्षेत्र में जिस स्थान पर फायर स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है, उसके समीप गवली एवं माली समाज का श्मशान स्थल है। समाजजनों का कहना है कि इस जगह पर परंपरा अनुसार मृत बच्चों को दफनाया जाता है।

### फसल बीमा को लेकर कलेक्ट्रेट में किसानों का प्रदर्शन

# 3 साल की फसल बीमा राशि नहीं मिली प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास के कन्नौद क्षेत्र के 150 से ज्यादा किसानों ने मंगलवार को लंबित फसल बीमा राशि को लेकर कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन किया। किसान जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचे थे।

मुहाई, भिलाई, नादौन, डाबरी और कोलारी बड़ा खेत समेत कई गांवों के किसानों ने 2023, 2024 और 2025 की फसल बीमा राशि जारी करने की मांग की।

किसानों ने प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। समाधान नहीं होने पर चक्काजाम और आंदोलन की चेतावनी दी है।



किसानों ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसलों का बीमा कराया था। प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलें खराब हुईं, लेकिन उन्हें अब तक बीमा राशि का लाभ नहीं मिला।

किसानों ने आरोप लगाया कि वे बैंक, कृषि विभाग और बीमा कंपनी से संपर्क करते रहे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्हें आश्वासन ही मिलते रहे।

इसी जनसुनवाई में ग्राम मोहाई के ग्रामीणों ने भी अलग समस्या रखी। उन्होंने बताया कि उनका गांव ग्राम पंचायत भिलाई के अंतर्गत आता है, लेकिन शासकीय पोर्टल पर गांव की जानकारी गलत दर्ज है।

ग्रामीणों के मुताबिक, पोर्टल पर दर्ज गलत जानकारी के कारण उन्हें शासकीय योजनाओं, दस्तावेजों और ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े काम में परेशानी हो रही है। उन्होंने कलेक्टर से पोर्टल में दर्ज जानकारी तत्काल ठीक कराने और स्थायी समाधान की मांग की।

डिप्टी कलेक्टर कन्हैयालाल तिलवारी ने बताया कि किसानों ने ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा कि मामले को कृषि विभाग के माध्यम से शासन स्तर पर भेजा जाएगा।

**चक्काजाम की चेतावनी**

किसानों ने प्रशासन से 2023, 2024 और 2025 की लंबित फसल बीमा राशि का जल्द भुगतान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर चक्काजाम और आंदोलन करेंगे।



## नेत्र शिविर में 55 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर की ओर से स्वर्गीय तुलसी कोटवानी की स्मृति में उनके पुत्र मनोज कोटवानी एवं परिवार के सहयोग से नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉक्टर जसवंत यादव व नेहा सोनी ने मरीजों की आंखों की जांच के साथ शुगर और बीपी की जांच की। जांच के दौरान 55 मरीजों को नेत्र ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को बस से नया अस्पताल एरोड्रम रोड गांधीनगर भेजा गया। आयोजक परिवार की ओर से मरीजों के लिए भोजन के पैकेट और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई। शिविर में सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य सहित हरिनारायण परमार, रमेश परमार, गंगाधर शर्मा और राजेंद्र कात्यानी का सहयोग रहा।

## पेट दर्द पर अस्पताल पहुंची छात्रा, बेटे को दिया जन्म परिजन बोले- स्कूल नहीं जा रही थी

**देवास।** देवास में पेट दर्द की शिकायत के बाद जिला अस्पताल लाई गई 10वीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा ने बेटे को जन्म दिया। जांच के दौरान डॉक्टरों को उसके गर्भवती होने का पता चला। छात्रा और नवजात दोनों स्वस्थ हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। घटना सोमवार की है। परिजन छात्रा को पेट दर्द होने पर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चिकित्सकीय जांच के बाद गर्भावस्था की पुष्टि हुई और निगरानी में प्रसव कराया गया। छात्रा की मां ने बताया कि परिवार को गर्भावस्था की कोई जानकारी नहीं थी। बेटी की तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने पूरी स्थिति बताई। उन्होंने बताया कि बेटी देवास स्थित स्कूल में पढ़ती है। वह रोज स्कूल आती-जाती थी। इसके अलावा उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। पिता ने भी कहा कि उन्हें पहले कभी ऐसी आशंका नहीं हुई थी। अचानक पेट दर्द की शिकायत के बाद वे उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों ने बताया कि छात्रा पिछले कुछ दिनों से स्कूल नहीं जा रही थी। अस्पताल में जांच के दौरान गर्भावस्था की जानकारी मिलने पर परिवार भी हैरान रह गया।



### फरियादी शिकायत कार्डों की माला पहन जनसुनवाई पहुंचा

# 4 साल से चक्कर लगा रहा, सरकारी रास्ते पर कब्जे से आवाजाही में हो रही परेशानी

अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

आगर मालवा में मंगलवार को कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीणा की जनसुनवाई में सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। सोयतकलां निवासी राधेश्याम माली अपनी शिकायतों के निराकरण कार्डों की माला पहनकर जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से शिकायतें देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

राधेश्याम माली के अनुसार, वह पिछले 4 से 5 वर्षों से लगातार अपनी शिकायतें लेकर जनसुनवाई में आ रहे हैं। उनकी मुख्य शिकायत सोयतकलां में सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। उन्होंने नाले के आसपास भी अतिक्रमण होने का आरोप लगाया है।

राधेश्याम के मुताबिक, उन्हें हर शिकायत के बाद निराकरण से संबंधित कार्ड तो मिलते रहे, लेकिन उनकी मूल समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं हो पाया है।



उन्होंने प्रशासन से आम और शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाने, नाले के आसपास की स्थिति की जांच करने और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। राधेश्याम माली ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

इस घटना के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या शिकायतों का निराकरण केवल कागजों तक सीमित है या वास्तव में जमीनी स्तर पर भी कार्रवाई होती है। जनसुनवाई में सामने आए इस मामले के बाद प्रशासन संबंधित शिकायतों की वास्तविक स्थिति की जांच कर ठोस समाधान कराता है या नहीं, इस पर सभी की नजर रहेगी।

**सीएम हेल्पलाइन पर 8 बार की शिकायत**

माली ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर भी 8 से अधिक बार शिकायतें दर्ज कराई हैं। हालांकि, हर बार शिकायत के निराकरण का दावा किया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। उनका कहना है कि यदि शिकायतकर्ता को बार-बार एक ही समस्या के लिए जनसुनवाई में आना पड़े, तो यह सरकारी व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाता है।

### छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

# यात्रा से मजबूत होगी देशभक्ति 'हर घर तिरंगा' गूंजे देशभक्ति के नारे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शहर में बुधवार सुबह 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा नेता और बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के हजारों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। पूरे शहर में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों की गूंज सुनाई दी।

तिरंगा यात्रा की शुरूआत छत्रपति शिवाजी स्टेडियम से हुई। यह यात्रा ट्रैफिक पॉइंट, नई सड़क, आजाद चौक, छोटा चौक, सोमवारिया बाजार और मगरिया चौराहा होते हुए टेंशन चौराहा पहुंची। अंत में, यात्रा उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 पर समाप्त हुई। रास्ते भर शहरवासियों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया।

**बारिश में तिरंगा रंग के छाता लेकर शामिल**

यात्रा में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लिए हुए अत्यधिक उत्साहित दिखे। बारिश की संभावना को देखते हुए कुछ विद्यार्थी तिरंगे के रंग वाली छतरियां लेकर भी पहुंचे, जो विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे पूरे मार्ग पर देशभक्ति का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर भाजपा विधायक अरुण भीमावद ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में 9 से 15 अगस्त तक ग्राम, कस्बे, शहर और जिला मुख्यालयों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, और शाजापुर में यह यात्रा 12 अगस्त को निकाली गई।

## गोवंश पालन एवं संरक्षण हेतु नवीन गोशाला निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री को दिया मांग पत्र

**तराना।** मुख्यमंत्री निवास भोपाल में पूर्व विधायक ताराचन्द गोयल ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की।इस दौरान विधानसभा तराना में विभिन्न जनहित एवं नगर परिषद एवं पंचायतो से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही पूर्व विधायक गोयल ने तराना विधानसभा में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र भी दिया गया। जिसमें ग्राम पंचायत ठुकराल 50 लाख की लागत गोवंश पालन एवं संरक्षण हेतु नवीन गोशाला का निर्माण कार्य किया जाना है। नगर परिषद तराना के वार्ड क्रमांक 9 रविदास बस्ती मे30 लाख की राशि से टिन सेट निर्माण कार्य किया जाना है जिसकी स्थानीय निवासियों द्वारा निरंतर रूप से मांग की जा रही है जिससे सामाजिक कार्य एवं कार्यक्रम से किया जाए।नगर नगर परिषद माकड़ोंन के वार्ड क्रमांक 3 रविदास मोहल्ला एवं कबीर दास वार्ड में रविदास/ कबीर दास समाज मैं मांगलिक कार्यक्रम संपन्न करने हेतु टीन शेट निर्माण हेतु अनुमानित राशि 30 लाख की है साथ ही नगर परिषद माकड़ौन के वार्ड क्रमांक 9 में भी टीन शेड से निर्माण किया जाना है। साथ ही विभिन्न विकास कार्य को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। पूर्व विधायक गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा सभी मांगों को स्वीकृत करने के लिए आश्वासन दिया है।



## उपमुख्यमंत्री देवड़ा तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

**देवास।** देवास शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी और शहरवासी शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा खुद हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में चले। उनके साथ कलेक्टर और एसपी भी तिरंगा लेकर यात्रा का हिस्सा बने। स्कूलों से पहुंचे हजारों विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में उत्साह बढ़ाया। हल्की बूंदाबांदी और फुहारों के बीच भी यात्रा का जोश बना रहा और पूरे शहर में देशभक्ति का माहौल नजर आया। यात्रा में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा स्वयं हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। उनके साथ कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोत भी यात्रा में चलते नजर आए।

## उफनते नाले में बहे युवक को ग्रामीणों ने बचाया

**अकोदिया।** अकोदिया क्षेत्र में भारी बारिश के बाद नदी-नाले उफान पर हैं। गुलाना तहसील के ग्राम मुरादपुर पथरिया में हरिओम गुर्जर नाले के तेज बहाव में बहने लगा। वह जंगल में बने एक मकान से दूध लेकर लौट रहा था। इसी दौरान पानी का बहाव अचानक बढ़ने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नाले में गिर गया। हरिओम के शोर मचाने पर नाले के दूसरे किनारे मौजूद ग्रामीणों ने उसे देखा। कुछ ग्रामीणों ने तेज बहाव के बीच नाले में उतरकर हरिओम को संभाला, जबकि अन्य लोगों ने उसे सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। ग्रामीणों के अनुसार, हरिओम को तैरना नहीं आता था। समय पर मदद मिलने से उसकी जान बच गई। मुरादपुर पथरिया गांव की करीब 80 प्रतिशत कृषि भूमि नाले के दूसरी ओर है। करीब 200 परिवारों की आबादी वाले इस गांव के ग्रामीणों को बारिश के दौरान खेतों तक पहुंचने के लिए उफनता नाला पार करना पड़ता है।

## पोलायकलां में तोमर की प्रतिमा स्थापना की मंजूर

**पोलायकलां।** नगर परिषद की साधारण सभा में जहां स्व. शालिग्राम तोमर की प्रतिमा स्थापना, संपत्ति नामांतरण और विकास प्रस्तावों को मंजूरी मिली, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में चार साल की देरी पर पार्षदों ने जमकर नाराजगी जताई। सीएमओ भगवान सिंह भिलाला द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर अध्यक्ष पवन राजकुमार और 13 पार्षदों की मौजूदगी में विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनी। बैठक में भाजपा पार्षद नरेंद्र मंडलोई व मनीष तोमर और कांग्रेस पार्षद नरेश दीक्षित व माखन मालवीय ने पीएम आवास योजना का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राही चार साल से योजना के लाभ का इंतजार कर रहे हैं।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बदरूनिशा बी (BADRUNISHA BEE) पति शाकिर हुसैन (SHAKIR HUSAIN) जाति मुसलमान निवासी रंगार सेरी बड़नगर तह. बड़नगर जिला उज्जैन। पूर्व में मेरा नाम बदारून्निशा (BADARUNNISA) पति शाकिर हुसैन (SHAKIR HUSAIN) था। चूकि अब मेरा नाम बदरूनिशा बी (BADRUNISHA BEE) पति शाकिर हुसैन (SHAKIR HUSAIN) हो चुका है।

अतः मेरे सभी कागजों में वर्तमान में यही नाम लिखा हुआ है। अब मुझे मेरे सही नाम बदरूनिशा बी (BADRUNISHA BEE) के नाम से जाना जायें। दिनांक 10.08.2026

**बदरूनिशा बी पति शाकिर हुसैन**
**निवासी रंगार सेरी बड़नगर**
**तह. बड़नगर जिला उज्जैन**
**(म.प्र.) 456771**
**मो. 9826714510**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्री अजय पिता स्व. जमनालाल, 02-श्री विजय पिता स्व. जमनालाल, 03-श्री सुनील पिता स्व. जमनालाल, 04-संजूबाई पुत्री स्व. जमनालाल, 04-मधुबाई पति स्व. जमनालाल, पांचों कृषक ग्राम उण्डासा तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-212/1/2 (S) रकबा 0.4180 हेक्टर ग्राम उण्डासा, तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-12.08.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान क्रमांक 28 का भाग नया नंबर 28/9, यंत्र महल मार्ग, पथ क्रमांक 1, केशव नगर कॉलोनी, उज्जैन क्षेत्रफल 43.93 वर्गमीटर को श्रीमती निर्मलाबाई पत्नी स्वर्गीय श्री सागरमलजी जैन निवासी सखीपुरा, उज्जैन ने पंजीकृत विक्रय पत्र तारीखी 08/02/1995 को क्रय किया था। श्रीमती निर्मलाबाई का स्वर्गवास दिनांक 19/05/2013 को हो गया है। उनकी मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र 1. राजेन्द्र जैन पिता स्वर्गीय श्री सागरमलजी जैन तथा पोता 2. अतुल जैन पिता श्री राजेन्द्र जैन निवासी 28/2, केशव नगर कॉलोनी, उज्जैन अपने आपको स्वर्गीय श्रीमती निर्मलाबाई का एकमात्र उत्तराधिकारी होना बताते है। स्वर्गीय श्रीमती निर्मलाबाई के अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त मकान क्रमांक 28 का भाग, नया नंबर 28/9, यंत्र महल मार्ग, पथ नंबर 1, केशव नगर, उज्जैन में हित रखता हो तो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान क्रमांक 28 का भाग, नया नंबर 28/9, यंत्र महल मार्ग, पथ नंबर 1, केशव नगर, उज्जैन क्षेत्रफल 43.93 वर्गमीटर को बंधक कर 1. राजेन्द्र जैन पिता स्वर्गीय श्री सागरमलजी जैन तथा पोता 2. अतुल जैन पिता श्री राजेन्द्र जैन निवासी 28/2, केशव नगर कॉलोनी, उज्जैन को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 12/08/2026 ई., स्थान - उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1- युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन - 2554829, 94253-80339**

## In The Court Of IX Civil Judge Class - I, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्रीमती प्रियंका मालपानी राठी**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC SUC/0000037/2026)

**चंद्रकांत अडवानी-----आवेदक**
**Vs**
**श्रीमती दीप्ति रामचंदानी-----अनवेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांक: 27/08/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्रकांत अड़वानी पिता स्व.गोपीचंदजी, आयु-46 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, निवासी-18/11 अम्बर कालोनी उज्जैन मप्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक, अनावेदक क्रं. 1 श्रीमती दीप्ति रामचंदानी पति नरेन्द्र रामचंदानी पुत्री स्व.गोपीचंदजी, आयु-50 वर्ष, व्यवसाय-गृहणी, निवासी-9/3 मोदी भवन फर्स्ट फलोर छोटी ग्वाल टोली इंदौर एवं क्रं. 2 श्रीमती महक धवन पति आशीष धवन, पुत्री स्व. गोपीचंदजी, आयु-43 वर्ष, व्यवसाय-गृहणी, निवासी- सावरकर वार्ड आधार कांप मुरवारा कटनी का सगा भाई है एवं आवेदक एवं अनावेदक क्रं. 3 शाखा प्रबंधक, कैनरा बैंक शाखा दशहरा मैदान जीडीसी रोड फ्रीगंज दशहरा मैदान उज्जैन मप्र में उनके पिता स्व. गोपीचंदजी अडवानी पिता लक्ष्मण दास जी का बचत खाता क्रमांक-79252200003837 में दिनांक 29/06/2026 को रुपये 235856.37 जमा है एवं इसके अतिरिक्त कुछ एफ डी है जो कि स्व.गोपीचंदजी की मृत्यु के उपरांत उनके उत्तराधिकारी आवेदक प्राप्त करने के एकमात्र उत्तराधिकारी है, उक्त बैंक खाते में जमा राशि को आवेदक के द्वारा प्राप्त किये जाने पर उसके परिवार अनावेदक क्र.1 व 2 व अन्य किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। आवेदक व अनावेदकगण की माता श्रीमती कविता अडवानी पति स्व.गोपीचंदजी अडवानी थी, गोपीचंदजी की मृत्यु के एक माह पूर्व ही दिनांक 09/04/2026 को श्रीमती कविता अडवानीजी का भी स्वर्गवास हो चुका है। स्व. गोपीचंदजी अडवानी ने अपने जीवनकाल में एक ही विवाह किया था, आवेदक पता ने मृतक गोपीचंदजी अडवानी पिता लक्ष्मण दास जी निवासी- 18/11 अम्बर कालोनी उज्जैन मप्र की अनावेदक क्रं.3 की बैंक में उक्त जमा राशि एवं एफ डी मय भुगतान दिनांक तक का ब्याज की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 अगस्त 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 05 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(प्रियंका मालपानी राठी)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता मूल भूमि स्वामी सीताबाई पति बाबूलाल जी जाति गारी निवासी ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 510/1 रकबा 0.82 हेक्टर में से रकबा 0.25 हैक्टर व सर्वे क्रमांक 510/2 रकबा 0.82 हैक्टर में से रकबा 0.25 हैक्टर कुल किता 02 कुल बिक्रीत रकबा 0.50 हेक्टर लगानी स्थित बरखेडी बाजार तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर ली है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र व पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो।

इति दिनांक 12-08-2026

**विष्णु राईया (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मोबाईल 7566470288**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 01-श्रीमती रानी तेजनकर पति श्री नवीन तेजनकर 02-श्री नवीन तेजनकर पिता श्री अशोक तेजनकर निवासीगण 2/10 ज्योति नगर उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन क्रमांक 20 ब्लाक नंबर 4 स्थित राज रॉयल एन्क्लेव कालोनी कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन में है जिसका कुल क्षेत्रफल 93.02 वर्गमीटर है मय जमीन तला हवाई व कुल निर्माण को क्रय करने का अनुबंध किया होकर उन्हे बयाना राशि भी अदा कर दी है व शेष राशि अदा कर शीघ्र ही अनुबंधित भवन के विक्रय पत्र का संपादन करवाने जा रहे है। उक्त भवन पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथा दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।
दिनांक 12-08-2026 उज्जैन

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र पूराने आर.टी.ओ. कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन समय सुबह 11.00 से 06.00 बजे तक**
**मोबाईल 98277-92292**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार मकसूद पटेल पिता उस्मान गनी पटेल निवासी-ग्राम बिलोदा के द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक 194/2, 402/1, 404/1/2/1, 402/1/1, 404/1/2/1 कुल रकबा 3.20 बीघा स्थित ग्राम धतरावदा तहसील व जिला उज्जैन को विक्रेता उस्मान पटेल, ईमाम पटेल, अनवर पटेल, रईस पटेल, रूस्तम पटेल, शोकत पटेल, बाबु पटेल, वकील पटेल समस्त पिता आजीम पटेल समस्त जाति नाईता निवासीगण ग्राम धतरावदा तहसील व जिला उज्जैन से दिनांक 06.08.2026 को सौदा चिट्ठी (सौदा इकरार) के माध्यम से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि क्रय की है जो कि, राशि 98,51,000/-अक्षरी अठान्वे लाख इक्कावन हजार रुपए प्रतिबीघा के मान से इकरारनामा उपरोक्त विक्रेतागण के द्वारा मेरे पक्षकार के हित में संपादित किया गया है, जिसके बयाना पेटे मेरे पक्षकार के द्वारा राशि 4,00,000/- अक्षरी चार लाख रुपए नगद भी मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त विक्रेतागण को साक्षीगण के समक्ष प्रदान कर दिये गये है तथा अतिशीघ्र ही उपरोक्त भूमि के अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का संपादन भी मेरे पक्षकार व उपरोक्त विक्रेतागण के मध्य संपादित किया जाना है, ऐसी स्थिति में उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, फर्म आदि का कोई भार हो या किसी भी व्यक्ति व संस्था को उपरोक्त सौदे से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या लेनदारी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की 3 दिवस की अवधि में मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही संपन्न कर सकेगा। सौ सूचित हो।

दिनांक 12.08.2026

**मिश्रीलाल चौधरी हायकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय चेम्बर नं. 74 न्यू कोर्ट परिसर उज्जैन म.प्र.**
**मो.न. (9425379232)**

## डैशबोर्ड पर पैर रखकर दौडाई रोडवेज बस

**अजमेर।** राजस्थान रोडवेज बस के ड्राइवर ने बुधवार शाम करीब चार बजे डैशबोर्ड पर पैर रखकर बस दौड़ाई। इस दौरान ड्राइवर उबासी लेता हुआ भी नजर आया। ड्राइवर ने 20 मिनट तक बस सवार 30 से अधिक यात्रियों की जान जोखिम में डाल दी। यह बस अजमेर से जयपुर जा रही थी और शाहपुरा डिपो की है। घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसे बस में सवार एक यात्री ने अपने मोबाइल से बनाया है। बस अजमेर से दोपहर ढाई बजे रवाना हुई थी और करीब सवा पांच बजे जयपुर पहुंची। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वीडियो बनाने वाले पीसांगन पंचायत समिति के पूर्व सदस्य व पिचोलिया निवासी ओम सिंह राठौड़ ने बताया- ड्राइवर ने दूदू से जयपुर के बीच करीब 20 मिनट तक इसी तरह डैशबोर्ड पर पैर रखकर बस चलाई। हाईवे पर बस की रफ्तार भी काफी तेज थी।

## सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थी और सॉल्वर दोषी करार

**ग्वालियर।** वर्ष 2013 की व्यापमं (मप्र कर्मचारी चयन मंडल) की पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी (सॉल्वर) बैठाने के मामले में ग्वालियर स्थित सीजीएम की विशेष अदालत ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने आरोपी अमितेश और असली अभ्यर्थी विपिन कुमार को आपराधिक षड्यंत्र (120-बी), धोखाधड़ी (420), प्रतिरुपण (419), दस्तावेज कूटरचना (465) और मप्र मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों को धारा 467, 468 और 471 के गंभीर आरोपों से मुक्त करते हुए धारा 465 व अन्य संबंधित धाराओं में दोषी माना है। सजा के प्रश्न पर फैसला सुरक्षित रखा गया है। ऐसे अपराधों से संपूर्ण चयन प्रक्रिया, युवा वर्ग और समाज गंभीर रूप से प्रभावित होता है। अनुचित साधनों के प्रयोग से पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगता है, जिससे योग्य छात्रों का मनोबल टूटता है।

## पिता की मौत पर मेसी का इमोशनल पोस्ट

**लियो।** फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने पिता की मौत के बाद बुधवार को इंस्टाग्राम पर इमोशनल पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- मैंने सिर्फ फुटबॉल खेला है। अब मुझे नहीं लगता की आपके बिना इसे ज्यादा समय तक जारी रख पाऊंगा। इस पोस्ट पर पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानों रोनाल्डो ने कमेंट किया है। उन्होंने लिखा- इस मुश्किल वक्त में आपको और आपके परिवार को ह्यूज हग। लियो, हिम्मत रखो। पिता की मौत के बाद मेसी ने फुटबॉल से अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक लिया है। 7 अगस्त को 68 साल की उम्र में मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। अर्जेंटीना के शहर रोसारियो के एक मेडिकल क्लिनिक में उन्होंने दम तोड़ा। मेसी ने पोस्ट में लिखा- मैं तुम्हारे बिना क्या करूंगा, यह नहीं जानता। मुझे नहीं पता कि आगे कैसे बढ़ना है। उन्होंने कहा- तुम शुरुआत से मेरे साथ थे और बहुत कम समय बचा था।

## शादीशुदा प्रेमिका को घर बुलाकर 17 चाकू मारे

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में 42 साल के प्रेमी ने 38 साल की प्रेमिका की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, प्रेमी ने महिला के सीने, गले और चेहरे पर चाकू से 17 वार किए। पुलिस पहुंची, तो वह प्रेमिका के शव के पास चुपचाप बैठा मिला। जांच में सामने आया कि प्रेमी शादीशुदा प्रेमिका पर शादी का दबाव बना रहा था, लेकिन वह इसके लिए राजी नहीं थी।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण 1- राधेश्याम परमार पिता श्री प्रकाश परमार निवासी- 6/3, यंत्र महल मार्ग, जससिंह पुरा, उज्जैन, 2- शिवदत्त गुप्ता पिता श्री विध्याराम गुप्ता निवासी-19/3, अशोक नगर, फ्रीगंज उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति क्रमांक 1 सर्वे नंबर क्रमांक 1423 रकबा 1.12 हैक्टर मे से रकबा 0.24 हैक्टर, भूमि सर्वे क्रमांक 1424 रकबा 0.05 हैक्टर मे से रकबा 0.01 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 0.25 हैक्टर स्थित ग्राम मंगरौला, तहसील व जिला उज्जैन में है, जिसकी भूमि सर्वे क्रमांक 1423 रकबा 1.12 हैक्टर मे से रकबा 0.24 हैक्टर चर्तु:सीमा पूर्व दिशा में सर्वे क्रमांक 1428 की भूमि पश्चिम दिशा में सर्वे क्रमांक 1453 की भूमि प्रधान मंत्री सडक उत्तर दिशा में सर्वे क्रमांक 1423 की शेष भूमि दक्षिण दिशा में सर्वे क्रमांक 1423 की शेष भूमि है, व जिसकी भूमि सर्वे क्रमांक 11424 रकबा 0.05 हैक्टर मे से रकबा 0.01 हैक्टर चर्तु:सीमा पूर्व दिशा में सर्वे क्रमांक 1423 की भूमि पश्चिम दिशा में सर्वे क्रमांक 1454 की भूमि प्रधान मंत्री सडक उत्तर दिशा में सर्वे क्रमांक 1423 की शेष भूमि दक्षिण दिशा में सर्वे क्रमांक 1424 की शेष भूमि है, व भूमिस्वामी राधेश्याम परमार पिता श्री प्रकाश परमार निवासी 6/3, यंत्र महल मार्ग, जससिंह पुरा, उज्जैन, के एकांकी स्वामित्व एंव आधिपत्य की संपपत्ति क्रमांक 2 भूमि सर्वे क्रमांक 1465/1/1 रकबा 0.200 हैक्टर में से रकबा 0.050 हैक्टर स्थित ग्राम मंगरौला, तहसील व जिला उज्जैन में है, जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व दिशा में भूमि सर्वे क्रमांक 1457, पश्चिम दिशा में मुख्य उज्जैन / बदनावर फोर लेन मार्ग, उत्तर दिशा में भूमि सर्वे क्रमांक 1456 दक्षिण दिशा में मुख्य उज्जैन / बदनावर फोर लेन मार्ग है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 12-08-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर- डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मो. 99260-68606**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- शंकरलाल पिता श्री देवीसिंह जाति आंजना निवासी ग्राम कामल्याखेडी तहसील झारडा जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 298/2 रकबा 0-500 हेक्टर, सर्वे नंबर 299 रकबा 0-560 हेक्टर, सर्वे नंबर 300 रकबा 0-570 हेक्टर, सर्वे नंबर 301 रकबा 0-220 हेक्टर, सर्वे नंबर 302 रकबा 1-440 हेक्टर, सर्वे नंबर 303 रकबा 1-620 हेक्टर, सर्वे नंबर 304/1 रकबा 0-250 हेक्टर, सर्वे नंबर 304/3 रकबा 0-250 हेक्टर, सर्वे नंबर 305 रकबा 0-280 हेक्टर, सर्वे नंबर 321 रकबा 3-370 हेक्टर, सर्वे नंबर 322 रकबा 0-390 हेक्टर, सर्वे नंबर 323/1/1 रकबा 0-340 हेक्टर, सर्वे नंबर 324 रकबा 0-280 हेक्टर, सर्वे नंबर 329 रकबा 0-160 हेक्टर कुल रकबा 10-230 हेक्टर स्थित ग्राम कमल्याखेडी तहसील झारडा जिला उज्जैन (म.प्र.) में है इसी प्रकार 2- शंकरलाल पिता श्री देवीसिंह जाति आंजना निवासी ग्राम कामल्याखेडी तहसील झारडा जिला उज्जैन (म.प्र.) आदि से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 323/2 रकबा 0-920 हेक्टर स्थित ग्राम कमल्याखेडी तहसील झारडा जिला उज्जैन (म.प्र.) में है इस प्रकार कुल 11-150 हेक्टर भूमि को उसमें वैष्ठित समस्त सुखाधिकारों सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है तथा सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया होकर विधिवत् अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है एवं अनुबंधानुसार विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 12/08/2026 उज्जैन

कार्यालयीन समय सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन ( म.प्र. )**
**बंसल टाइपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**99779-70040, 96696-92188**

### क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन

#### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना कमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के द्वारा उज्जैन (दताना) एयरपोर्ट का विकास, जिसकी अधिकतम यात्री क्षमता- 450 यात्री, कुल क्षेत्रफल- 135.977 हेक्टेयर, दताना गांव के खसरा नंबर 419, 415, 619,627, 411, 405, 782, 407, 830, 408 × 835 हैं एवं नरवर गांव के खसरा नंबर 11, 146, 147, 201, 227, 925 और 931 तहसील एवं जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश राज्य के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) कार्यालय ग्राम पंचायत नरवर तहसील एवं जिला उज्जैन (5) कार्यालय ग्राम पंचायत दताना तहसील एवं जिला उज्जैन (6) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (7) म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (8) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन, जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 18.09.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे से स्थान आवेदित स्थल, ग्राम नरवर तहसील एवं जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**( क्षेत्रीय अधिकारी )**
**उज्जैन**

### In The Court Of II Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्री किशन देव सिंह पटेल**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000047/2025)**

**कान्ताबाई .......आवेदक**
**विरूद्ध**
**मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा प्रबंधक........अनावेदक**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक-27/08/2026**

**प्रेषिती-**
**( 1 ) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण**
**( 2 ) आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कान्ताबाई पति स्व. श्री रमेश राव, आयु-47 वर्ष लगभग, व्यवसाय-गृहिणी, निवासी- 289 ग्राम कमेड तहसील घटिया जिला उज्जैन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र दिये जाने के अधीन उसके पति श्री रमेश राव का अनावेदकगण क्रं. 1 प्रबंधक संचालक, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा चककमेड तहसील व जिला उज्जैन, क्रं.2 शाखा प्रबंधक, नर्मदा झाबआ ग्रामीण बैंक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की बैंक में खाता होने से अनावेदक क्रं. 3 प्रबंधक, दि न्य इंडिया इंश्योरेंस क्रं. लिमिटेड, पता-313/316, शिखर सेंट्रल पलासिया चौराहा ए बी रोड इंदौर म प्र द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत अनावेदक क्र.1 व 2 के यहां पर समूह बीमा किया गया था जिसमें आवेदिका के पति रमेश राव का बीमा पॉलिसी क्रमांक ग्रुप बीमा किया गया था जिसका पॉलिसी नंबर 45080042249200000001 होकर मास्टर पॉलिसी होल्डर नर्मदा झाबआ ग्रामीण बैंक अनावेदक क्रं.2 द्वारा बीमा पॉलिसी की आईडी नंबर देते हुए पॉलिसी प्रदान की गई थी, स्व. रमेश राव ईट भटटे पर मजदूरी करता था जो दिनांक 09/01/2025 को सुबह लगभग 7.20 बजे अपने घर से काम पर जा रहा था तब आगर रोड तरफ से गैस टेंकर क्रमांक एम पी-09-एचएच-3328 के चालक ने लापरवाहीपूर्क व तेजगति से वाहन चलाकर रमेश राव को टक्कर मार दी जो कि पैदल जा रहा था रमेश पर ट्रक का पहिया चढ गया जिससे रमेश राव की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। अनावेदकगण के द्वारा अपने खाता धारक की पॉलिसी में सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो लाख रुपये देने का प्रावधान है। मृतक रमेश आवेदिका का पति होने से उसकी एकमात्र वारिस/वैध उत्तराधिकारी है। आवेदिका ने मृतक रमेश राव निवासी 289 ग्राम कमेड तहसील घटिया जिला उज्जैन म प्र की उक्त प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत किये गये ग्रुप बीमा राशि 200000/-रुपये राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 अगस्त 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। तारीख 03 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दे-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**किशन देव सिंह पटेल**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड जिला-उज्जैन म.प्र.**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री मनोहर लाल चन्द्रावल पिता श्री चेनाजी, निवासी-ग्राम केसुनी तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-251/1/1 (स) रकबा 1.0200 हेक्टर (5 बीघा 02 बिस्वा) ग्राम केसोनी प. ह. नं.-90 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-12.08.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय -ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

### जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण पुरूषोत्तम पिता जगदीशचन्द्रजी, बाबुलाल पिता जगदीशचन्द्रजी, मुकेश पिता जगदीशचन्द्रजी निवासीगण महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम घोंसला तहसील महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 563/1/1 रकबा 0.49 हैक्टयर कृषि भूमि को कय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर दी है, तथा सौदा चिटठी भी निष्पादित करवा ली है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमियों में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो तो ऐसे ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेतागण से उक्त कृषि भूमिं का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो। दिनांक 12-08-2026

**अतुल लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर**
**जिला उज्जैन मध्यप्रदेश मो. 9669443020**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामीगण 1. आसिफ शेख पिता अब्दुल रज्जाक, निवासी-34, नजरअली मार्ग, मिल्कीपुरा, उज्जैन व 2 नासिर एहमद शेख पिता अब्दुल नसीब शेख, निवासी-40, अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य व फ्रीहोल्ड् राईट्स का भूखण्ड क्रमांक 68, स्थित कला जानकी प्रेम, एम. आर-5 रोड़, कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य सड़क से अन्दर की ओर कालोनी में होकर आवासीय उपयोग का हैं तथा जिसकी लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 14.032 मीटर व बतरफ दक्षिण 14.362 मीटर एवं जिसकी चौड़ाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 5.51 मीटर व बतरफ पश्चिम 5.50 मीटर होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 78.084 वर्गमीटर हैं तथा जिसके पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक ई-7 व ई-6, पश्चिम दिशा में कालोनी का रास्ता, उत्तर दिशा में-भूखण्ड क्रमांक 67 व दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक 69 हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित एवं निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी संस्था, व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्था, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 6 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियाद किसी की कोई भी आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा।

दिनांक-12.08.2026. उज्जैन.

**निखिल सोडानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आरटीओ आफिस के पिछे, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 9301376778**

### जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दुकान स्वामी कुंदन राव पिता श्री यशवंत राव निवासी-364 नंदबाग कॉलोनी, बाणगंगा, इंदौर (म.प्र.) के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में दुकान जो भवन म्यू. नं.-33/2 के तल मंजिल भाग पर निर्मित होकर महाकाल सिंधी कॉलोनी, उज्जैन में स्थित है। जिसकी लम्बाई उत्तर से दक्षिण 4.87 मीटर तथा चौड़ाई पूर्व से पश्चिम 3.35 मीटर होकर ग्दुकान का कुल क्षेत्रफल 16.31 वर्गमीटर है। दुकान के विकय में छत अर्थात हवाई हक शामिल नहीं है। दुकान की चर्तु:सीमा मे पूर्व मे बंद गली, पश्चिम में देवेन्द्र कुमार सोलंकी मकान, उत्तर में मकान मोहनलाल सोलंकी का, दक्षिण में रास्ता है। मेरे पक्षकार ने दुकान स्वामी से उक्त वर्णित दुकान को कय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त दुकान पर दुकानस्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

दिनांक-13-08-2026

**सौरभ झांग्यानी एडवोकेट**
**कार्यालय-डीएफ-10, प्रथम मंजिल, भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन मो. 9893475352**

### जाहिर सूचना

भूमि सर्वे नं. 132 रकबा 0.800 हेक्टर (चार बीघा) भूमि स्थित ग्राम ढाबलाधूता तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. बाबत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1 श्रीमती कमला बाई पति श्री आत्माराम निवासी-ढाबलाधूता तह. घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) 2- श्री सुरेश निम्बोला पिता श्री आत्माराम निम्बोला निवासी-ढाबलाधूता तह. घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.). 3- श्री शंकर पिता श्री आत्माराम, निवासी ढाबलाधूता तह. घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.).. से क्रय अनुबंधित भूमि सर्वे नं. 132 रकबा 0.800 हेक्टर (चार बीघा) भूमि स्थित ग्राम ढाबलाधूता तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. जो कि पूर्व में शंकरलाल का खेत, पश्चिम में- नगजीराम जी का खेत, उत्तर में सरकारी रास्ता, दक्षिण में सुरेश (गोयला वाले का खेत), को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने हेतू अनुबंध पत्र दिनांक 10.08.2026 पर आंशिक राशि दे दी गई है यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनो में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से प्रेषित करें, अवधि पश्चात् सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा इसके पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नही रहेगी।

**शैलेन्द्र प्रजापत ( एड्व्होकेट )**
**कार्यालय: ऑफिस नं. 163, प्रथम तल, सी-21 मॉल नानाखेडा, उज्जैन मो. 9713540193**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भूमि स्वामी कृषक (1) दरबारसिंह पिता नारायणसिंह जाति राजपुत (2) सरेकुंवर बेवा नारायणसिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम केसरपुर निपानिया तहसील तराना जिला उज्जैन कि अपने स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम केसरपुर निपानिया तहसील तराना जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 92/3/2 रकबा 0.25 हेक्टेयर भुमि कुल सर्वे नम्बर 01 कुल रकबा 0.25 हेक्टेयर भूमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्दधशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित में संपादित करवायेंगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगडा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो ।

**दिनांक-12-08-2026**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक**
**रवि प्रजापति एडवोकेट तराना**
**मो. 8827905460**

### जाहिर-सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री महादेवसिंह पिता करणसिंह जाति-आंजना एवं श्री करणसिंह पिता रामसिंह निवासीगण-ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के निवास से कृषि भूमि सर्वे क्रं.553/3/1/1 रकबा 0.79 हेक्टेयर कृषि भूमि ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित है जिसके स्वामित्व एवं अधिपतिधारी महादेवसिंह पिता करणसिंह जाति-आंजना एवं श्री करणसिंह पिता रामसिंह हैं। क्रय करने का अनुबंध किया गया है, उक्त कृषि भूमि पर किसी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था इत्यादि का भार, बोझ, गिरवी, हित, अधिकार, डिग्री, अटेचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से दिनांक से 7 दिनों में मय लेख, प्रमाण आदि संबंधी दस्तावेज के साथ अपनी आपत्ति रजिस्टर्ड डाक द्वारा नीचे दिये गये पते पर प्रेषित करें या स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे कार्यालय में संपर्क करें अन्यथा अवधि पश्चात सदर संपत्ति के विक्रय पत्र पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा तथा तत्पश्चात कोई उज्र, आपत्ति व सूचना स्वीकार नहीं की जायेगी और मेरे पक्षकार के द्वारा किये गये विक्रय पत्र पर बंधनकारक व मान्य नहीं होगी। सो सूचित होवे।

दिनांकि-12-08-2026

**दशरथ परमार एडवोकेट**
**कार्यालय नवीन न्यायालय परिसर**
**कोठी पैलेस, उज्जैन मो. 7879342340**

### जाहिर-सूचना

मेरे पक्षकार श्रीराम फायनेंस लिमिटेड उज्जैन की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि एक भवन / भूखंड जो कि भूमि सर्वे कमांक 569 पैकी नगर पंचायत क्षेत्र वार्ड क्रमांक 10 लक्ष्मीबाई मार्ग कस्बा खातेगांव प.ह.नं. 18 तहसील खातेगांव जिला देवास में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 2160 वर्गफीट अर्थात 200.74 वर्गमीटर है जिसके पूर्व में रोड नगरपालिका का, पश्चिम में प्रकाश अरूण दुबे का बाडा, उत्तर में-सुबोध दुबे का मकान, दक्षिण में विक्रेता का मकान स्थित है उक्त संपत्ति श्रीमती राजकुमारी पति श्री सुभाषजी दुबे ने बजर्ये ई रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 705 दिनांक 20.01.2010 के माध्यम से इसके पूर्वस्वामी सुभाष पिता श्री भागीरथजी दुबे से विधिवत रूप से कय की थी तथा उक्त संपत्ति का मूल विक्रय पत्र क्रमांक 705 दिनांक 20.01.2010 कही गुम हो गया है जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस थाना खातेगांव जिला देवास में दिनांक 15.07.2026 को दर्ज करवा दी गई है तथा उक्त संपत्ति पर श्रीमती राजकुमारी पति श्री सुभाषजी दुबे ने ऋण प्राप्त करने हेतु श्रीराम फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे है अत: सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था, पेढी, बैंक आदि का कोई हित हिस्सा अधिकार या अन्य किसी भी प्रकार का लेन-देन हो तो सूचना प्रकाशन की दिनांक से 05 दिन के अंदर लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा आदि मेरे पक्षकार श्रीराम फायनेंस लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार श्रीराम फायनेंस लिमिटेड उज्जैन का रहेगा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इतिदिनांक 12.08.2026

**रविनंदन सिंह हंस, एडवोकेट**
**डीएफ-8, प्रथम मंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 9691514933**

# रतलाम भाजयुमो की तिरंगा रैली का समापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम



भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला रतलाम द्वारा आयोजित तिरंगा वाहन रैली के समापन अवसर पर भव्य मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम टेलर ने रतलाम जिले के युवाओं से राष्ट्रभक्ति की भावना को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुकूल सोनी ने मंचासीन सभी अतिथियों का तिरंगा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। श्री सोनी ने स्वागत भाषण के माध्यम से कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं रतलाम जिले की 5 विधानसभा के 25 मंडलों से बड़ी संख्या में उपस्थित युवा मोर्चा कार्यकताओं का अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने रैली में शामिल सभी युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम के पश्चात यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार से राष्ट्रध्वज तिरंगे का अपमान न हो। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि रैली में उपलब्ध कराए गए तिरंगे को 15 अगस्त को अपने घर पर सम्मानपूर्वक सबसे ऊँची जगह पर फहराएं तथा सदैव तिरंगे की गरिमा एवं सम्मान का विशेष ध्यान रखें। कार्यक्रम को रतलाम महापौर प्रहलाद पटेल एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री श्री विप्लव जैन ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने युवाओं से राष्ट्रहित एवं संगठन के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, आर.डी.ए. अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग पुरोहित, शैलेन्द्र डागा, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप यादव, सैलाना की पूर्व विधायक संगीता चारेल, अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप मकवाना आदि उपस्थित थे।

## न्यूज-कॉलम

### कुं शक्तावत ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पुष्प गुच्छ किए भेंट



**पिपलिया मंडी।** 11अगस्त को गरीबों के मसीहा,युवाओं के दिलों की आवाज तथा असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मध्य प्रदेश कांग्रेस के जुझारू प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को उनके आवास पर उपस्थित होकर पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया एवं साथ ही साथ दतिया में कांग्रेस पार्टी की विजय हेतु उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियानंतर्गत सीतामऊ में शिविर कल

**मन्दसौर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले के सीतामऊ में 14 अगस्त को एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह ने शिविर की व्यवस्थाओं के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों और समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण करना है। जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव नहीं होगा, उनमें समय-सीमा तय कर कार्यवाही की जाएगी। शिविर के दौरान प्रथम सत्र में प्रशासनिक अधिकारी सीतामऊ नगरीय क्षेत्र के समस्त वार्डों का दौरा कर जनसमस्याएं सुनेंगे।

### डिप्टी सीएम श्री देवड़ा मंदसौर में करेंगे ध्वजारोहण

**मन्दसौर।** आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का मुख्य जिला स्तरीय समारोह राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इसी क्रम में जिला कलेक्टोरेट परिसर में प्रातः 8 बजे कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रातः 7.30 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### हरियाली अमावस्या पर छायन में हुआ पौधारोपण

**नीमच।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत छायन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य के लिए भी आवश्यक है। पौधारोपण के साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करना भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

### नगर में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**मंदसौर।** दशपुर तिरंगा यात्रा समिति के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा शाम 4 बजे महाराणा प्रताप बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा और बस स्टैंड से होती हुई भारत माता चौराहा पहुंचेगी, जहाँ भारत माता की महाआरती के साथ यात्रा का औपचारिक समापन होगा।

# त्रैमासिक परीक्षा से पहले निशुल्क किताबें न मिलने पर एबीवीपी का प्रदर्शन

## 20 अगस्त तक वितरण का मिला आश्वासन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एबीवीपी ने निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण में हो रही देरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। 1 सितंबर से शुरू होने वाली त्रैमासिक परीक्षाओं के बेहद करीब होने के बावजूद कक्षा ९वीं से १२वीं तक के कई विद्यार्थियों को अब तक सभी विषयों की किताबें नहीं मिल पाई हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। एबीवीपी के नगर मंत्री तरुण शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं और छात्रों ने परिसर में नारेबाजी करते हुए मांग रखी कि निशुल्क योजना के तहत मिलने वाली किताबों के अभाव में विद्यार्थियों को बाजार से पुस्तकें खरीदने के लिए विवश न किया जाए।

प्रदर्शन के उपरांत एबीवीपी ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर सभी लंबित पाठ्यपुस्तकों का तत्काल वितरण सुनिश्चित करने, वितरण में हुई देरी की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय पर किताबें नहीं उपलब्ध कराई गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि राज्य स्तर से आवंटन न होने के कारण कुछ पुस्तकों का वितरण अटका हुआ था। उन्होंने छात्रों को राहत देने के लिए स्कूल में मौजूद अतिरिक्त किताबों के वितरण का प्रबंध करने तथा २० अगस्त से पहले सभी विद्यार्थियों को शेष पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

# कबीर इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया ग्रीन डे



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय कबीर इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन डे बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति, हरियाली, पेड़-पौधों तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रत्ना प्रभा जी रणावत* ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश देते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। हमें प्रकृति की रक्षा को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने तथा अपने आसपास हरियाली बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



# जिला सेन समाज ने मनाया हरियाली महोत्सव, तिरंगा यात्रा निकाली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मन्दसौर

जिला सेन समाज मंदसौर द्वारा हरियाली महोत्सव, भव्य तिरंगा यात्रा, समाज मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि सेन जी महाराज के नाम पर 21 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ हुआ। इसके पश्चात नगर में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें समाज जनों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान जिलेभर से आई 125 से अधिक शैक्षणिक एवं अन्य क्षेत्रों की मेधावी प्रतिभाओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विष्णु सेन कछावा, रामनारायण चौहान, वल्लभ देवड़ा, शेखरराज चौहान, मोतीलाल साठ खेड़ा सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष समरथ सेन गेहलोद, कार्यकारी अध्यक्ष गिरिराज चौहान एवं युवा अध्यक्ष हीरालाल सेन एवं युवा कार्यकारी अध्यक्ष श्री दयाराम चौहान ने की। कार्यक्रम का संचालन विकास सेन और अर्पित सेन ने किया तथा आभार राहुल चौहान ने माना।

# अदभूत, अलौकिक, हरियाली उत्सव पर प्रकृति के रंग में रंगीं माँ भादवा माता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच



मध्यप्रदेश के नीमच जिले में स्थित सुप्रसिद्ध और चमत्कारी भादवा माता मंदिर से इस वक्त एक बेहद खूबसूरत और मनमोहक तस्वीर सामने आ रही है। हरियाली उत्सव के पावन अवसर पर मां महामाया के दरबार को पूरी तरह से प्रकृति के अनुपम रंगों से सजाया गया है। माता रानी का यह भव्य और अलौकिक रूप देखकर भक्त भाव-विभोर हो रहे हैं और पूरा प्रांगण 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा है।

**ताजे फूलों और हरी पत्तियों से बना दिव्य गर्भगृह**

सामने आई तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि मां महामाया का श्रृंगार इस बार कितना खास और अनूठा है। हरियाली उत्सव की महत्ता को देखते हुए पूरे गर्भगृह को हरे-भरे ताजे पत्तों, टहनियों और विशेष पुष्प मालाओं से एक प्राकृतिक गुफा की तरह सजाया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो स्वयं प्रकृति माता ने मां महामाया को अपनी गोद में समेट लिया हो।

**मनमोहक श्रृंगार पर टिकी भक्तों की नजरें**

नीले और सुनहरे रंग की सुंदर पोशाक में मां महामाया का मुखमंडल अत्यंत देदीप्यमान लग रहा है। माता के गले में गेंदे, गुलाब और मोगरे के सुगंधित फूलों की मालाएं शोभा बढ़ा रही हैं। माता के ठीक सामने जल रही अखंड ज्योत और पूजा की थाली इस दृश्य को और भी जीवंत और आध्यात्मिक बना रही है। चांदी के नक्काशीदार पिलर और सिंह (शेर) की आकृतियों के बीच माता का यह रूप किसी अलौकिक लोक का अहसास करा रहा है।

मालवा अंचल ही नहीं, बल्कि पूरे देश में भादवा माता मंदिर की भारी मान्यता है। कहा जाता है कि यहां आने वाले लकवाग्रस्त और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज माता की कृपा और यहां स्थित पवित्र बावड़ी के जल से चमत्कारिक रूप से स्वस्थ हो जाते हैं। ऐसे में विशेष अवसरों और त्योहारों पर माता का ऐसा दिव्य श्रृंगार देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु नीमच पहुंच रहे हैं। यदि आप मंदिर नहीं जा पाए हैं, तो घर बैठे ही मां महामाया के इस पावन और भव्य रूप के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाएं।

# हरियाली अमावस्या पर कावड़ यात्रा निकली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

जिले के जावत तहसील के आनंद महादेव से कावड़ यात्रा का आयोजन हुआ द्य सावन माह के पावन अवसर पर बुधवार को सुखानंद धाम से नीमच तक 31 वीं विशाल पैदल कांवड़ यात्रा निकाली गई। करीब 45 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर कांवड़िये नीमच पहुंचे। यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। डीजे पर गूंजते भगवान भोलेनाथ के भजनों और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय नजर आया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जावद तहसील के पवित्र धार्मिक स्थल सुखानंद धाम से श्री शिव शंकर मठ के महंत भास्करानंद गिरि महाराज एवं उनके शिष्य महंत धमानंद जी महाराज के सानिध्य तथा मेघा बापू के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में शामिल होने के लिए मंगलवार शाम कांवड़िये बसों के माध्यम से सुखानंद धाम पहुंचे। यहां रात्रि में कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।बुधवार सुबह कांवड़ियों ने सुखानंद धाम के पवित्र कुंड से जल भरा और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। इसके बाद सुबह करीब 6 बजे कांवड़ यात्रा नीमच के लिए रवाना हुई। कांवड़िये जावद,सुआखेड़ा, डूंगलावदा, पुस्तक बाजार,जाजू बिल्डिंग, घण्टाघर,नया बाजार, बारादरी बस स्टैंड होते हुए नीमच सिटी स्थित शिव शंकर मठ बाबा महाकाल भोलेनाथ मंदिर पहुंचे।मंदिर पहुंचने पर सुखानंद धाम से लाए गए पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।

# पत्रकारों से चिकित्सा संबंधी व्यय आधा करने श्री शारदा ने लिखा पत्र

**नीमच ।** मध्यप्रदेश श्रम सलाहकार परिषद राज्य सरकार श्रम विभाग में सदस्य और अध्यक्ष असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट् भोपाल प्रदेशाध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने बंसल हास्पिटल भोपाल के मैनेजिंग डायरेक्टर को मार्मिक पत्र लिखकर पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा मे 50 प्रतिशत रियायत करने पत्र लिखा है। मीडिया में कार्यरत पत्रकारों एवं गैर पत्रकारों की आर्थिक स्थिति से सभी भली भांति परिचित हैं। इस महंगाई के दौर में उसे घर की जरूरत, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य का भारी बोझ उठाना पड़ रहा है। मीडिया संस्थानों द्वारा दिया जाने वाला वेतन इन सब कामों की पूर्ति में ही कम पड़ता है।राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग द्वारा पत्रकारों का बीमा कराया जाता है, जिसमें सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के अनुसार बीमा राशि सरकारी स्तर से दी जाती है परंतु वह राशि कई बार कम पड़ जाती है। और इलाज पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। जिसका समर्थन करते हुए असेंबली आफ एमपी जनरलिस्ट जिला अध्यक्ष डॉ जीवन कौशिक ने नीमच सहित अन्य जिलों में भी निजी चिकित्सालय में पत्रकारों को उपचार शुल्क में रियायत देने की मांग करते हुए श्री शारदा का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## अंतरराष्ट्रीय युवक दिवस पर

# छात्रावास के युवाओं का फूल भेंट कर किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलीया मंडी



अंतरराष्ट्रीय युवक दिवस पर बुधवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,विशेष आर्मत्रित सदस्य भूपेंद्र महावर,जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव महेंद्र गेहलोत, कांग्रेसनेता दिनेश गुप्ता काचरिया, अनिल मुलासिया, भेरूपप्पू गुर्जर आदि राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह सीनियर बालक छात्रावास पहुंचे व गुलाब के फूल भेंट कर मालपुआ खिलाकर उनका सम्मान किया।इस मौके पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि १२ अगस्त को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस इसी युवा शक्ति की संभावनाओ,उपलब्धियो ओर चुनोतियों को सामने लाने का अवसर देता है।यह दिन इस बात पर विचार करने का भी मौका है कि युवाओं को बेहतर शिक्षा,कोशल ओर रोजगार के अवसर देकर उन्हें देश और दुनिया के विकास में ओर प्रभावी भागीदारी कैसे बनाया जासकता है।शर्मा ने कहा कि दुनिया की आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी है ओर यही कारण है कि किसी भी देश की सामाजिक और आर्थिक दिशा तय करने में उनकी भूमिका अहम हो जाती है।युवा उर्जानये विचार और जोखिम उठाने की क्षमता के साथ पारंपरिक व्यवस्थाओं को नई दिशा देने में संक्षम होते है।आज शोध डिजिटल तकनीक,कृतिम बुद्धिमता, अंतरिक्ष, विज्ञान, ओर रचनात्मक उद्योगों तक युवाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। कांग्रेसनेता भूपेंद्र महावर ने कहा कि युवाओं के भविष्य का सबसे महत्वपूर्ण आधार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और रोजगारपरक कौशल है। युवा केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नही है सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण सरक्षण, लैगिंक समानता,शिक्षा स्वास्थ, स्वच्छता ओर सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में भी उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है।

## न्यूज कालम



### राजीव गांधी पीजी कॉलेज में अंतर राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुए व्याख्यान

**मन्दसौर।** पीएम एक्सीलेंस राजीव गांधी गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज के प्रबंध विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप एवं एंटरप्रेन्योरशिपज विषय पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दूबे की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. डी. सी. गुप्ता ने स्टार्टअप संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. अनिल कुमार आर्य ने युवाओं को सोशल मीडिया रील में समय गंवाने के बजाय अपने व्यक्तित्व निर्माण पर ध्यान देने की सलाह दी। प्रबंध विभागाध्यक्ष डॉ. आरती परिहार, आईईसी कोऑर्डिनेटर डॉ. यशवंत पंवार और डॉ. रजत जैन ने विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक, कौशल विकास तथा धारणीय विकास के सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी। शालू नलवाया के संचालन और साक्षी विजयवर्गीय के आभार प्रदर्शन के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम में 108 विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की।

### हरियाली अमावस्या पर ग्रीन डे और फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता आयोजित



**मंदसौर।** सेंट कबीर पब्लिक स्कूल में हरियाली अमावस्या (ग्रीन डे) पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल वाहिद रईस, सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षिका शांता व्यास, विद्यालय के डायरेक्टर शेर मोहम्मद खान एवं पत्रकार अब्दुल मतीन खान की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के कौशल एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए च्फूड विदाउट फायरज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 20 टीमों ने हिस्सा लिया। बिना आग का उपयोग किए विद्यार्थियों ने सैंडविच, ढोकला, आम पन्ना, पनीर लड्डू, सत्तू मिठाई, स्प्राउट्स चाट और विभिन्न प्रकार की लस्सी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आलिया एवं आफरीन ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान गुनगुन, दीक्षिता, अर्जुन एवं अर्शान की टीम को मिला, जबकि तृतीय स्थान पर सौरभ, फरहाद, माहिनूर, सिया एवं आमिन रहे। सांत्वना पुरस्कार लवीशा को दिया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य नीता भदौरिया सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बनाते राजस्थान के तीन आरोपी गिरफ्तार



**मंदसौर।** जिले के भानपुरा थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लूट की योजना बना रहे तीन कुख्यात बदमाशों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम करमदीखेड़ा स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास स्थित बंद दुकानों के पीछे से इन बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कल्लू पिता श्यामलाल कंजर निवासी रेनखेड़ा, चित्तौड़गढ़, बादल पिता इंदरमल कंजर निवासी धांगनमऊ कलां, चित्तौड़गढ़ और दिनेश पिता चतुर्भुज बागरी निवासी देवली कला, कोटा शामिल हैं। अंधेरे का लाभ उठाकर भानपुरा निवासी राहुल बांछड़ा और रणजीत बांछड़ा मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से एक तलवार, लोहे का सरिया, लाल मिर्च पाउडर और लट्ठ जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध धारा 310(4), 310(5) बीएनएस एवं 25आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-मेसर्स अल्ट्रा होम प्रोडक्ट प्रा.लि. प्रो. रविन्द्र कुमार बाफना क्रेता- यश होम शेड एलएलपी फर्म तर्फे पार्टनर रविन्द्र पिता रोशनलाल बाफना वार्ड क्रं. 56 पता-340 शिपाजी नगर इन्दौर पिन- 1000879968 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- वसअस हेल्थ केयर लिमिटेड क्रेता- 1- समीक्षा सोनेल पति रवि सोनेल 2- रवि प्रेमचंद सोनेल पता- ए-506 ब्लाक-ए आदित्य गेत्वे भूखंड क्रं. -42 इन्दौर पिन- 9000218659 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती साधना चौधरी पति पुरुषोत्तम, श्रीमती नीलम चौधरी पति महक पता-मकान नं. 5ई गुरुकृपा आवास विहार इन्दौर पिन- 1000831114 वार्ड-4 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### मणी भाई के निधन से समाज में शोक की लहर

**सारंगपुर।** कडवा पाटीदार समाज की विश्व प्रसिद्ध संस्था मां उमिया माता संस्थान, ऊंझा के पूर्व



अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी मणी भाई (मम्मी) का निधन हो गया है। उनके देवलोकगमन से पूरे पाटीदार समाज में गहरा शोक व्याप्त है। मणी भाई ने मध्य प्रदेश के पाटीदार समाज को गुजरात से जोडने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उनके प्रयासों से मध्य प्रदेश की अनेक शैक्षणिक, धार्मिक संस्थाओं और धर्मशालाओं को गुजरात से बडा दान व सहयोग मिला। समाज को संगठित करने और जनसेवा के कार्यों में उनका योगदान अतुलनीय रहा। मध्य प्रदेश पाटीदार समाज संगठन के पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता एवं समाजसेवी नरेन्द्र कुमार पाटीदार ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अखलाख अहमद बने हेला समाज के सदर

**सुसनेर।** समाज की सर्वसम्मति से अखलाख अहमद को हेला समाज का नया सदर नियुक्त किया गया है। डाक बंगला रोड स्थित हेला कॉलोनी में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अखलाख अहमद के नाम की घोषणा की गई। बैठक के दौरान राजू मेट और पूर्व पार्षद जाबिर हुसैन को उपाध्यक्ष, कादिर खान को सचिव तथा शानू मियादाद को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। मनोनयन के बाद समाज के लोगों ने नव-नियुक्त सदर अखलाख अहमद का फूलमाला पहनाकर और साफा बांधकर स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

### 13 वर्ष से फरार 4 स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में थाना बोडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 वर्षों से फरार 4 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी अनुसार स्थाई वारंट के तहत आरोपी रीमा बाई पिता प्रेम सिंह, रामोबाई पति नरपतसिंह, रामवती पति विजय सिंह, कालीबाई पति दिलीप सिंह सांसी निवासी कड़िया सासी पिछले 13 साल से न्यायालय जेएमएफसी बासोदा जिला विदिशा के प्रकरण 739/13 धारा 379 में फरार चल रही थी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु कई प्रयास किए किंतु वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचती रही, थाना प्रभारी बोडा ने कार्रवाई करते हुए ग्राम कडिया सासी में दबिश दी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### खैराना से बाबा बैजनाथ के लिए रवाना हुई डाक कावड़ यात्रा

**सुसनेर।** मंगलवार को सावन माह के अवसर पर ग्राम खैराना से डाक कावड़ यात्रा बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुई। डाक समिति खैराना के नेतृत्व में निकली यात्रा में बड़ी संख्या में कावड़िए और शिवभक्त शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। भक्तों में यात्रा को लेकर खासा उत्साह नजर आया। समिति के सदस्यों ने बताया कि कावड़िए बाबा बैजनाथ धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

### राठौर ने भोपाल पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**सुसनेर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर ने मंगलवार को भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से आत्मीय भेंट की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का दायित्व मिलने पर राठौर ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। राठौर ने प्रदेश अध्यक्ष के स्नेह, विश्वास एवं शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ निभाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार से भी मुलाकात हुई।

# सुसनेर में दिनभर छाए रहे बादल शाम को बरसा पानी, बारिश का आंकड़ा 21 इंच पहुँचा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



सावन के महीने में सुसनेर क्षेत्र में बारिश का दौर लगातार बना हुआ है। सोमवार को हुई बारिश के बाद मंगलवार को दिनभर मौसम बदला हुआ रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और बारिश की संभावना बनी रही लेकिन दिनभर बारिश नहीं हुई। शाम करीब 6 बजे बाद हल्की बारिश शुरू हुई, जो खबर लिखे जाने तक जारी थी। हल्की बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई और वातावरण सुहावना हो गया।

मंगलवार सुबह जारी वर्षा के आंकड़ों के अनुसार सोमवार को सुसनेर में 2.45 इंच बारिश दर्ज की गई। सोमवार की बारिश के साथ ही 1 जून से मंगलवार तक सुसनेर में कुल बारिश का आंकड़ा 21.00 इंच पहुंच गया है। सोमवार को दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश के बाद मंगलवार को सुबह से ही बादलों की आवाजाही बनी रही। लोगों को दिनभर बारिश का इंतजार रहा, लेकिन शाम तक मौसम सामान्य बना रहा।

सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहने से मौसम बारिश के अनुकूल नजर आया। हालांकि दोपहर और शाम तक बारिश नहीं हुई। इस दौरान बाजार और सड़कों पर सामान्य आवाजाही बनी रही। शाम करीब 6 बजे बाद अचानक हल्की बारिश शुरू हो गई। खबर लिखे जाने तक बारिश हल्की गति से जारी थी। बारिश तेज नहीं होने से जनजीवन सामान्य रहा और लोगों को किसी तरह की विशेष परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

सुसनेर में 1 जून से मंगलवार तक कुल 21.00 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। मंगलवार सुबह जारी आंकड़ों में सोमवार की बारिश 2.45 इंच दर्ज की गई। बारिश के चलते पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। सोमवार को बारिश के बाद मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहने और शाम को हल्की बारिश होने से मौसम में ठंडक बनी रही। फिलहाल शाम को शुरू हुई हल्की बारिश खबर लिखे जाने तक जारी थी। बारिश की रफ्तार सामान्य रहने से जनजीवन पर कोई विशेष असर नहीं पड़ा। मौसम के इस बदलाव के बीच लोगों को आगामी दिनों में भी बारिश होने की उम्मीद बनी हुई है।

#### स्कूलों में रहा अवकाश

लगातार बारिश और मौसम की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने मंगलवार 11 अगस्त को नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में अवकाश घोषित किया था। प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया। मंगलवार को स्कूलों में अवकाश रहने से विद्यार्थियों को स्कूल नहीं जाना पड़ा।

कृषि उपज मंडी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव के दौरान

## किसानों को घटिया एवं फफूंद लगा भोजन परोसने के मामले में युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा



कृषि उपज मंडी ब्यावरा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव के दौरान किसानों को परोसे गए घटिया, फफूंद लगे एवं बदबूदार भोजन की शिकायत को लेकर युवा कांग्रेस विधानसभा ब्यावरा के अध्यक्ष राजेश सौंधिया ब्लॉक अध्यक्ष राजू सौंधिया के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी ब्यावरा को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष एवं तत्काल जांच की मांग की गई।

ज्ञापन में भोजन एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच, भोजन तैयार एवं वितरित करने वाले जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही भविष्य में किसानों एवं आमजन के स्वास्थ्य के साथ इस प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा, श्री अमन अरोरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, जिला कांग्रेस उपाध्याक्ष महेंद्र यादव, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चैन सिंह गुर्जर, गादीया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जाट, कपिल शिवहरे, फूलसिंह वर्मा, यूनुस मोहम्मद शिव दांगी, अर्जुन चौहान सुरेश दांगी, लेखराज लोधी, विष्णु गुर्जर एवं मानक जोशी जीतू महावर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनके सम्मान और स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है। फोटो ब्यावरा 32

## सफाईकर्मियों के लिए सफाई साधनों की मांग मंडावलिया ने की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा बरसात के दिनों में मैदानी स्तर पर काम करने वाले सफाईमित्रों को आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के त्वरित निराकरण के संबंध में स्वच्छता विभाग की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान स्वच्छता समिति के सभापति नारायण मंडावलिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सफाईकर्मियों की समस्याओं से विस्तार से अवगत कराते हुए उनके जल्द समाधान के निर्देश दिए।

सभापति नारायण मंडावलिया ने मुख्य रूप से इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान मानसून सत्र में लगातार बारिश के बीच खुले में कार्य करने वाले सफाईमित्रों तथा रोजाना पानी की सप्लाई करने वाले कर्मचारियों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्य के दौरान भीगने के कारण इन कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सभी संबंधित कर्मचारियों के लिए तत्काल प्रभाव से उच्च गुणवत्ता वाले रैनकोट उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग उठाई। इसके साथ ही, नगर में साफ-सफाई के स्तर को और अधिक प्रभावी व सुचारू बनाने के लिए आवश्यक कार्य सामग्री-जैसे हाथ कचरा गाड़ी, पावड़ी, तगारी, पावड़ा आदि-सभी सफाई कर्मचारियों को समय पर प्रदान किए जाने पर विशेष बल दिया गया।

#### आवश्यक सामग्री वितरित करने का दिया आश्वासन

सभापति ने कहा कि सुरक्षा उपकरणों और आवश्यक उपकरणों के अभाव में कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पर्याप्त सामग्री मिलने से कर्मचारी पूरी मुस्तैदी, सुरक्षा और उत्साह के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। बैठक के अंत में नगर पालिका प्रशासन ने इन सभी मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द से जल्द आवश्यक सामग्री वितरित करने का आश्वासन दिया है।

## चेक बाउंस मामले में आरोपी को एक वर्ष का कारावास

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

न्यायालय न्यायिक दण्डाधिकारी महिदपुर (सुश्री चेतना दशोरा) के न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक एससीएनआईए 28/2025 में दिनांक 11 अगस्त 2026 को चेक बाउंस के मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया गया।

न्यायालय ने आरोपी अशोक कुमार तिवारी पिता पूरालाल तिवारी, निवासी ग्राम जगोटी, तहसील महिदपुर को एक वर्ष के कारावास से दण्डित किया है। साथ ही आरोपी को परिवादी को चेक राशि 2,40,000 रुपये तथा 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज 50,000 रुपये, इस प्रकार कुल 2,90,000 रुपये अदा करने का आदेश दिया गया है। प्रकरण के अनुसार आरोपी ने परिवादी से पारिवारिक एवं व्यवसायिक आवश्यकता के लिए 2 लाख 40 हजार रुपये ऋण के रूप में प्राप्त किए थे। उक्त राशि के भुगतान के लिए आरोपी द्वारा परिवादी को चेक प्रदान किया गया था। निर्धारित समय पर चेक का भुगतान नहीं होने पर परिवादी ने न्यायालय में परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत परिवाद प्रस्तुत किया।

प्रकरण की सुनवाई के पश्चात न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाते हुए उक्त सजा एवं राशि भुगतान का आदेश पारित किया।

## वैश्य धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर

**ब्यावरा।** स्थानीय मेड़तवाल धर्मशाला ब्यावरा में विष्णुदत्त गुप्ता घाटीवाले की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन ब्यावरा के द्वारा विशाल रक्तदान का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 4 महिलाओं सहित कुल 43 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया। ब्यावरा नगर में लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन होता रहता है' ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए फिर यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरूआत मां फलोदी की पूजा अर्चना से शुरू हुई। इस कार्यक्रम में रामचंद्र दांगी, डॉ भारत वर्मा अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, पवन कुशवाह उपस्थित रहे।

जवाहर विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक परिषद की बैठक

## 280 अभिभावकों ने की सहभागिता, चारों ब्लॉक से अभिभावक प्रतिनिधियों का चयन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय अभिभावक-शिक्षक परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा करना रहा। बैठक में करीब 280 अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक के दौरान आगर, बड़ोद, नलखेड़ा एवं सुसनेर ब्लॉक के लिए नए अभिभावक प्रतिनिधियों का चयन किया गया। प्रत्येक ब्लॉक से दो पुरुष एवं दो महिला प्रतिनिधि चुने गए। आगर ब्लॉक से ओमप्रकाश तिवारी, पायल राठौर, किरण सोनी एवं दयाराम सूर्यवंशी, बड़ोद ब्लॉक से जया जी, शिव मालवीय, तमा बाई एवं पवन व्यास तथा सुसनेर ब्लॉक से बाबूलाल यादव, ईश्वर सिंह सोलंकी, बबीता भावसार एवं अर्चना जैन को प्रतिनिधि चुना गया। नलखेड़ा ब्लॉक से रूपेश जैन, गोपाल कृष्ण पाटीदार एवं अर्चना पाटीदार सहित अन्य प्रतिनिधियों का चयन किया गया।

शिक्षक प्रतिनिधियों के रूप में अंजनी कुमार गौड़, प्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार मीणा, आशिमा बिष्ट एवं अजय कुमार भारती का चयन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अब्दुल अजीज ने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के साथ उनके व्यक्तित्व विकास में विद्यालय और अभिभावकों की संयुक्त भूमिका महत्वपूर्ण है। उपप्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने परिषद के महत्व एवं उसकी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी शंकर ने किया। अंत में उपप्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने उपस्थित अभिभावकों, नवनिर्वाचित सदस्यों एवं शिक्षक प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### सोमवार को चंद्रमौलेश्वर का श्रृंगार किया

**खाचरोद।** नगर के प्राचीन श्री नीलकंठेश्वर मंदिर पर सावन के दूसरे सोमवार पर मावे का महाकाल स्वरूप का श्रृंगार किया गया। मंदिर में भक्तों का दर्शन का ताता लगा रहा। शाम को महाआरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया।

## जनता के हक-अधिकारों की लड़ाई संसद से सड़क तक लड़ रही कांग्रेस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरौद



नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र के खाचरौद ब्लॉक के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार के मुख्य आतिथ्य तथा पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय, खाचरौद में आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन के आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार ने कहा कि कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत राहुल गांधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत एवं सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं से होती है। प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में जनता से सीधा संवाद स्थापित करे, उनकी समस्याओं को समझे और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाए। कांग्रेस को गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के युवाओं के हक और अधिकारों के लिए लगातार सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की समस्याओं और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है। युवाओं के संघर्ष और कांग्रेस के आंदोलन को उन्होंने लोकतंत्र में जनता की ताकत बताया।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवीसिंह चन्द्रवंशी, रमेश लाला पाटीदार, मांगुसिंह गुर्जर, राजेन्द्रसिंह पंवार, निर्भयराम चन्द्रवंशी, अर्जुन पहलवान, रविन्द्र कटारिया, गुड्डु धानक, निर्भयराम कीर, महेन्द्र आंजना, महेन्द्र गुर्जर, मोहनलाल सोलंकी, सर्वेश कपूर सहित सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

#### इन्होंने किया संबोधित

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी परशुराम सिसौदिया, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह पंवार, पीसीसी सदस्य अनोखीलाल सोलंकी, राधे जायसवाल, संतोष बरखेडावाला, चन्द्रप्रकाश चौरडिया, धारासिंह सुरेल, ब्लॉक अध्यक्ष जीवन ढोला पाटीदार, युकां विधानसभा विरमसिंह गुर्जर, विजारत अली हाशमी, स्वरूपनारायण चतुर्वेदी आदि ने सम्बोधित किया।



### जगोटी में निकली तिरंगा गौरव यात्रा

**जगोटी।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा मंगलवार को चौक बाजार जगोटी से तिरंगा गौरव यात्रा निकाली गई। यात्रा जगोटी के विभिन्न वार्डों से होती हुई घोसला पहुची जहां विभिन्न गांवों से आई तिरंगा यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन दिया। जगोटी में तिरंगा यात्रा की शुरूआत करते हुए वरिष्ठ नेता कैलाश काका गट्टानी ने कहा यह यात्रा आम लोगों में राष्ट्रीय स्वाभिमान की प्रेरणा देगी। इस अवसर पर संजय अगाल, सरपंच राहुल मुकाती, यशवंत सिंह बापू, कचरूलाल टेलर, डा अशोक पांचाल, मेहरबान सिंह ठाकुर, शंकरलाल राठोड़, रामचंद्र चौधरी, रतनलाल परमार, जगदीश शर्मा, लक्ष्मण सिंह, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। संचालन नरेंद्र पोरवाल ने किया।

### मिनावदा और कसारी गांव से निकली भव्य कलश कावड़ यात्रा



**महिदपुर रोड।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को रिमझिम बरसते पानी में ग्राम मिनावादा तथा कसारी गांव से बड़ी संख्या में कावड़ यात्री ग्राम झरावदा स्थित झरादेश्वर महादेव मंदिर कावड़ यात्री के रूप में अपने गांवों के मंदिर से गंगाजल युक्त जल अपने कावड़ में लेकर जलाभिषेक करने निकले। खेड़ापति हनुमान बालाजी सरकार मिनावदा से ग्रामवासियों ने चतुर्थ वर्ष भी कलश कावड़ यात्रा का निकाली। इसी तरह ग्राम कसारी से भौनवग्रह मित्र मंडल द्वारा चौथे वर्ष शिवभक्तों की टोली कावड़ लेकर यात्रा में शामिल हुई। आयोजकों के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये यात्रा मार्ग में भोजन एवं फलाहार की व्यवस्था की गई थी।

### 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर जनपद पंचायत सभागृह में बैठक संपन्न



**जीरापुर।** आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में गरिमामय, व्यवस्थित एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर जनपद पंचायत सभागृह जीरापुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में प्रभात फेरी के समय एवं मार्ग, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। कक्षा 1 से 5 तक के छोटे बच्चों को प्रभात फेरी में शामिल नहीं किए जाने की व्यवस्था पर भी विचार किया गया, ताकि बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा सके। इसके साथ ही 15 अगस्त को प्रत्येक विद्यालय में नुक्ति वितरण सुनिश्चित करने तथा इसकी जांच खाद्य विभाग द्वारा किए जाने की बात कही गई। सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में राष्ट्रीय पर्व के दौरान राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान की गरिमा बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया।


### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टेलर का स्वागत



**बड़नगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का सोमवार को बड़नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजयुमो नेता हर्षित पंड्या के नेतृत्व में प्रतीक चिह्न भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया गया। उस अवसर पर सुंदराबाद से आयोजित होने वाली आगामी कावड़ यात्रा एवं तिरंगा यात्रा का निमंत्रण प्रदेश अध्यक्ष को दिया।आपके साथ युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री अमन राय, एवं मोर्चे के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सुन्दराबाद सरपंच प्रतिनिधि अजय पण्ड्या सजग, घनश्याम पण्ड्या, मोदी सेना अध्यक्ष दीपक पण्ड्या, प्रणव राठौड़, लोकेन्द्र शर्मा, विकास कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय सतना मे प्रवेश का अंतिम तिथि घोषित

**तराना।** दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से सूदूर ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षा से वंचित एवं शासकीय सेवारत लोगो को अपनी स्नानोत्तर एवं परास्नानोत्तक उपाधी पुर्ण करने के लिए एवं शासकीय कर्मचारीयों को अपनी योग्यता बढ़ाने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी करने एवं ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे छात्र छात्रा जो किन्ही कारणो से अपनी डीग्री पुरी नही कर पाए उन्हे विश्वविद्यालय द्वारा बीए, बी.कॉम, एम.ए, एम.काम, बी.एस.सी,एम.एससी. एवं डिप्लोमा कोर्सेस में एडमिशन लेकर अपनी शैक्षणिक योग्यता बड़ाने का विशेष अवसर प्रदान किया है जिसके सत्र जुलाई 2026-27 मे प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है जल्द अपना पंजीयन कर अपना साल बचाएं उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के जिला समन्वयक पटेल गजेन्द्र सिंह रावल संचालक लक्ष्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज तराना द्वारा दी गई ।



## ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जहां विश्राम करते हैं भगवान शिव

**मध्य प्रदेश के नर्मदा तट पर स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की धार्मिक महत्ता का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि यहां शिव के शयन की परंपरा इसे विशिष्ट बनाती है। स्कंद और शिव पुराण में वर्णित यह चौथा ज्योतिर्लिंग समस्त तीर्थयात्राओं की पूर्णता के लिए अनिवार्य माना जाता है।**

सावन का महीना चल रहा है। सभी श्रद्धालु महादेव की पूजा-अर्चना और प्रभु की कृपा पाने में लगे हैं। कई लोग सावन के महीने में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के लिए जाते हैं, इन्हीं से एक है चौथा ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर है। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का वर्णन स्कंद पुराण, शिव पुराण और वायु पुराण जैसे प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में भी देखने को मिलता है। मध्य प्रदेश के नर्मदा नदी के उत्तरी तट पर स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, जो कि इंदौर से करीब 77 किलोमीटर की दूरी पर बसा हुआ है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, यहां पर रोजाना तीनों लोकों की यात्रा के बाद भगवान शिव विश्राम करने के लिए आते हैं। इसलिए इस मंदिर में भगवान शिव के विश्राम व्यवस्था, अनुष्ठान और शयन दर्शन का ध्यान रखा जाता है। आइए आपको यहां के इतिहास के बारे में बताते हैं।

### ओंकारेश्वर के दर्शन नहीं किए तो तीर्थ यात्रा अधूरी मानी जाती है

हिंदू धर्म में सभी तीर्थ यात्रा के दर्शन के बाद ओंकारेश्वर के दर्शन करना व पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। यहां पर तीर्थ यात्री सभी तीर्थों का जल लेकर ओंकारेश्वर धाम में शिवलिंग पर जला अर्पित करते हैं, तभी सभी तीर्थ पूर्ण माने जाते हैं। वरना वे यात्रा अधूरी मानी जाती है।

### मंदिर में 3 समय होती है आरती

बता दें कि, ओंकारेश्वर में कई मंदिर स्थित है। नर्मदा के दोनों दक्षिणी व उत्तरी तटों पर मंदिर बसे हैं। ओंकारेश्वर में ओमकार पर्वत का परिक्रमा पथ करीब 7 किलोमीटर लंबा मार्ग है, जो कि पक्के सीमेंट से बना है। रास्ते भर मन मोह लेने वाले नजारे देखने को मिलते हैं। परिक्रमा पथ पर सुंदर संगम स्थल भी हैं।

ओंकारेश्वर मंदिर में रोजाना 3 पूजा होती है। तीनों ही पूजा कराने के लिए अगल-अलग पुजारी है। सुबह के समय ट्रस्ट के पुजारी, दोपहर के समय सिंधिया घराने के पुजारी और शाम की पूजा में होलकर स्टेट के पुजारी पूजा करते हैं।

हर सोमवार को एक पालकी पर भगवान ओंकारेश्वर की तीन मुखों वाली सोने की मूर्ति को रखकर जुलूस निकाला जाता है। इस भव्य नजारे को देखने के लिए स्थानीय लोगों को भगवान के दर्शन प्राप्त होते हैं।

जानिये किस द्रव्य से बने शिवलिंग के पूजन से क्या लाभ होता है?

## विभिन्न द्रव्यों से बनते हैं 'पार्थिव' शिवलिंग

**भारत वर्ष में 'पार्थिव' पूजा के साथ ही विशेष स्थानों में पाषाणमय शिवलिंग प्रतिष्ठित और पूजित होते हैं। ये अचल मूर्तियां होती हैं। वाणलिंग या सोने-चांदी के छोटे लिंग जंगम कहलाते हैं। इन्हें प्राचीन पाशुपत-सम्प्रदाय एवं लिंगायत-सम्प्रदाय वाले पूजा के व्यवहार में लाने के लिए अपने साथ भी रखते हैं।**



शिवलिंग सम्पूर्ण वेदमय, समस्य देवमय, समस्त भूधर, सागर, गगनमिश्रित सम्पूर्ण विश्वब्रह्माण्डमय माना जाता है। वह शिवशक्तिमय, त्रिगुणमय और त्रिदेवमय भी सिद्ध होने से सबके लिए उपास्य है। इसलिये सृष्टि के प्रारम्भ से ही समस्त देवता, ऋषि, मुनि, असुर, मनुष्यादि विभिन्न ज्योतिलिंगों, स्वयंभूलिंग, मणिमय, रत्नमय, धातुमय, मृण्मय, पार्थिव तथा मनोमय आदि लिंगों की उपासना करते आये हैं। स्कन्दपुराण के अनुसार इसी उपासना से इन्द्र, वरूण, कुबेर, सूर्य, चंद्र आदि का स्वर्गाधिपत्य, राजराजाधिपत्य, दिक्पालपद, लोकपालपद, प्राजापत्य पद तथा पृथ्वी पर राजाओं के सार्वभौम चक्रवर्ती साम्राज्य की प्राप्ति होती आयी है। मार्कण्डेय, लोमश आदि ऋषियों के दीघार्युष्टव, नैरुज्य, ज्ञान-विज्ञान तथा अणिमादिक अष्ट ऐश्वर्यों की सिद्धि का मूल कारण भी योगयोगेश्वर भगवान शंकर के मूल प्रतीक लिंग का विधिवत पूजन ही रहा है।

भारत वर्ष में 'पार्थिव' पूजा के साथ ही विशेष स्थानों में पाषाणमय शिवलिंग प्रतिष्ठित और पूजित होते हैं। ये अचल मूर्तियां होती हैं। वाणलिंग या सोने-चांदी के छोटे लिंग जंगम कहलाते हैं। इन्हें प्राचीन पाशुपत-सम्प्रदाय एवं लिंगायत-सम्प्रदाय वाले पूजा के व्यवहार में लाने के लिए अपने साथ भी रखते हैं। लिंग विविध द्रव्यों के बनाये जाते हैं। गरूण पुराण में इसका अच्छा विस्तार है। उसमें से कुछ का संक्षेप में परिचय इस प्रकार है-

1. गन्धलिंग दो भाग कस्तूरी, चार भाग चंदन और तीन भाग कुंकुम से बनाये जाते हैं। शिवसायुज्यार्थ इसकी अर्चा की जाती है। 2. पुष्पलिंग विविध सौरमय फूलों से बनाकर पृथ्वी के आधिपत्य लाभ के लिए पूजे जाते हैं। 3. गोशकृल्लिंग, स्वच्छ कपिल वर्ण की गाय के गोबर से बनाकर पूजने से ऐश्वर्य मिलता है। अशुद्ध स्थान पर गिरे गोबर का व्यवहार वर्जित है।धर्म और श्रद्धा 4. बालुकामयलिंग, बालू से बनाकर पूजने वाला विद्याधरत्व और फिर शिवसायुज्य प्राप्त करता है। 5. यवगोधूमशालिजलिंग, जौ, गेहूं, चावल के आटे का बनाकर श्रीपुष्टि और पुत्रलाभ के लिए पूजते हैं। 6. सिताखण्डमयलिंग मिस्री से बनता है, इसके पूजन से आरोग्य लाभ होता है। 7. लवणजलिंग हरताल, त्रिकटु को लवण में मिलाकर बनता है। इससे उत्तम प्रकार का वशीकरण होता है। 8. तिलपिष्टोत्थलिंग तिल को पीसकर उसके चूर्ण से बनाया जाता है, यह अभिलाषा सिद्ध करता है। 9-11. भस्मयलिंग सर्वफलप्रद है, गुडोत्थलिंग प्रीति बढ़ाने वाला है और शर्करामयलिंग सुखप्रद है। 12. वंशांकुरमय (बांस के अंकुर से निर्मित) लिंग वंशकर है। 13-14. पिष्टमय विद्याप्रद और दधिदुग्धोद्भवलिंग कीर्ति, लक्ष्मी और सुख देता है।




आईसीसी रैंकिंग में जडेजा 1556 दिन से टॉप ऑलराउंडर

## बुमराह 21 महीने से लगातार नंबर-1 टेस्ट बॉलर

### शुभमन गिल वनडे में टॉप बैटर

एजेंसी ▸▸ पटना

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह लगातार 21 महीनों से टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 बने हुए हैं। उन्होंने नवंबर 2024 में पहला स्थान हासिल करने के बाद इसे बरकरार रखा है। बुमराह के 870 रेटिंग पॉइंट्स है।

रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर्स में टॉप पर हैं। वे पिछले 1556 दिन से नंबर-1 पोजिशन पर हैं। वे पिछली बार 9 मई 2022 को टॉप पर आए थे। वहीं भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने वनडे में पहला स्थान बरकरार रखा है। पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान बाबर आजम ने बैटर्स रैंकिंग के टॉप-10 में वापसी कर ली है। बुधवार को जारी रैंकिंग में बाबर ने 5 पायदान की छलांग लगाई है। वे अब 716 रेटिंग पॉइंट के साथ 10वें नंबर पर हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट में उन्होंने सबसे ज्यादा 193 रन बनाए। दूसरे टेस्ट में 88 रन की पारी खेलने और दूसरी पारी में नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने का फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला।

### टेस्ट रैंकिंग में टॉप-10 में लौटे बाबर

बाबर आजम सितंबर 2024 की शुरूआत के बाद पहली बार टेस्ट बल्लेबाजों की टॉप-10 रैंकिंग में पहुंचे हैं। करीब दो साल बाद उन्होंने टॉप-10 में जगह बनाई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान के लिए अब्दुल्ला शफीक ने नाबाद 160 रन बनाए। इस प्रदर्शन के बाद शफीक ने टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 25 पायदान की छलांग लगाई और 32वें नंबर पर पहुंच गए। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड अभी भी नंबर-1 पर बने हुए हैं। उनके 853 रेटिंग पॉइंट हैं। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 852 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दोनों के बीच सिर्फ 1 पॉइंट का अंतर है।




## फुटबॉलर रोनाल्डो ने गर्लफ्रेंड जॉर्जिना से शादी की

**पुर्तगाल।** फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल में अपनी गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिग्ज से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने मंगलवार को कोर्ट मैरिज की। रोनाल्डो और जॉर्जिना 2016 में मैड्रिड में मिले थे। दोनों तभी से साथ हैं। दोनों के चार बच्चे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अंगूठियां पहने हुए फोटो भी शेयर की है। रोनाल्डो और जॉर्जिना ने आज से ठीक एक साल पहले 12 अगस्त 2025 को सगाई की थी। उस वक्त जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर एंगेजमेंट रिंग की फोटो शेयर की थी और कैप्शन में लिखा था, 'हां, मैं आपसे प्यार करती हूं।

## खेल मंत्रालय ने टेबल टेनिस संघ की मान्यता निलंबित की

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल मंत्रालय ने बुधवार को टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया की मान्यता निलंबित कर दी। मंत्रालय ने फेडरेशन में मैनेजमेंट से जुड़ी खामियों का हवाला दिया। मंत्रालय ने भारतीय ओलिंपिक संघ से देशभर में टेबल टेनिस का एडमिनिस्ट्रेशन संभालने के लिए कमिटी बनाने को कहा है। यह कमिटी में शासन व्यवस्था बहाल होने तक इसकी देखरेख करेगी। मंत्रालय ने कहा कि मान्यता निलंबित करने की एक वजह समय सीमा के भीतर चुनाव नहीं कराना है। फेडरेशन को पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

### नैनो न्यूज

- **अफगानिस्तान दौरे का कार्यक्रम तय-** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज सितंबर में दिल्ली में खेली जाएगी। बीसीसीआई ने कार्यक्रम घोषित किया।
- **श्रीलंका ने टीम घोषित की-** भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका ने 16 सदस्यीय टीम घोषित की। कुसल मेंडिस चोट के कारण बाहर हैं।
- **गॉफ टोरंटो सेमीफाइनल पहुंचीं-** कोको गॉफ बेलिंडा बेनसिच के हटने के बाद टोरंटो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। बेनसिच कूल्हे की चोट से परेशान हैं।
- **स्वियातेक ने सेमीफाइनल टिकट-** इगा स्वियातेक ने डायना श्नाइडर को हराकर टोरंटो ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एलिना स्वितोलिना से होगा।
- **प्रज्ञानानंदा ने सिंदारोव हराया-** आर. प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप में जावोखिर सिंदारोव को हराकर शानदार जीत दर्ज की। भारतीय ग्रैंडमास्टर की जीत चर्चा में रही।
- **अश्मिता चहलिहा ने खिताब जीता-** भारतीय शटलर अश्मिता चहलिहा ने कोरिया मास्टर्स का महिला एकल खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में चीन की हान कियानशी को हराया।
- **बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप करीब-** नई दिल्ली में 17 से 23 अगस्त तक विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप होगी। सिंधु और लक्ष्य सेन से भारतीय प्रशंसकों को बड़ी उम्मीदें हैं।

निवार से गॉल में पहला मुकाबला, धनंजय डी सिल्वा कप्तान और कमिंडू उपकप्तान होंगे

## भारत से पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका स्क्वॉड का ऐलान

### भारत को 18 साल से नहीं हरा सका श्रीलंका

एजेंसी ▸▸ कोलंबो

श्रीलंका ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। यह मुकाबला शनिवार से गॉल में शुरू होगा। धनंजय डी सिल्वा टीम के कप्तान होंगे, जबकि कमिंडू मेंडिस को उपकप्तान बनाया गया है। धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कामिंदु मेंडिस (उपकप्तान), लाहिरु उदाना, निशान मदुशका, दिनेश चांदीमल, पसिंदु सूरियाबंडारा, सोनल दिनुषा, निरोशन डिकवेला, रमेश मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, केशरा नुवंथा, मिलान रत्नायके, असिता फर्नांडो, लाहिरु कुमारा, विश्वा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका। विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की वापसी हुई है। डिकवेला ने श्रीलंका के लिए अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला साल 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इस मुकाबले के बाद से वे टेस्ट टीम से बाहर चल रहे थे।

वहीं, पेस अटैक को मजबूत करने के इरादे से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की टीम में वापसी कराई गई है। मदुशंका ने अपना इकलौता टेस्ट मुकाबला साल 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। युवा बल्लेबाज पासिंदु सूरियाबंडारा को पहली बार स्क्वॉड में शामिल किया गया है। सूरियाबंडारा को घरेलू क्रिकेट (डोमेस्टिक सर्किट) में उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है।

भारत और श्रीलंका के बीच अब तक 17 टेस्ट सीरीज खेली गई हैं। इनमें टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने 10 सीरीज जीती हैं, जबकि श्रीलंका को 3 में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच 4 सीरीज ड्रॉ रही हैं। श्रीलंका पिछले छह सीरीज से भारत को नहीं हरा सका है। उसने भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट सीरीज जीत 2008 में दर्ज की थी, यानी उसे करीब 18 साल से भारत के खिलाफ सीरीज जीत का इंतजार है।

### श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, आकिब नबी और सरफराज खान।

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

## न्यूज कॉलम

### महिला को मुंबई पुलिस का अधिकारी बन धमकाया

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद महिला से ब्लैकमेलिंग और ठगी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। महिला का आरोप है कि सोशल मीडिया पर कनाडा के एक युवक से उसकी दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच करीब एक महीने तक बातचीत हुई और उन्होंने एक-दूसरे को फोटो भी भेजे। इसके बाद आरोपियों ने मुंबई पुलिस का अधिकारी बनकर उसे फोन किया और कनाडाई दोस्त को एयरपोर्ट पर पकड़ने की बात कहकर उससे रुपए ऐंठ लिए। खजराना पुलिस के मुताबिक, रुखसाना नाम की महिला पेशे से कुक है। मई में उसकी सोशल मीडिया के जरिए संजय ठाकुर नाम के युवक से पहचान हुई थी।

### इंदौर में निजी कॉलेज की प्रोफेसर ने सुसाइड किया

**इंदौर।** तुकोगंज इलाके के एक अपार्टमेंट में निजी कॉलेज की 32 वर्षीय असिस्टेंट प्रोफेसर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि उनकी रूम पार्टनर बाहर गई हुई थी। मंगलवार देर शाम जब वह वापस लौटी तो काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, रूपायन अपार्टमेंट के फ्लैट में अपनी महिला दोस्त के साथ रहने वाली दिव्या (32) पुत्री दिलीप सोनी ने फांसी लगाकर जान दे दी। दिव्या इंदौर के विक्रांत कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर थीं और करीब दो साल से अपार्टमेंट में रह रही थीं। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### हरिराम हत्याकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**धार।** धार के सरदारपुर के ग्राम धुलेट निवासी हरिराम गेहलोत हत्याकांड में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर विरोध तेज हो गया है। घटना के 10 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज सर्वसमाज के लोगों ने मंगलवार को राजगढ़ में प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल के नेतृत्व में दोपहर करीब 2 बजे नगर पालिका परिसर से रैली निकाली गई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए थाना राजगढ़ के सामने स्थित मैला मैदान पहुंची। यहां करीब दो घंटे तक धरना दिया गया। प्रदर्शन में हरिराम गेहलोत के परिजन, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई।

### कार डिवाइडर पर पलटी, भारी मात्रा में सिगरेट-गुटखा मिला

**धामनोद।** धामनोद थाना क्षेत्र में मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मारुति कार डिवाइडर पर पलट गई। यह घटना बुधवार को क्यूब कंपनी, आइसर कंपनी और खाटू श्याम मंदिर के पास हुई। कार वाहन की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलटी। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहत की बात यह रही कि कार चालक पूरी तरह सुरक्षित है और उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों ने जब पलटी हुई कार को देखा, तो उसमें भारी मात्रा में सिगरेट और गुटखा-मसाला के पाउच भरे हुए मिले। सूचना मिलने पर धामनोद थाना पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस फिलहाल टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। साथ ही, कार में मिली सिगरेट और मसाले के सामान की बड़ी मात्रा के संबंध में भी जांच और कार्रवाई की जा रही है।

#### पालदा की उमापति इंडस्ट्रीज में खाद्य सुरक्षा टीम पहुंची

# एनालॉग पनीर पर कार्रवाई, 450 किलो लो-फैट पनीर किया जब्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध के निर्देश के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को विभाग की टीम ने पालदा स्थित उमापति इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया। यहां लो-फैट पनीर बनाने और पैकिंग का काम चल रहा था। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों से जुड़ी कई खामियां सामने आने पर टीम ने 450 किलोग्राम पनीर जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.17 लाख बताई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में प्राकृतिक दूध से बने पनीर और डेयरी उत्पादों को प्रोत्साहित किया जाएगा और एनालॉग पनीर को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने इंदौर में एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

### निर्माण तत्काल बंद कराया

निरीक्षण में परिसर की परिस्थितियां पनीर निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों का निर्माण तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। मौके से पनीर का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फैक्ट्री में मिलीं ये खामियां

- मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान परिसर में ड्रेनेज व्यवस्था उचित नहीं मिली। दीवारें गंदी थीं। रॉ मैटेरियल को निर्धारित तरीके से पैलेट्स पर नहीं रखा गया था और भंडारण व्यवस्था भी अव्यवस्थित मिली।
- इसके अलावा खाद्य पदार्थ के लेबल पर दर्ज न्यूट्रिशनल इंफॉर्मेशन से संबंधित जांच रिपोर्ट मौके पर उपलब्ध नहीं थी। पनीर की सामग्री सूची में पानी के इस्तेमाल का उल्लेख था, लेकिन निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे पानी की जांच रिपोर्ट भी नहीं मिली।

#### खजराना गणेश मंदिर में नोटों की गिनती, 4 सीसीटीवी से रख रहे नजर

# 17 दान पेटियों से निकले 72 लाख, 23 खुलना बाकी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में दान पेटियों की काउंटिंग की जा रही है। पिछले तीन दिन से ये काउंटिंग चल रही है। कल तक 17 दानपेटियों से 72 लाख रुपए निकले थे। जिन्हें जमा कराया गया है। बुधवार को भी मंदिर में दान पेटियों से नोटों की गिनती की जा रही है। आज कितनी काउंटिंग हुई इसका आंकड़ा शाम तक स्पष्ट हो सकेगा।

खजराना गणेश मंदिर लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। यहां पर रोजाना बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन करने आते है। कई भक्त शहर के बाहर से भी यहां भगवान के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेने आते है। यहां आने वाले भक्त अपनी श्रद्धा-भक्ति से दान अर्पित करते हैं।



**17 दान पेटियों में 72 लाख रुपए-** मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मंदिर में दान पेटियों में आई राशी की काउंटिंग की जा रही है। मंगलवार तक 17 दान पेटियां खोली जा चुकी थी, जिसमें 72 लाख रुपए निकले थे, जिन्हें जमा किया जा चुका है। मंदिर परिसर में 40 दान पेटियां है, इनकी भी काउंटिंग की जाएगी।

### 4 सीसीटीवी कैमरे और वीडियो शुटिंग भी

जहां पर काउंटिंग चल रही है वहां पर 4 सीसीटीवी कैमरे लगे है। इसके साथ ही यहां पर एक वीडियोग्राफर भी मौजूद है, जो घूम-घूम कर वीडियो रिकॉर्डिंग करता है। जहां से दान पेटियां लाई जाती है वहां पर भी वीडियो ग्राफर वीडियो रिकॉर्डिंग करता है।

### मार्च में खुली दान पेटियों से 1 करोड़ 35 लाख निकले थे

पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि इसके पहले मार्च महीने में दान पेटियों को खोला गया था। उस दौरान 1 करोड़ 35 लाख रुपए दान पेटियों में निकले थे। जिन्हें जमा करा दिया गया था। ये दान राशि पिछले चार महीने की थी।

# भोजशाला प्रवेश मार्ग पर आवागमन रोकने की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार**

धार में भोज उत्सव समिति ने बुधवार को कलेक्टर राजीव रंजन मीना को ज्ञापन सौंपा। समिति ने भोजशाला परिसर के प्रवेश मार्ग पर मुस्लिम समाज की आवाजाही और गतिविधियों को रोकने की मांग की। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने की अपील की। समिति के महामंत्री सुमित चौधरी ने बताया कि 14 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम समाज को भोजशाला के पास खसरा नंबर 612 की जमीन पर शुक्रवार को नमाज अदा करने की अनुमति दी थी। आदेश में भोजशाला में आने-जाने वाले मार्ग को बाधित नहीं करने के निर्देश भी दिए गए थे। समिति का आरोप है कि इसके बावजूद शुक्रवार को नमाज के दौरान भी इस मार्ग से आवागमन जारी रहता है। इससे भोजशाला आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। समिति ने आशंका जताई कि इससे विवाद की स्थिति बन सकती है और शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। समिति ने प्रशासन से मांग की कि भोजशाला के प्रवेश मार्ग को पूरी तरह बाधामुक्त रखा जाए। साथ ही अनावश्यक आवागमन और गतिविधियों को रोका जाए, ताकि श्रद्धालुओं के लिए रास्ता सुगम रहे और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का सख्ती से पालन हो।

## बगीचे में जैन संत का अंतिम संस्कार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में केसर बाग रोड स्थित आचार्य विद्यासागर बगीचे में बुधवार सुबह जैन संत के अंतिम संस्कार की सूचना से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, बगीचे में 80 वर्षीय जैन संत का अंतिम संस्कार किया गया। सार्वजनिक बगीचे में दाह संस्कार की जानकारी मिलते ही स्थानीय रहवासी मौके पर पहुंचे और विरोध जताया। जानकारी के अनुसार, 80 वर्षीय जैन संत वर्षा योग (चातुर्मास) के लिए क्षेत्र में ठहरे हुए थे। इसी दौरान उनका निधन हो गया। इसके बाद उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू की गईं। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात जैन समाज के कुछ लोग उद्यान में अंतिम संस्कार करने की अनुमति मांगने थाने पहुंचे थे। पुलिस ने सार्वजनिक उद्यान में अंतिम संस्कार की अनुमति देने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया था।

## कबाड़ की आड़ में चोरी की गाड़ियाँ बेचीं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

चोरी की गाड़ियों के इंजन और पार्ट्स खरीदकर बेचने के मामले में क्राइम ब्रांच इंदौर ने फरार चल रहे आरोपी फहीम अंसारी (34) को गिरफ्तार किया है। बुधवार को क्राइम ब्रांच ने इसका खुलासा किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्क्रैप हाइड्रोलिक मशीन जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत 2.50 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी के गोदाम को भी पुलिस ने सील कर दिया। मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी अल्ताफ अंसारी के गोदाम को भी सील किया गया है।




























मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com